नई दिल्ली
नई दिल्ली, रविवार 29 दिसंबर 2019
पौष मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 23, अंक : 283
पृष्ठ 12+4 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 10.5
न्यून. 1.7

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



10 भारोत्तोलक सीमा डोपिंग में 4 साल के लिए प्रतिबंधित

### स्कूटी पर बैठकर पूर्व आईपीएस अफसर के घर पहुंची कांग्रेस महासचिव

# महिला पुलिसकर्मी ने मेरा गला दबाया और गिरा दिया: प्रियंका

एजेंसी लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को यूपी पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि नये नागरिकता कानून के खिलाफ हाल में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किये गये पूर्व पुलिस अधिकारी के घर जाते वक्त उन्हें रोकने की कोशिश कर रही पुलिस ने उनका 'गला दबाकर उन्हें गिराया।

प्रियंका ने संवाददाताओं से कहा कि वह नये नागरिकता कानून के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार किये गये सेवानिवृत्त आईपीएस अफसर एस.आर. दारापुरी के परिजन से मुलाकात करने के लिये पार्टी राज्य मुख्यालय से निकली थीं। रास्ते में लोहिया चौराहे पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं गाड़ी से उतरकर पैदल चलने लगी। मुझे घेरा गया और एक महिला पुलिसकर्मी ने मेरा गला दबाया। मुझे धक्का दिया गया और मैं गिर गयी। आगे चलकर फिर मुझे पकड़ा तो मैं एक कार्यकर्ता के टू-व्हीलर से निकली। उसे भी गिरा दिया गया। प्रियंका ने कहा कि दारापुरी 77 साल के पूर्व पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन के लिये फेसबुक पर पोस्ट डाली थी। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनकी बीवी बहुत बीमार हैं। यह सब किसलिये? क्योंकि आपकी नीति उन्हें पसंद नहीं है? कांग्रेस महासचिव ने अपने फेसबुक पेज पर भी यही बात लिखते हुए कहा कि मगर मेरा निश्चय अटल है। मैं उत्तर प्रदेश में पुलिस दमन का शिकार हुए हरेक नागरिक के साथ खड़ी हूं। मेरा सत्याग्रह है। भाजपा सरकार कायरों वाली हरकत कर रही है। मैं उत्तर प्रदेश की प्रभारी हूं और मैं प्रदेश में कहां जाऊंगी ये भाजपा सरकार नहीं तय करेगी।



#### यूपी में गुंडाराज, राष्ट्रपति शासन लगाया जाए: कांग्रेस

कांग्रेस ने लखनऊ में प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ पुलिस द्वारा 'धक्कामुक्की' किये जाने और राज्य में गुंडाराज होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। पार्टी प्रवक्ता सुष्मिता देव ने यह भी कहा कि प्रियंका के साथ पुलिस ने जो व्यवहार किया है उसकी जांच भी होनी चाहिए।

#### महिला पुलिस अधिकारी ने प्रियंका के आरोपों को गलत बताया

इस मामले में यूपी पुलिस की महिला अधिकारी (सीओ, हजरतगंज) अर्चना सिंह ने कहा कि प्रियंका गांधी ने पहले से तय रास्ते से न जाकर दूसरे रास्त पर पहुंच गईं। इसके बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके काफिले को रोकना पड़ा। अर्चना सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रियंका गांधी का गला पकड़ना और उन्हें गिराने जैसी कुछ भ्रामक बातें प्रसारित किया जा रहा है जो की पूरी तरह झूठी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने ईमानदारी से अपने ड्यूटी को निभाया।

#### विदेशी जूठन से पलने वालों की साजिश में न आए लोग



'ऐसे लोग अगर नहीं सुधरेंगे तो वहीं जाएंगे जहां उन्हें जाना है। जो विदेशी जूठन से पलते हैं ऐसे लोगों की साजिश में लोगों को नहीं आना चाहिए।'
योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

#### '...तब मैंने कहा इतनी नफरत है तो पाकिस्तान चले जाएं'

नई दिल्ली। मेरठ के एसपी सिटी का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों को पाकिस्तान जाने की हिदायत दी थी। जिसके बाद मेरठ के एसपी सिटी अखिलेश नारायण सिंह की सफाई आई है। वीडियो वायरल होने पर मेरठ के एसपी अखिलेश नारायण सिंह ने कहा कि कुछ लड़कों ने हमें देखते ही पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए और गली के अंदर भाग गए तो ये साफ़ हो गया कि ये बवाल करा सकते हैं। पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने का तरीका गलत था, उपद्रवियों ने फोर्स को देखते ही पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे तो तभी मैंने उनसे ये कहा कि अगर आप पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं और भारत से इतनी नफरत करते हैं कि आप पत्थर फेंकते हैं तो पाकिस्तान चले जाए। हम उनकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

#### एडीजी ने किया बचाव

मेरठ जोन के एडीजी प्रशांत कुमार ने भी एसपी का बचाव करते हुए कहा है कि वहां भारत विरोधी एवं पड़ोसी देश जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। उन्होंने उपद्रवियों से कहा था आप जाना चाहते हैं तो कहीं भी जाए लेकिन यहां उपद्रव ना करें।

#### सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारी का धमकी देने वाला वीडियो हुआ वायरल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मेरठ में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का लोगों को धमकी भरा वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि भाजपा ने संस्थाओं में सांप्रदायिकता का जहर किस हद तक घोल दिया है कि अफसरों को संविधान की कसम की भी कद्र नहीं रह गई। प्रियंका ने अपने ट्वीट में मेरठ का एक वीडियो टैग किया जिसमें मेरठ के पुलिस अधीक्षक (नगर) अखिलेश नारायण सिंह एक समुदाय विशेष के लोगों को पाकिस्तान चले जाने को कहते दिख रहे हैं। वीडियो में सिंह गली में खड़ी टोपी लगाये कुछ लोगों से कह रहे हैं कि खाओगे यहां और गाओगे कहीं और का।

## शीतलहर से ठिठुरे लोग

### कोहरे से वाहनों की आवाजाही पर पड़ा असर



हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को मौसम का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह न्यूनतम तापमान गिरकर 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा जिससे दृश्यता कम हो गयी और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही पर असर पड़ा।

मौसम विज्ञान विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अन्य वेधशालाओं में दर्ज तापमान इस प्रकार रहा पालम में 3.1 डिग्री से., लोधी रोड पर 1.7 डिग्री से., आया नगर में 1.9 डिग्री से...घने कोहरे के कारण पालन वेधशाला इलाके में शून्य दृश्यता रही। इसके पास ही हवाईअड्डा स्थित है। हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाईअड्डे से चार विमानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि विमान सीएटी 3 बी शर्तों के तहत उड़ान भर रहे हैं, जिसका मतलब है कि रनवे की दृश्यता सीमा 50 मीटर से 175 मीटर के बीच है.आईएमडी में वरिष्ठ मौसम विज्ञानी कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में शीतलहर चलने और अत्यधिक ठंड रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि 1992 से लेकर अब तक सफदरजंग वेधशाला में 30 दिसंबर 2013 को न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री से। और 11 दिसंबर 1996 को 2.3 डिग्री से. दर्ज किया गया। 1930 में 27 दिसंबर को शून्य डिग्री तापमान दर्ज किया गया था जो कि रिकॉर्ड है।

## खबर संक्षेप

### तीन तलाक पीड़ितों को हर साल 6000 रुपये देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं और और हिंदू परित्यक्ताओं के लिए पेंशन का प्रस्ताव लेकर आई है। नए साल में योगी सरकार प्रति वर्ष तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं और हिंदू परित्यक्ताओं को 6000 रुपए देने जा रही है। जानकारी के मुताबिक 500 रुपए मासिक के तौर पर यह रकम तीन तलाक से पीड़ित और पतियों से परित्यक्त औरतों को दी जाएगी। सरकार ने इस योजना का पूरा प्रस्ताव तैयार कर लिया है और इसे अगले कैबिनेट में लाने की पूरी तैयारी है। फिलहाल तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं और हिंदू परित्यक्ता औरतों की 5 हजार की सूची तैयार है जिन्हें मार्च के अंत तक पहली किस्त दी जाएगी।

### सोमालिया में ट्रक बम विस्फोट, 76 की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी में एक सुरक्षा जांच चौकी एवं कराधान कार्यालय पर शनिवार सुबह हुए एक ट्रक बम विस्फोट में कम से कम 76 लोग मारे गए। यह हमला हाल के वर्षों में मोगादिशु में हुए भीषणतम हमलों में से एक है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार के विस्फोट को देखकर उन्हें 2017 में हुए विस्फोट की याद आ गई जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। निजी आमीन एंबुलेंस सेवा के निदेशक अब्दूकादिर अब्दीरहमान ने एएफपी से कहा कि 76 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और 70 अन्य घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी इब्राहीम मोहम्मद ने विस्फोट को 'भयावह' करार दिया। मारे गए लोगों में से ज्यादातर विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के छात्र बताए जाते हैं जो अपनी कक्षाओं के लिए निकले थे। इब्राहीम ने कहा कि हमने दो तुर्क नागरिकों के मरने की भी पुष्टि की है जो संभवतः सड़क निर्माण से जुड़े इंजीनियर थे। हमें अभी यह नहीं पता कि वे घटनास्थल से गुजर रहे थे या फिर इस क्षेत्र में रहते थे। मोगादिशु के मेयर उमर महमूद मोहम्मद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मरने वालों की सटीक संख्या का अभी पता नहीं है।

## कैलेंडर लांच...



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृतियों को समर्पित राज्यसभा का आगामी वर्ष का कैलेंडर पूरे साल बापू की प्रेरणाओं से प्रेरित करेगा। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने शनिवार को 2020 के राज्यसभा के कैलेंडर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत और तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर राय सहित उच्च सदन के अन्य सदस्य मौजूद थे। **फोटो : एजेंसी**

### नियम में किया गया बदलाव

## अब 18 के बाद वीआरएस ले सकेंगे सेना के जवान

- अभी तक 'वीक्यूएस' सेवा सत्यापन 25 साल की नौकरी के बाद होता था

एजेंसी नई दिल्ली

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में वीआरएस यानी स्वैच्छिक रिटायरमेंट लेने की राह आसान बनाई जा रही है। वीआरएस लेने के लिए जरूरी सेवा सत्यापन (वेरिफिकेशन ऑफ क्वालिफाइंग सर्विस) 'वीक्यूएस', जो पहले 25 साल की नौकरी पूरी होने के बाद होता था, अब वह 18 साल की सेवा के बाद किया जाएगा। सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, असम राइफल्स और एनएसजी में संबंधित विभाग 18 साल के बाद कर्मी की प्रशासनिक समीक्षा करेगा। इससे पहले 'वीक्यूएस' 25 साल में होता था।

### 3 जनवरी को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगा भारतीय मजदूर संघ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने कहा है कि वह विनिवेश, निजीकरण और कॉन्ट्रैक्ट पर रोजगार जैसी सरकार की नीतियों के खिलाफ तीन जनवरी को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगा। बीएमएस ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि हम सरकार को सजग करने के लिये तीन जनवरी 2020 को सभी जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन करेंगे। संगठन ने बयान में कहा कि वह दिल्ली में जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन करेगा।

### पेजावर मठ के प्रमुख की हालत नाजुक : डॉक्टर

**बेंगलुरु।** पेजावर मठ के प्रमुख विश्वेश तीर्थ स्वामी जी की हालत गंभीर है और डॉक्टरों ने शनिवार को कहा कि उनकी हालत बिगड़ती जा रही है। पेजावर मठ उडुपी के 'अष्ट' मठों में से एक है। मठ के अधिकारियों ने कहा कि स्वामी जी की इच्छा के अनुसार रविवार को उन्हें अस्पताल से मठ ले जाने का फैसला किया है। स्वामी जी के कनिष्ठ विश्वप्रसन्ना तीर्थ स्वामीजी ने कहा कि उनका इलाज मठ में जारी रहेगा। मणिपाल के कस्तूरबा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा कि श्री विश्वेश तीर्थ स्वामी जी की हालत बहुत गंभीर है और उनकी स्थिति बिगड़ती जा रही है। वे अचेत हैं और जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं।' स्वामी (88) को सांस लेने में कठिनाई की शिकायत के बाद 20 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और तब से वह गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में हैं।

## कोटा में बच्चों की मौत पर गहलोत की दलील- इस साल कम मौतें, ये कोई नई बात नहीं

एजेंसी कोटा

राजस्थान के कोटा में जेके लॉन अस्पताल में महज 48 घंटों में 10 बच्चों की मौत से जयपुरसे लेकर दिल्ली तक हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एचएल मीणा को हटा उनकी जगह डॉ. सुरेश दुलारा को नया अधीक्षक बनाया गया है।

वहीं बच्चों की मौत पर मीडिया से बात करते हुए सीएम गहलोत ने चौंकाने वाला बयान दिया। सीएम ने कहा कि बीते सालों के मुकाबले इस साल बच्चों की मौतें कम हुई हैं। ये कोई नई बात नहीं है। मीडिया से बात करते हुए राजस्थान के सीएम



अशोक गहलोत ने कहा कि सबसे कम मौत 6 साल में इस साल हुई हैं। एक भी बच्चे की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन एक साल के अंदर 1500-1300 मौतें भी हुई हैं। लेकिन इस साल करीब 900 बच्चों की मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि ये 900 मौतें भी क्यों हुई हैं। ये भी नहीं होनी चाहिए. लेकिन पूरे देश के अंदर, पूरे प्रदेश के अंदर, हर अस्पताल के अंदर 4-5 मौतें होती ही हैं, ये कोई नई बात नहीं है। जयपुर में भी होती है। इसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### दिसंबर महीने में अभी तक 77 बच्चों की मौत

जेके लॉन अस्पताल में दिसंबर महीने में अभी तक 77 बच्चों की मौत हो चुकी है। इधर बच्चों की मौत पर राजनीतिक पार्टियों के बीच ट्वीटर वार शुरू हो चुका है। कोटा से सांसद और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इस पर चिंता जताते हुए ट्वीट कर कहा कि राज्य सरकार इस मामले में फौरन कार्रवाई करे। जबकि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने भी इस मामले में सरकार पर सवाल उठाए हैं।

## आर्मी चीफ रावत पर भड़के चिदंबरम

### कहा- आप सेना का काम संभालिए, राजनीति हमें करने दें

एजेंसी नई दिल्ली

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने देश के आर्मी चीफ बिपिन रावत को दो टूक कहा है कि उन्हें नेताओं को सलाह नहीं देनी चाहिए, वे सेना के जनरल हैं और उन्हें अपने काम से काम रखना चाहिए।

तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस के स्थापना दिवस पी चिदंबरम ने सरकार पर भी हमला बोला। पी चिदंबरम ने कहा कि डीजीपी और आर्मी के जनरलों को सरकार को सपोर्ट करने को कहा जा रहा है, ये शर्म की बात है। कांग्रेस पार्टी 135वें स्थापना दिवस के मौके पर तिरुवनंतपुरम में एक रैली में पी चिदंबरम ने कहा कि



डीजीपी, आर्मी जनरल को सरकार को सपोर्ट करने को कहा जा रहा है... ये शर्मनाक है... मुझे जनरल रावत से अपील करना है कि आप आर्मी के मुखिया हैं और अपने काम से काम रखिए... जो नेताओं को करना है वो नेता ही करेंगे। ये आर्मी का काम नहीं है कि वे नेताओं से कहें कि हमें क्या करना चाहिए... जैसा कि ये हमारा काम नहीं है कि हम आपको बताएं कि युद्ध कैसे लड़ा जाए? यदि आप एक जंग लड़ रहे हैं तो हम आपको नहीं कहते हैं कि युद्ध इस तरह लड़िए। आप युद्ध अपने दिमाग से लड़ते हैं। इस देश में राजनीति हम चलाएंगे।

### वित्तमंत्री के साथ बैठक में शामिल हुए सीबीआई डायरेक्टर

## बैंकों को डरने की जरूरत नहीं, 3 करोड़ से अधिक के मामले ही सीबीआई को दिए जाएंगे

एजेंसी नई दिल्ली

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुख्य प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें शामिल हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के डायरेक्टर ने वादा किया कि उचित फैसले लेने वाले बैंक अफसरों को अब सीबीआई का डर नहीं होगा।

बैठक में तय हुआ कि सीबीआई की तरफ से भेजे जाने वाले हर नोटिस में एक यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर होगा, जिससे यह पता लगेगा कि सीबीआई द्वारा भेजा हुआ नोटिस




ऑथेंटिक है। जायज कमर्शियल रीजन से फेल होने वाले बिजनेस के लिए की जाने वाली जांच एजेंसी की कार्रवाई ज्यादा संवेदनशील होगी। बैंक ऑफिसर्स को सही फैसले लेने में सीबीआई का डर नहीं होगा। किसी भी प्रोजेक्ट या बिजनेस से संबंधित बोनाफाइड फैसलों के लिए उन्हें अलग से ट्रीटमेंट की सुविधा मिलेगी। यानी कुछ रियायत मिलेगी। इसके अलावा सीबीआई बैंक ऑफिसर्स के साथ कई वर्कशॉप आयोजित करेगी, जिसमें बताया जाएगा कि फ्रॉड को किस तरह से रोकें और सही फैसले किस तरह से लें? गलत फैसले क्या होते हैं? इसकी भी जानकारी दी जाएगी। साधारणतया 3 करोड़ रुपये से ज्यादा के मामले बैंकों के द्वारा ही सीबीआई को दिए जाएंगे। सीबीआई अपनी तरफ से सूओमोटो केस रजिस्टर नहीं करेगी। वहीं, बैंकों के अंदर ही कई तरीके की विजिलेंस शिकायतों पर बैंक के जनरल मैनेजर लेवल पर कमेटी डिसाइड करेगी कि उनके खिलाफ किस तरह के कदम उठाने हैं।

### आर्थिक सुस्ती के बाद भी वित्तीय प्रणाली स्थिर: आरबीआई

देश की आर्थिक विकास दर में सुस्ती के बावजूद वित्तीय प्रणाली स्थिर बनी हुई है। यह जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी ताजा फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट (एफएसआर) में दी है। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के री-कैपिटलाइजेशन के बाद बैंकिंग क्षेत्र की तरलता में सुधार हुआ है। हालांकि वैश्विक और घरेलू आर्थिक अनिश्चितताओं के अलावा राजनीतिक घटनाक्रमों से जोखिम बरकरार है। आरबीआई ने कहा कि अगले नौ महीने में बैंकों के फंसे कर्ज (एनपीए) में और वृद्धि हो सकती है।

## मेरीकॉम ने गले नहीं लगाया तो निकहत को आया गुस्सा

एजेंसी नई दिल्ली

छह बार की विश्व चैम्पियन एम सी मेरीकॉम (51 किग्रा) ने निकहत जरीन को 9-1 से हराकर चीन में अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिये भारतीय टीम में जगह बनाई। अब ओलंपिक क्वालीफायर चीन में तीन से 14 फरवरी तक कराये जाएंगे।

बाक्सिंग हॉल के अंदर माहौल तनावपूर्ण रहा क्योंकि जरीन (23 साल) ने ट्रायल की सार्वजनिक मांग कर विवाद खड़ा कर दिया था। मुकाबले के बाद दोनों ने हाथ भी नहीं मिलाये और जरीन ने गले लगाने की कोशिश की लेकिन मेरीकॉम ने ऐसा नहीं किया। इसके बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि हमारे खेल में इसे पकड़ना बोला



जाता है। मेरीकॉम ने कहा कि मैंने यह विवाद खड़ा नहीं किया। मैंने ऐसा कभी नहीं कहा कि मैं ट्रायल के लिये नहीं आऊंगी। इसलिये मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती जब कोई आरोप लगाएगा कि यह मेरी गलती थी। यह मेरी गलती नहीं थी और मेरा नाम इसमें नहीं घसीटा जाना चाहिए।

(पेज-10 भी देखें)

# सपनों को मिलेंगे पंख!



## अनुसूचित जाति के छात्रों को विदेश में पीएचडी या मास्टर्स डिग्री करने के लिए वित्तीय सहायता योजना

### अध्ययन क्षेत्र

- इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट
- प्योर साइंसेज एंड एप्लाइड साइंसेज
- एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड मेडिसिन
- इंटरनेशनल कॉमर्स, अकाउंटिंग एंड फाइनेंस
- ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस

### योग्यता

- पीएचडी के लिएः मास्टर डिग्री या समकक्ष में 55 प्रतिशत अंक
- मास्टर डिग्री के लिएः स्नातक या समकक्ष में 55 प्रतिशत अंक
- संबंधित वर्ष की कट-ऑफ तिथि के अनुसार 30 वर्ष से कम
- सभी स्रोतों से कुल पारिवारिक आय 8लाख रुपये से अधिक न हो

### पात्रता

- उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए
- उम्मीदवार को दिल्ली का निवासी होना चाहिए, या उसके पास कम से कम पिछले पांच वर्षों का दिल्ली में निवास का दस्तावेजी प्रमाण हो
- एक माता-पिता/अभिभावकों के लिए केवल एक ही बच्चा पात्र होगा यदि उम्मीदवार जॉब करता है तो उसे अपने इम्प्लॉइर से एनओसी देना होगा
- उम्मीदवार को उसी स्तर के कोर्स (पीएचडी/मास्टर) के लिए वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी जो उसने देश या विदेश से पहले ही प्राप्त की हो

### आवश्यक दस्तावेज

- जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मैट्रिक या अन्य प्रमाण पत्र
- सभी डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र मार्कशीट के साथ
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र
- विश्वविद्यालय/संस्थान से प्राप्त प्रस्ताव पत्र (यदि प्रवेश प्राप्त किया है)
- विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रवेश पत्र जिसमें विश्वविद्यालय की संपूर्ण जानकारी, व्यय का ब्यौरा आदि हो
- उम्मीदवार के आधार कार्ड की प्रति

DIP/SHABDARTH/D/0299/19-20

अधिक जानकारी व आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए लॉगऑन करेंः
www.scstwelfare.delhigovt.nic.in

आवेदन आरंभः 1 जनवरी 2020
आवेदन की अंतिम तिथिः 31 जनवरी 2020

आवेदन जमा कराने का पताः अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग विकास विभाग, दूसरा तल, विकास भवन, आई.पी. इस्टेट, नई दिल्ली-02



दिल्ली सरकार

अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग विकास विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

### भाजपा ने 'झूठ और विश्वासघात की आप सरकार' पर जारी किया आरोप-पत्र

# आप सरकार ने किए 70 वादे, आधे भी नहीं हुए पूरे : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 70 वायदों के नाम पर बनी आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार ने पिछले पांच सालों में कोई भी कार्य पूरा नहीं किया। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने उक्त आरोप कनॉट प्लेस में 'झूठ और विश्वासघात की आप सरकार' पर भाजपा द्वारा आरोप पत्र जारी करते हुए लगाए। इस दौरान तिवारी ने कहा कि अब तो दिल्ली एक ही बात कह रही है '70 किए वादे पूरे हुए न आधे, आप तो 10 फीसद से भी नहीं हो सके पास, किया दिल्ली के साथ 91 प्रतिशत विश्वासघात'।

चाहे शिक्षा की बात हो या हेल्थ की, चाहे ट्रांसपोर्ट की बात हो या जन लोकपाल की, चाहे केन्द्र की योजनाओं को दिल्ली में लागू करके बेघरों को घर देने की बात हो, सबको आप सरकार ने रोक दिया है। तिवारी ने कहा कि कल रविवार से हमारे सातों संसदीय क्षेत्रों में भी हमारे सांसद इस आरोप पत्र को जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे। हम दिल्ली के घर-घर में इसे प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली के प्रभारी श्याम जाजू, सह-प्रभारी तरूण चुघ, सांसद मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री रविन्द्र गुप्ता, राजेश भाटिया, पूर्व महापौर आरती मेहरा, उपाध्यक्ष शाजिया इल्मी, सत्येन्द्र सिंह, प्रदेश मंत्री शोभा उपाध्याय, घोषणा पत्र के सह-संयोजक कपिल मिश्रा, प्रदेश मीडिया पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### दिल्ली में आई भाजपा सरकार तो होगा दिल्ली का विकास: डॉ. हर्षवर्धन

केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि लोकपाल के नाम पर सत्ता में आई आप सरकार ने पांच साल के शासन के बाद आज तक लोकपाल का गठन नहीं किया। लोकपाल तो आया नहीं लेकिन इनके भ्रष्टाचार के मामले 5 सालों में निरंतर बढ़ते गए। दिल्ली के लोगों ने पीएम मोदी को काम करते हुए देखा है। उन्होंने असाधारण विजन के साथ देश और दिल्ली का विकास किया है। अगर केन्द्र के साथ साथ दिल्ली में भी भाजपा की सरकार होगी तो दिल्ली का विकास और बड़े पैमाने पर होगा।

### बसों का ब्याज खाती रही और विज्ञापनों में लगाती रही : प्रवेश वर्मा

सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में एक भी नया स्कूल नहीं खोला। एक भी नया कॉलेज नहीं खोला। लेकिन जगह-जगह 1400 नये शराब के ठेके खुल गये। ये है केजरीवाल सरकार की 5 साल की सबसे बड़ी उपलब्धि। दिल्ली सरकार ने इलेक्शन के 5 महीने पहले इलेक्ट्रिक बसों का टेंडर जारी किया। जबकि 2014 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 1300 करोड़ रुपये बस खरीदने के लिए दिए थे। आप सरकार 5 साल तक उसका ब्याज खाती रही और विज्ञापनों में लगाती रही। 2014 में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि दिल्ली में 15 हजार बसों की जरूरत है। जब आप की सरकार बनी तो दिल्ली में 4700 बसें थीं और इस समय 3700 बसें बची हैं।

### असफल और अराजक पार्टी है आप : लेखी

सांसद लेखी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने जो भी 70 वादे किए थे वो एक भी पूरा नहीं किया, इसका उदाहरण है कि उन्होंने अपनी वेबसाइट से घोषणा पत्र हटा दिया। उन्होंने कहा कि ये जो आप स्काईवॉक और ईस्टर्न वेस्टर्न एक्सप्रेसवे की बात कर रहे हो वो मोदी सरकार ने बनाए हैं। विज्ञापनों के झांसों में मत पड़िए, कुछ लोग कहते तो बहुत हैं पर करते कुछ नहीं। जब मैं आप के बारे में बात करती हूं तो मेरे मन में दो ही शब्द आते हैं, असफल और अराजक पार्टी।

### किसानों को पेंशन देने का वादा भी पूरा नहीं किया : बिधुड़ी

गांव के लोगों से वादा किया था कि तालाब का नवीनीकरण करेंगे लेकिन वो भी नहीं किया। अगर उनका नवीनीकरण हुआ होता तो आज उसका जल स्तर ठीक होता। अगर एक किसान के पास एक-दो एकड़ जमीन है और उन्हें बेटी की शादी में जमीन बेचनी है तो पूरी जमीन की रजिस्ट्री करवानी होती है। इसे केजरीवाल खत्म करने वाले थे लेकिन नहीं किया। केजरीवाल ने कहा था कि हम किसानों को पेंशन देंगे, लेकिन वो तो उन्होंने दी नहीं और केंद्र सरकार की योजना को भी दिल्ली में लागू नहीं करने दिया। बुरे बीते 5 साल नहीं चाहिए केजरीवाल, आजादी के बाद दिल्ली में जितना बुरा हाल इन 5 सालों में रहा है उतना कभी नहीं रहा।

### 600 करोड़ रुपये किए बर्बाद: गुप्ता

नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के पास 52 हजार फ्लैट बने हुए हैं लेकिन उन्होंने इसे किसी गरीब को आवंटित नहीं किया। बावजूद इसके पांच सालों में इन फ्लैटों की मरम्मत के लिए 600 करोड़ रुपये बर्बाद कर दिए। आप सरकार ने दिल्ली की झुग्गी बस्ती में रहने वालों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है।

### हमारी संस्कृति सिखाती है- निंदक नियरे राखिए : केजरीवाल



नई दिल्ली। उनके आरोप पत्र को हम पढ़ेंगे। जो भी अच्छे सुझाव हैं, उन्हें अगले पाँच साल में लागू करेंगे। हम चाहते हैं कि सब लोग हमारे काम की कड़ी समीक्षा करें और हमारी कमियां निकाले, सुझाव दें ताकि हम और अच्छा काम कर सकें।

## भाजपा 3 दिन में पेश करे एमसीडी के 12 साल का रिपोर्ट कार्ड नहीं तो 7 दिन में हम करेंगे पेश : सिसोदिया

**हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को भाजपा को एमसीडी में अपने 12 साल के शासन और गवर्नेंस सिस्टम का रिपोर्ट कार्ड पेश करने की चुनौती दी है। सिसोदिया ने भाजपा को तीन दिन की मोहलत दी। साथ ही कहा कि अगर भाजपा ऐसा नहीं करती है तो सात दिन में आप एमसीडी में भाजपा के 12 साल के राज का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी। जिसे जनता के सामने भी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज एमसीडी की पहचान कूड़ा, उगाही और भ्रष्टाचार बन गया है।

### भाजपा के पास दिल्ली में कोई मुद्दा नहीं

प्रैसवार्ता में मनीष सिसोदिया ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, भाजपा के पास दिल्ली में कोई लीडरशिप भी नहीं है जिसे वह अपना नेता के तौर पर प्रस्तुत कर सकें, भाजपा ने दिल्ली में कोई ऐसा काम भी नहीं किया जिसके आधार पर वह जनता से वोट की अपील कर सकें। उपमुख्यमंत्री ने भाजपा द्वारा आप की सरकार के 5 साल के कार्यकाल पर जारी किए गए आरोप पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 5 साल में जितने विकास के काम किए हैं शायद ही किसी राज्य की सरकार ने किए होंगे परंतु बावजूद इसके हम भाजपा के आरोपपत्र का संज्ञान लेंगे और उसमें जो भी सकारात्मक सुझाव होंगे उन पर कार्य करेंगे।




# माता-पिता की सेवा करना हमारा धर्म : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने वजीरपुर में नव निर्मित चार मंजिला वृद्धाश्रम का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में रह रहे बेसहारा बुजुर्गों के लिए दिल्ली सरकार ने एक और वृद्धाश्रम शनिवार को समर्पित कर दिया। वजीरपुर में करीब 600 वर्ग गज क्षेत्रफल में चार मंजिला बने महात्मा ज्योतिबा फूले स्मारक वृद्धा आश्रम का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उद्घाटन किया। इसी के साथ दिल्ली में अब तीन वृद्धाश्रम हो गए हैं। इनके अलावा 7 वृद्धाश्रम और बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वही देश और समाज तरक्की करता है, जहां बुजुर्गों की सेवा होती है। यही हमारे देश की संस्कृति भी है। उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है, जिसने बुजुर्गों के सम्मान के लिए काम किया।

केजरीवाल ने कहा कि यहां 36 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था है। उनके मनोरंजन, खाने और रहने की सभी सुविधाएं हैं। आज इसे शुरू करते हुए खुशी भी है और दुख भी है। आश्रम में एक बूढ़ी अम्मा ने सीएम को बताया कि उसके दो बच्चे थे। एक की मौत हो गई है। दूसरा पटरी पर दुकान लगाता है। मैंने कहा कि उनके साथ क्यों नहीं रहती हैं। अम्मा ने बताया कि यहां पर कोई परेशानी नहीं है। लेकिन वह अपने बेटे के पास जाना चाहती है। उसका बेटा उसे अपने साथ रखना नहीं चाहता है। उसने बताया कि तीन साल से वह किसी अन्य आश्रम में रहती थी। वहां पर ज्यादा लोग हो गए थे। इसलिए उसे यहां लाया गया है। उसने कहा कि उसका बेटा अच्छे से रखे या नहीं, लेकिन वह उसके साथ ही रहना चाहती है। वह अपने बेटे के घर में बुढ़ापा गुजारना चाहती है।



■ 36 वृद्धों के रहने के लिए उपलब्ध है सभी आधुनिक सुविधाएं, मनोरंजन के भी साधन मौजूद

### माता-पिता की सेवा नहीं करने वाले बच्चों की तरक्की नहीं हो सकती

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपने माता-पिता के साथ रहता हूं। रोज शाम को जाकर उनके साथ कुछ समय गुजारता हूं।

पूरा दिन जो कुछ भी होता है, उन्हें बताता हूं। उनके साथ समय गुजार कर पूरे दिन की थकान दूर हो जाती है। हर परिवार का मकसद होता है कि घर की तरक्की हो। परिवार पर किसी तरह की मुसीबत न आए। अगर आप अपने माता-पिता की सेवा करेंगे तो आपके घर में किसी तरह की मुसीबत आ ही नहीं सकती है। आपकी तरक्की ही होगी।

### सात और बनाए जा रहे हैं वृद्धाश्रम : राजेंद्र पाल

समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि जिनके घर में मां-बाप खुश रहते हैं, उनके घर में बरक्कत होती है। अभी 7 स्थानों पर वृद्धाश्रम बनाया जा रहा है। कुछ जगह पर काम शुरू हो गया है। बुजुर्गों के आशीर्वाद की वजह से ही हम यह सब काम कर रहे हैं।

### वृद्धाश्रम में कुछ समय बिताएं युवा

अरविंद केजरीवाल ने युवाओं से अपील की है कि वह कुछ समय ऐसे वृद्धाश्रम में आकर कुछ समय बिताएं। वृद्धों को भी अच्छा लगेगा और उनको भी अच्छा लगेगा। चुनाव के बाद हम योजना बनाएंगे कि कैसे युवा वृद्धा आश्रम में आकर बुजुर्गों के साथ जुड़ सकते हैं।

# कांग्रेस ने निकाला संविधान बचाओ व सद्भावना मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के 135 वें स्थापना दिवस पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से संविधान बचाओ व सद्भावना मार्च मार्च निकालकर लोगों को भाईचारे व अमन का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा की अगुवाई में कार्यालय राजीव भवन से निकला मार्च अंबेडकर स्टेडियम होते हुए राजघाट पर समाप्त हुआ।



मार्च से पूर्व राजीव भवन में चोपड़ा ने प्रभारी पीसी चाको के साथ ध्वजारोहण करके स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत की। इस मौके पर चोपड़ा के अलावा प्रभारी पीसी चाको, जय प्रकाश अग्रवाल, अरविंदर सिंह लवली, कीर्ति आजाद, प्रवक्ता मुकेश शर्मा सहित अनेक नेता शामिल थे। इस अवसर पर सभी नेताओं ने महात्मा गांधी की समाधी राजघाट और अम्बेडकर स्टेडियम पर बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर के आदमकद चित्र पर पुष्पाजंलि चढ़ाकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। अपने संबोधन में चोपड़ा व चाको उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं व महापुरुषों को श्रद्धाजंलि अर्पित की जिन्होंने आजादी की लडाई में अपना बलिदान दिया था।

साथ ही दिल्ली भर के लाखों कार्यकर्ताओं को बधाई दी, जिनकी बदौलत आज पार्टी अपनी नीति व सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचा रही है।

### विभिन्न दलों के कई लोग आप हुए शामिल

नई दिल्ली। चुनाव नजदीक आते ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) में दूसरे दलों के नेताओं का शामिल होने का सिलसिला जारी है। शनिवार को कई दलों के लोग आप में शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम की अध्यक्षता में कई लोगों ने आप की सदस्यता ग्रहण की। गौतम ने सभी लोगों को पार्टी की टोपी एवं पटका पहनाकर सभी का आप में शामिल होने पर स्वागत किया। शनिवार को आप में शामिल होने वालों में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सचिव, शिकायत प्रकोष्ठ जय भगवान सैन, राष्ट्रीय लोक दल के महासचिव व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नासीर, कोषाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, अखिल भारतीय पंचायत परिषद के महासचिव इसरार मुहम्मद, समाजेसवी हाजी निराजुद्दीन, अफजल बबलू अंसारी, भगवान सिंह सैन कपूर्री सेना, चौधरी मुनाफ अली अध्यक्ष भाईचारा विकास सेवा समिति, कांग्रेस कार्यकर्ता रेवती प्रसाद सैन, महेश चंद सैन एवं अन्य दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।



## खबर संक्षेप



### छात्रों ने किया सूरजगढ़ एडवेंचर का दौरा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद मॉडल स्कूल ने शैक्षणिक यात्रा के एक भाग के रूप में सूरजगढ़ फार्म गुड़गांव का दौरा किया। स्कूल से बसों में सवार होकर छात्र उत्साहित थे। बच्चे खेत में घूमने गए। ऐसे कई छात्र थे जो समृद्ध ग्रामीण भारतीय सांस्कृतिक उत्साह की कल्पना करते हुए आश्यचर्यचकित और प्रसन्न थे। वहां जिप्लिंग, बर्मा पुल, कमांडो नेट, मंकी क्रॉल जैसी बहुत सारी मजेदार और साहसिक गतिविधियों का आनंद लिया। कई बच्चों ने पहली बार ऊंट और गाड़ी की सवारी का आनंद लिया, कई ने अपनी पहली टोंगा और ट्रैक्टर की सवारी का अनुभव किया। उनके पास मिट्टी के बर्तन को बनता देखने का पहला अनुभव था, जिसके बाद शतरंज, लूडो और कैरम के पारंपरिक खेल खेले। भोजन में हरियाणवी और राजस्थानी सभी पारंपरिक भारतीय मिश्रण थे।

### परिवहन मंत्री व विधायक का लोगों ने किया स्वागत



**फरीदाबाद।** परिवहन विभाग और खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता का शनिवार को बल्लभगढ़ ब्राह्मणवाड़ा में शहरवासियों ने स्वागत किया। यह स्वागत समारोह शहर के प्रसिद्ध सियाराम मंदिर में आयोजित किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ की जनता ने उन्हें भारी मतों से जीता कर हरियाणा की पंचायत में भेजा था। जिसके लिए वह बल्लभगढ़ की जनता के ऋणी है, उन्होंने यह भी कहा कि बल्लभगढ़ की जनता के लिए विकास की राह में कोई परेशानी नहीं आने देंगे। मूलचन्द शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ को एक सुंदर शहर बनाने का कार्य करेंगे।

### नोएडा से दिल्ली ले जाकर युवती से दुष्कर्म

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में एक युवती ने नोएडा से दिल्ली के द्वारका कॉलोनी में ले जाकर उससे बलात्कार करने का एक युवक पर आरोप लगाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक नगर तृतीय विमल कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 78 में रहने वाली युवती ने थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पड़ोस में ही रहने वाले बृजेश 24 दिसंबर को उसे अपने साथ दिल्ली के द्वारका कॉलोनी में लेकर गया। उन्होंने बताया कि युवती का आरोप है कि बृजेश ने वहां उससे बलात्कार किया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट बीती रात को थाने में दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि युवती को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सामान बेचने के चक्कर में 18 हजार गंवाए

**फरीदाबाद।** सेकेंड हैंड सामान बेचने वाली वेबसाइट पर बेड के गद्दे बेचने के चक्कर में एक महिला ने 18 हजार रुपये गंवा दिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यहां सूरजकुंड क्षेत्र निवासी महिला शिक्षक ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने बेड के गद्दे बेचने के लिए ऑनलाइन वेबसाइट पर पोस्ट डाली। एक व्यक्ति ने गद्दे खरीदने में रुचि दिखाई। बातचीत करने पर 35 सौ रुपये में सौदा तय हुआ। उस व्यक्ति ने महिला को मोबाइल पर एक लिंक भेजा। उनसे कहा कि उस लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते में 35 सौ रुपये आ जाएंगे। महिला ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, उनके खाते से करीब 18 हजार रुपये निकाल लिए गए। इसका मैसेज उनके फोन पर आया। उन्होंने उस व्यक्ति से फोन पर संपर्क की कोशिश की, मगर उसका नंबर बंद था। तब धोखाधड़ी का अहसास हुआ।

### 25 दिसंबर की रात हुए कार हादसे में हरियाणवी डांसर की बढ़ी मुश्किल

# सपना चौधरी को पुलिस का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हीरो होंडा चौक के नजदीक 25 दिसंबर की रात 12 से एक बजे के बीच कैंटर जिस फॉर्चूनर से टकराया था, उसकी पहचान कर ली गई है। कार हरियाणवी सिंगर व डांसर सपना चौधरी के नाम पर है। हादसे की रात कार में दो युवक थे। वे युवक कौन थे, किसकी वजह से हुआ था हादसा, इस बारे में सदर थाना पुलिस ने कार मालिक को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस भेजा है। साथ ही कैंटर चालक को भी नोटिस दिया गया है ताकि हादसे की सच्चाई सामने आ सके।

सदर थाना प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि सुभाष चौक से हीरो होंडा चौक की तरफ एक कैंटर जा रहा था। पीछे से फॉर्चूनर कार अचानक आगे निकली। कुछ ही दूरी पर कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे कैंटर उसमें टकरा गया।

- 27 दिसंबर की सुबह हादसे की सूचना पुलिस को भागलपुर निवासी चालक अमर ने दी
- जांच के बाद पुलिस करेगी कार्रवाई



#### दोनों का हुआ नुकसान

हादसे की वजह से कैंटर और कार दोनों को नुकसान हुआ। कार में दो युवक थे। हादसे के बाद दोनों कार लेकर चले गए। 27 दिसंबर की सुबह हादसे की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में बिहार के भागलपुर निवासी कैंटर चालक अमर ने दी। उसी ने हादसे के बारे पूरी जानकारी भी दी।

#### दोनों पक्ष को नोटिस जारी

पुलिस ने बताया कि अब उन्हें जानकारी मिली है कि हादसे को लेकर कार चालक की तरफ से मिडिया में बयान जारी कर दूसरे कैंटर चालक को दोषी ठहराया जा रहा है। इसे देखते हुए दोनों पक्ष को नोटिस जारी किया गया है ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके। जिसकी गलती सामने आएगी, उसके खिलाफ मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 'आज संख्या के बल पर थोपे जा रहे असंवैधानिक तरीके से बनाए कानून'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम



कांग्रेस स्थापना दिवस के मौके पर सोहना में आयोजित संविधान बचाओ, देश बचाओ रैली में हरियाणा के प्रभारी कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि आज अपने संख्या के बल पर पर असंवैधानिक तरीके से कानून बनाए जा रहे हैं। संसद में पास होने वाले सभी कानूनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दरवाजा खटखटाने पड़ रहे हैं।

**'कानूनों को लेकर जाना पड़ रहा सुप्रीम कोर्ट'**

कानून ऐसा होना चाहिए जो सभी को मंजूर होना चाहिए ऐसे कानूनों के कारण देश में विरोध खड़ा हो गया है। इसमें देश का कसूर नहीं यह सरकार का कसूर होता है। आज देश में दो चार आदमी ही कानून बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 130 साल पहले भी जिन मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने अंग्रेजों से लड़ाई की थी, वही मुद्दों को लेकर आज बीजेपी सरकार से कांग्रेस को लड़ाई करनी पड़ रही है। कांग्रेस हरियाणा प्रभारी ने किसानों की आत्महत्या को लेकर कहा कि किसानों की इस सरकार में हत्या हो रही हैं। कांग्रेस ने 2008 में कर्जा माफ करने की बात प्रधानमंत्री से कही थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर मना कर दिया। वहीa मजदूरों के लिए डी मोनेटाइजेशन की वजह से मध्यम दर्जे के उद्योग बंद हो गए व काफी लोग बेरोजगार हो गए। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि ने कहा कि जब सरकार आई थी जब काफी युवाओं को रोजगार के लिए कहा, लेकिन एक करोड़ लोगों को रोजगार सरकार नहीं दे पाई।

### गुरुग्राम में सर्दी का कहर

## एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

कड़ाके सर्दी खुले आसमान में सोने वालों के लिए खतरनाक बनी हुई है। पिछले कई दिनों से शहर में कड़ाके की सर्दी जारी है जिसके कारण चार लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार को एक युवक की और मौत हुई है। बताया जा रहा है कि मरने वाला लावारिस है। अभी उसके परिजनों का पता नहीं चला है। युवक की आयु 22-23 वर्ष है और शनिवार को पोस्टमार्टम किया गया है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. दीपक माथुर ने बताया कि युवक की मौत ठंड लगने से हुई। इसी सप्ताह में तीन मौत पहले हो चुकी है। अब तक शहर में सर्दी से मरने वालों की संख्या चार हो गई है।

**हाइपोथर्मिया का खतरा :** जो खुले में रात गुजारते हैं और सर्दी से बचाव के बेहतर साधन नहीं है तो उनके शरीर में कंपन ज्यादा होती है। शरीर का तापमान गिरता है तो हार्ट फेल हो जाता है। इसलिए शरीर के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए उपाय करना चाहिए। ऐसा खतरा बच्चों व बुजुर्ग लोगों पर ज्यादा होता है। खुले में रात गुजारने वालों को ज्यादा खतरा है।

#### शनिवार को भी जारी रहा शीत लहर का प्रकोप

**फरीदाबाद।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण शीत लहर का प्रकोप जारी है। लगातार गिरते न्यूनतम तापमान के कारण लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल रही है। शनिवार को जिले में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्यिसय रहा। दिनभर ठंडी हवाओं के कारण लोगों को हाड़ कंपकपाते रहे। ठंड से बचने के लिए दिनभर लोग अलाव जलाकर हाथ तापते दिखे। शनिवार को भी ठंडी हवाओं के कारण लोग परेशान रहे। दिन में धूप निकलने के बावजूद लोगों को शीत लहर से राहत नहीं मिली। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी ऐसे हालात 30 दिसंबर तक बने रहेंगे। शीत लहर से 31 दिसंबर के बाद लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिक महेश पहलावत ने बताया कि शनिवार को फरीदाबाद समेत आसपास के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 13 और न्यूनतम 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट और ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले एक-दो दिन में इससे पश्चिमी विक्षोभी सक्रिय होगा और बारिश होने की उम्मीद है। बरसात के बाद मौसम खुलेगा और लोगों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है।

### 22 लाख रुपयें ठगने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने शनिवार को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ऑन लाइन गेम खिलाने के नाम पर लोगों से 22 लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 90 हजार की नकदी, एक स्विफट कार और बड़ी मात्रा में आईटी से संबंधित उपकरण बरामद किए हैं।

एएसपी केशव कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के नाम आरके शर्मा उर्फ रिंकू निवासी हाफिजपुर जिला हापुड़, राशिद निवासी गांव ढबारसी मसूरी गाजियाबाद व राजकुमार उर्फ शहजादा गांव नाहल मसूरी गाजियाबाद हैं। उन्होंने बताया कि ये गिरोह के सदस्य शातिर किस्म के ठग हैं जो अपना नाम बदलकर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

## डकैती, हत्या का प्रयास मामले में पांच धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

डकैती, हथियार के बल पर डकैती, हत्या का प्रयास व अवैध हथियार से वारदातों के अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर-31 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने काबू किया है। आरोपियों द्वारा वारदात में प्रयोग की गई एक मारुति ऑल्टो कार, एक देशी पिस्तौल व दो जिन्दा कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

पुलिस टीम को पता चला कि कुछ बदमाश यहां द्वारका एक्सप्रेस-वे पर किसी वारदात करने की फिराक में घूम रहे हैं। अपराध शाखा सेक्टर-31 ने धनकोट गांव के पास दबिश देकर पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों में से एक नई बस्ती निवासी प्रवीन उर्फ मोनू पुत्र सूरज कुमार, गांव हरसरू निवासी गौरव उर्फ अम्बानी पुत्र धर्मबीर, शिवा उर्फ शिवेंद्र पुत्र जगदीश प्रसाद, सागर उर्फ तोता पुत्र सुरेंद्र तथा अनिल उर्फ विकास पुत्र सुरेश शामिल हैं। गुरुग्राम के प्रवीन को छोड़कर बाकी के चारों आरोपी एक ही गांव हरसरू के रहने वाले हैं।



#### अपने ही गांव के दो लोगों की हत्या करने आया था सागर, पुलिस ने पकड़ा

**फरीदाबाद।** नहरावली गांव का रहने वाला बदमाश सागर को सेंट्रल क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोच लिया। उसके खिलाफ कई थानों में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, डकैती व झपटमारी के कुल पांच मामले दर्ज हैं। इन मामलों में पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सागर शातिर बदमाश है। वह लोगों को डरा धमका कर अपना रौब जमाना चाहता है। आरोप है कि सागर अपने गांव के दो लोगों की रंजिशन हत्या करने के इरादे से गांव में आया था। इसकी भनक क्राइम ब्रांच सेंट्रल जोन को लग गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए अपना जाल बिछा दिया। इसमें सागर फंस गया।

#### आबादी में पुरानी मशीन काटते हुए पांच गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** ऑक्सीजन व एलपीजी सिलेंडरों को मिलाकर आबादी एरिया में पुरानी मशीन को कटर से काटते समय इंसानी जान को मुश्किल में डालने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-11 पुलिस चौकी को नगर निगम के पूर्व पार्षद ने सूचना दी कि रामनगर कॉलोनी में मस्जिद व अम्बेडकर पार्क के सामने आम रास्ता बना हुआ है। जिसमें हर समय छोटे बच्चे व औरतों की भीड़ भाड़ रहती है। यह रिहायशी एरिया की जगह है। आरोप था कि पवन कुमार व उसके साथ 4-5 व्यक्ति ऑक्सीजन व रसोई गैस के सिलेंडरों को लगा कर कटर से एक बडी मशीन को काट रहे हैं। यह काम आम जनता की जान को जोखिम मे डालकर किया जा रहा है। इस जगह बड़ा हादसा हो सकता है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।

#### ऑटो चालक की पिटाई मामले में चार लोग दबोचे

**नोएडा।** थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के खोड़ा चौराहे पर 26 दिसंबर को ऑटो चालक इतिश के साथ मारपीट कर रंगदारी वसूलने वाले चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों की पिटाई की वजह से ऑटो चालक को दिल का दौरा पड़ गया था और उसकी मौत हो गई थी। थाना सेक्टर 58 के थानाध्यक्ष शावेज खान ने बताया कि खोड़ा कॉलोनी में रहने वाले ऑटो चालक इतिश के साथ 26 दिसंबर को मनोज, मनीष, रविंद्र गुप्ता तथा नितिन उर्फ सोनू गुप्ता ने रंगदारी का विरोध करने पर मारपीट की थी। उन्होंने बताया कि इनकी मारपीट की वजह से इतिश को दिल का दौरा पड़ गया था और उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में चारों के खिलाफ इतिश के रिश्तेदार राजू ने थाना सेक्टर 58 में हत्या का मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि ऑटो चालक की मौत दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में नामित चारों आरोपियों को रंगदारी वसूलने की धारा में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक रविंद्र गुप्ता अपने आपको मीडिया कर्मी बता रहा था।

### कार्रवाई

## जीडीए ने आईटीएस के अवैध टावर को किया सील

**गाजियाबाद।** मेरठ-दिल्ली रोड स्थित आईटीएस कॉलेज के निर्माणाधीन टावर को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए के प्रवर्तन दल ने शनिवार को सील कर दिया। यह संस्थान जीडीए के मानकों के विरूद्ध निर्माण कार्य कर रहा था। इसके अलावा जीडीए के प्रवर्तन दल ने जीडीए के दिव्य ज्योति इंस्टीटयूट,एचआरआईटी कॉलेज को भी शमन धनराशि जमा नहीं करने के मामले में सील किए जाने की कार्रवाई आज की जानी थी लेकिन दिव्य ज्योति संस्थान के संचालकों ने प्रवर्तन दल के अधिकारियों को आश्वासन दिया कि 31 दिसंबर तक तमाम देय शमन राशि जमा करा दी जाएगी, जबकि एचआरआईटी कालेज के संचालकों ने बताया कि मामला शासन के अधीन विचाराधीन है। शासन का जो भी निर्णय होगा उसके आदेश का पालन किया जाएगा।

#### प्रदूषण नियंत्रण के लिए सड़कों पर उतरे टैंकर

**गाजियाबाद।** महानगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए नगर निगम द्वारा खरीदे गए स्प्रिंकलर टैंकरों से पानी के छिड़काव शनिवार को शुरू हो गया। शहर के आधा दर्जन इलाकों में इन टैंकरों में नगर आयुक्त दिनेश चंद्र खुद बैठकर इस स्प्रिंकलर टैंकर की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। खासबात यह है कि जब यह टैंकर छिड़काव कर रहा था तो इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए थे। प्रदेश के किसी भी जिले में स्प्रिंकलर टैंकर का इस्तेमाल सबसे पहले गाजियाबाद में हो रहा है। इसके छिड़काव से धूल को पानी का छिड़काव तेजी के साथ दबा देता है।

### अच्छी पहल

## सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे 53 शांतिदूतों के फोटो

**गाजियाबाद।** जिले में नागरिकता संशोधन अघिनियम के विरोध के दौरान पिछले दो शुक्रवारों के दौरान हुए उपद्रव को शांत कराने में सकारात्मक भूमिका निभाने वाले शांतिदूतों के पोस्टर व होर्डिंग्स लगाने के लिए जिले में कुल 26 महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों पर चिन्हित किए गए 53 शांति दूतों के कलर फोटो व नाम लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने शनिवार की शाम को बताया कि मोदीनगर में आठ, लोनी में चार , तहसील सदर में दो शहरी क्षेत्र में 12 स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने का काम शुरू कर दिया गया। 20 व 27 दिसम्बर शुक्रवार के दिन जुमे की नमाज के दौरान जब कुछ शरारती तत्वों ने जगह-जगह उपद्रव किया था कि उस दौरान अमन पसंद लोगों ने मामले को शांत करने के लिए पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग किया था और माहौल को शांत करने में सफलता हासिल की थी। इसके बाद जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने इन अमन पंसद लोगों को प्रोत्साहित करने की नीयत से शांतिदुत का नाम देते हुए उन्हे सम्मानित करने की घोषणा की थी। पूरे उत्तर प्रदेश में इस प्रकार का आयोजन केवल गाजियाबाद में ही विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है।

### किया फरीद पार्क का निरीक्षण

## पार्क की स्थिति देख बिफरे विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद शहर के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शनिवार को ओल्ड फरीदाबाद स्थित बाबा फरीद पार्क का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पार्क की स्थिति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। पार्क में बह रहे पानी व अन्य सुविधाओं को लेकर भी उन्होंने निगम कर्मचारियों को फटकार लगाई। बिना पूर्व सूचना के विधायक बाबा फरीद पार्क पहुंचे। इस पार्क में चलाए जा रहे सफाई कार्य को देखा। पार्क की सफाई पर संतोष जताया, लेकिन पार्क में बनी टंकी से पानी बहने से पार्क के एक हिस्से में कीचड़ पर नाराजगी जताई। विधायक ने निगम अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करते हुए इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने निगम अधिकरियों को 24 घंटे के अन्दर खराब पड़ी सभी लाइटों ठीक कराने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्क में घास लगाने का कार्य भी ठीक से किया जाए तथा पार्क में पड़े कूड़े को तुरंत हटाया जाए।

उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क का समुचित विकास किया जाए क्योंकि क्षेत्र के निवासी फुर्सत के समय में कुछ देर अपने परिवार के साथ पार्क में सुकून से बिता सकें।

## 32 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी सुंदर पुलिस रिमांड पर

**फरीदाबाद।** नगर निगम के पैनल अधिवक्ताओं के वेतन के 32.57 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी जिला न्यायवादी शाखा में तैनात रहे निरीक्षक सुंदर सिंह को आर्थिक अपराध जांच शाखा एनआईटी जोन ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन की रिमांड पर लिया गया था। रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने उसे दोबारा से अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस उसे नगर निगम मुख्यालय लेकर गई थी।

**क्राइम ब्रांच ने किया था गिरफ्तार**

नगर निगम ने अदालतों में लंबित मामलों की पैरवी के लिए वकीलों का पैनल बना रखा है। नगर निगम के पैनल पर अधिवक्ता नरेश कुमार भाटी, नरेश तंवर, नरेश कुमार, नरेश सिंगला और नरेश गर्ग मौजूद हैं। नगर निगम की जिला न्यायवादी (डीए) शाखा में बतौर निरीक्षक कार्यरत सुंदर सिंह की जिम्मेदारी पैनल अधिवक्ताओं के वेतन का भुगतान करवाना भी था। सुंदर सिंह ही लेखा शाखा से अधिवक्ताओं के वेतन आदि की फाइल पास कराता था।

आरोप है कि इस दौरान सुंदर सिंह ने सेक्टर-16 स्थित एक निजी बैंक में नरेश नाम से एक फर्जी खाता खुलवाया और निगम के पैनल अधिवक्ताओं की फीस का डीडी बनवाकर उस खाते में जमा करवाता था और बाद में खाते से रुपये निकाल लेता था।

आरोप है कि सुंदर सिंह ने वर्ष 2013 से 2018 तक 24 बार में डीडी बनवाकर 32.57 लाख रुपये का गबन किया। मामला पकड़ में आने के बाद तत्कालीन निगमायुक्त मोहम्मद शाइन ने सुंदर सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था। इसकी जांच आर्थिक अपराध जांच शाखा को सौंपी गई थी।

### एनसीआर में दस हजार मजदूरों व मिस्त्रियों को मिलेगा प्रशिक्षण

# क्रेडाई ने दिए मजदूरों व मिस्त्रियों को सुरक्षा के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

निर्माण स्थलों पर मजदूर और मिस्त्री किस तरह से जोखिमों से बचे इस संबंध में शनिवार को बिल्डर्स की सबसे बड़ी संस्था कॉन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवेलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया क्रेडाई ने प्रशिक्षण दिया जिसमें काम करते वक्त सुरक्षा के टिप्स दिए।

शनिवार को 50 मजदूरों को प्रशिक्षण दिया गया। क्रेडाई ने पूरे एनसीआर में दस हजार मजदूरों व मिस्त्रियों को जोखिम बचाने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी विभिन्न कंस्ट्रक्शन कंपनियों के अनुभवी सिविल इंजीनियर्स को दी गई है। गाजियाबाद शहर के आदित्य वर्ल्ड सिटी में पहला ब्रिज आरपीएल स्किल्लिंग प्रोग्राम के तहत लगभग 50 मजदूर और मिस्त्रियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे। इस डेवलपमेंट प्रशिक्षण में उन्हें विशेष तरीके की तकनीकी (टिप्स) बताये गए और उन्हें सुरक्षा के कई मानकों से भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही मसोंरी, बार बेन्डिंग, शटरिंग, इलेक्ट्रिकल, पेंटिंग, वेल्डिंग, प्लंबिंग जैसे जॉब रोल के बारे में बताया गया।



इस मौके पर क्रेडाई गाजियाबाद के ट्रेजरार और आदित्य बिल्डर्स के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत हम शहर के हर कंस्ट्रक्शन वर्कर को ट्रेनिंग दे रहे हैं ।

इसके अंतर्गत हमने नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएसडीसी) के साथ मिलकर इस मुहिम द्वारा ज्यादा से ज्यादा मजदूरों व मिस्त्रियों को ट्रेन करेंगे।

## कंस्ट्रक्शन साइटों पर एंटी स्मॉग गन लगाना जरूरी

**फरीदाबाद।** औद्योगिक नगरी में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर अब 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निर्माण के दौरान एनजीटी के आदेशों पर एंटी स्मॉग गन लगाना जरूरी है। चूंकि इस तरह की गन पहली बार जिले में लाई जाएंगी, इसलिए आदेश के पालन में थोड़ी नरमी बरती जा रही है। विभागों व बिल्डरों को जल्द से जल्द ऐसी गन खरीदने के लिए कहा गया है। इस तरह की गन का इस्तेमाल जिले में पहली बार किया जाएगा। इस गन के इस्तेमाल से कंस्ट्रक्शन की वजह से बढ़ने वाले प्रदूषण का स्तर पर काबू पाया जा सकेगा। उम्मीद है कि जनवरी या फरवरी में इस आदेश को लेकर सख्ती बरतनी शुरू हो जाएगी।

#### सरकारी व गैर सरकारी सभी के लिए जरूरी

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय अधिकारी स्मिता कनोडिया के अनुसार यह आदेश सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों सभी के लिए जरूरी है। इसके लिए पीडब्ल्यूडीए टाउन एंड कंट्री प्लानिग, नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरणए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीएमडीए सहित तमाम बिल्डरों अन्य ऐसे विभाग जिनके तहत निर्माण कार्य होते हैं, उन्हें नोटिस भेज दिया गया है।

#### ऐसे काम करेगी एंटी स्मॉग गन

जहां निर्माण कार्य हो रहा होता है वहां इस तरह की गन मौजूद रहेगी। यह गन वॉटर टैंक से जुड़ी होगी। एंटी स्मॉग गन हवा में पानी की बेहद महीन बौछार करेगी। इससे धूल-कण नीचे आ जाते हैं, जिससे प्रदूषण नहीं बढ़ता। सबसे अधिक प्रदूषण के स्तर के बढ़ने का कारण हवा में ठोस धूल कणों का नीचे न आना है।

## खबर संक्षेप

### पीसीआर ने चार बच्चों को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मियों ने चार बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया है। इन बच्चों की उम्र तीन से चार साल के बीच थी। पूछताछ में पता चला कि बच्चे घर से निकलने के बाद रास्ता भटक गए थे। पुलिसकर्मियों ने उनसे बात की और उन्हें सही ठिकाने पर पहुंचा दिया। डीसीपी शरत कुमार सिन्हा के अनुसार 26 दिसम्बर की रात 10 बजकर 6 मिनट पर पीसीआर स्टाफ ने विकासपुरी सी ब्लॉक गुरुद्वारे के पास चार बच्चों को बैठा देखा। रात और ठंड को देख पुलिस ने इन बच्चों के पास पहुंच बात की। वह नाम के अलावा ज्यादा कुछ नहीं बता सके। उन्हें घर का पता भी मालूम नहीं था। पुलिस ने इस सिलसिले में वायरलैस पर मैसेज फ्लैश किया और बच्चों के परिजनों को ढूंढ निकाला।

### आधी रात में पकड़ी गई अवैध शराब की खेप

नई दिल्ली। द्वारका जिले के जाफरपुर कलां थाने की पुलिस ने नाइट पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब की खेप जब्त की है। शराब को एक सेंट्रो कार में भरकर लाया गया था। पेट्रोलिंग टीम की नजर जब सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी कार पर पड़ी तो पास जाकर देखा। पुलिस जैसे ही कार के पास पहुंची तो ड्राइवर वहां से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस टीम ने जांच की तो कार से 34 पेटी शराब बरामद हुई। बरामद शराब सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थी। पुलिस टीम ने शराब और कार दोनों जब्त कर ली है। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पता चला है कि कार तिलक नगर के एक शख्स के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### अफगानी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। करोल बाग थाना पुलिस ने अफगानी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अय्यूब, जबिउल्लाह और जहाब है। पुलिस की माने तो आरोपी अय्यूब और जबिउल्लाह इलाज कराने के बहाने और जहाब सिगरेट बेचने के बहाने दिल्ली आए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के चार आईफोन बरामद किए हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस तीन मामले सुलझाने का दावा कर रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### 'एक भारतीय की जापान यात्रा' का विमोचन

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी के सिंह ने 'एक भारतीय की जापान यात्रा' और '50 महान स्वतंत्रता सेनानी' (हिंदी व अंग्रेजी संस्करण) का विमोचन किया। पुस्तक का विमोचन कांस्टीटूयसन क्लब में किया गया। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के लेखक हैं जाने माने ट्रेवल ब्लॉगर व लेखक ऋषि राज। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली मेट्रो के प्रबंध निदेशक डॉ मंगू सिंह ने किया। पुस्तक विमोचन के दौरान मेट्रो के प्रबंध निदेशक डॉ मंगू सिंह ने कहा कि ऋषि राज की पुस्तक कि भाषा शैली है। हम सभी को इनकी पुस्तक को एक बार जरुर पढनी चाहिए।

### चचेरे भाई के दोस्त की करने गया था मदद

# गोली मारकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बवाना इलाके की घटना
- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

बवाना थाना इलाके में चचेरे भाई के साथ झगड़े में उसके दोस्तों की मदद करने पहुंचे एक युवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम राहुल (33) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम चिराग है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 08:15 बजे अंकित (18) अपने भतीजे को ट्यूशन से लेने के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच वह दोनों रास्ते में रुक गए। उन्होंने देखा कि विजय कटारिया नामक एक शख्स अपने बेटे चिराग उर्फ चीनू से पुरानी बात को लेकर झगड़ रहे थे। झगड़े के बीच आरोपी चिराग ने अंकित को बिना किसी बात के थप्पड़ मार दिया। इस पर अंकित ने भी आरोपी चिराग पर हमला कर दिया। इसके बाद पिता-पुत्र ने अंकित और उसके भतीजे पर हमला कर दिया। अंकित ने किसी तरह मामले की सूचना अपने रिश्तेदार को दी। अंकित के रिश्तेदार ने घटना की जानकारी अपने एक दोस्त रोहित को दी और अंकित व उसके भतीजे की मदद के लिए कहा। सूचना मिलते ही रोहित अपने चचेरे भाई राहुल व अन्य दोस्तों के साथ कार में सवार होकर मौके पर पहुंचा। राहुल घायल अंकित और उसके भतीजे को लेकर आरोपी के पिता विजय कटारिया के घर जाकर मामले की जानकारी लेने लगा। इसी बीच आरोपी चिराग ने अपने माता-पिता के सहयोग से छज्जे पर खड़े होकर गोली चला दी। गोली जाकर राहुल को लगी। उसके दोस्तों ने राहुल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी चिराग को देर रात को इलाके से ही दबोच लिया। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया।

#### परिवार में इकलौता कमाने वाला था राहुल

राहुल की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। राहुल अपने परिवार का इकलौता बेटा था। वह परिवार में इकलौता कमाने वाला था। परिवार का कोई और सहारा नहीं है। बेटे की मौत के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। राहुल की मां बार-बार बेहोश हो रही है। वह महर्षि वाल्मीकि यशपाल अस्पताल में डाटा ऑपरेटर की नौकरी करता था। वह परिवार के साथ बवाना इलाके में रहता था।

## अमित शाह के नाम पर हरियाणा के मंत्री से ठगी की कोशिश, दो धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणजीत सिंह से ठगी की कोशिश करने वाले दो लोगों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि यह दोनों गृह मंत्रालय के अधिकारी बनकर पार्टी फंड में तीन करोड़ रुपये जमा करवाने के नाम पर धन उगाही के प्रयास में थे।

गिरफ्तार दोनों आरोपियों के नाम उपकार सिंह और जगतार सिंह बताया जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टिके लिये स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह और संजीव कुमार यादव से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन पिक नहीं किया। स्पेशल सेल के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी मांगी गई तो भी अफसरों द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। सूत्रों के अनुसार इन दोनों लोगों ने हरियाणा के मंत्री रणजीत सिंह को एक एप के जरिए कॉल की थी। ठगों ने उनसे तीन करोड़ रुपये की डिमांड की थी। यह रकम पार्टी फंड में अमित शाह के नाम पर मांगी गई थी। मामला दिल्ली पुलिस तक पहुंचा तो जांच शुरू हुई। मामला स्पेशल सेल को सौंपा गया।

पुलिस ने जांच की तो यह खुलासा हुआ कि फोन कॉल केन्द्रीय मंत्री के घर से नहीं की गई थी। इसके बाद स्पेशल सेल ने कॉल करने वालों को टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार कर लिया।

#### क्राइम पेट्रोल देखकर आया आइडिया

उपकार सिंह- चंडीगढ़ का रहने वाला है, एमएससी पीएचडी है, दिल्ली से गिरफ्तार हुआ।
जगतार सिरसा हरियाणा का रहने वाला है, चंडीगढ से गिरफ्तार हुआ, टैक्सी स्टैंड चलाता है।
दोनों चंडीगढ में एक फ्लैट बुक करवाने के दौरान मिले थे, पैसे की कमी थी आइडिया आया क्राइम पेट्रोल देखकर आया। कॉल स्नूफिंग कर रहे थे, केस क्रेक करना इसलिये मुश्किल था क्योंकि ऐसी कॉल कई सर्वर से होके जाती है, काफी टेक्निकल वर्क हुआ उसके बाद गिरफ्तार हुए, पहले दोनों पे कोई मामला दर्ज नहीं है।

## पुलिस चौकी में कांस्टेबल ने खुद को गोली से उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पुलिस को नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

साउथ वेस्ट जिले की धौला कुआं पुलिस चौकी में तैनात एक कांस्टेबल ने शुक्रवार देर रात गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम पारुन त्यागी बताया गया है। वह 2006 बैच में भर्ती हुआ था और रात की ड्यूटी पर तैनात था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इस कारण खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मिली सूचना के अनुसार कांस्टेबल पारुन का पत्नी से शुक्रवार रात फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पारुन की पत्नी भी साल 2006 बैच की ही कांस्टेबल है और तीसरी बटालियन में तैनात बताई जाती हैं। बताया जाता है कि वह रात के 1.30 बजे स्मोक करने के लिए बाहर निकला और खुद को गोली मार ली। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। बता दें कि जून माह में भी दिल्ली पुलिस के 34 वर्षीय कांस्टेबल कुलबीर सिंह ने भी आत्महत्या कर ली थी। कुलबीर ने कंझावला इलाके में अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह दिल्ली पुलिस की पीसीआर में कांस्टेबल (ड्राइवर) के पद पर तैनात था।

## सड़क हादसों में खराब वाहनों की आरसी पर बेचते थे चोरी की कारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दो गिरफ्तार, आरोपियों में एक रिसीवर भी शामिल

नॉर्थ जिले के स्पेशल स्टाफ ने ऐसे एक शातिर कार चोर को गिरफ्तार किया है, जोकि सड़क हादसों में खराब हो चुकी वाहनों की आरसी पर चोरी की कारें बेचता था। इसके अलावा एक रिसीवर को भी पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम रहीसुद्दीन और मो. इकरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की चार एसयूवी समेत सात कारें बरामद की है। पुलिस की माने तो आरोपी वाहन को इंदौर से होते हुए गुजरात के शहरों में भेजते थे। वह 60,000 से डेढ़ लाख रुपये तक की कार बेचते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ) मोनिका भारद्वाज ने बताया कि इलाके में वाहन चोरी के मामलों में देखते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल स्टाफ की एक टीम गठित की गई। एसीपी अशोक त्यागी की देखरेख में टीम को आरोपियों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि वाहन चोरी में मेरठ के गिरोह के सदस्य शामिल है। गुप्त सूचना के बाद टीम ने मेरठ से रहीसुद्दीन को चोरी की एसयूवी के साथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी मो. इकरार को भी दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रहीसुद्दीन कबाड़ कारोबारी है, जो बीमा कंपनियों से दुर्घटनाग्रस्त वाहन और उनकी आरसी खरीदता था। फिर इकरार को इसी आरसी के आधार पर वाहन चुराने के लिए कहता था।

## जनपथ पर बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** जनपथ पर बाइक सवार युवक सड़क हादसे का शिकार हो गये। इसमें एक की मौत हो गई व एक गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक का लेडी हार्डिंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक युवक का नाम गुलाम नबी (22) व घायल का शाहनवाज (20) बताया गया है। दोनों नबी करीम पहाड़गंज इलाके के रहने वाले बताये गये हैं। पुलिस के मुताबिक गुलाब नबी अपने परिवार के साथ नबी करीम पहाड़गंज इलाके में रहता था। गुरुवार रात करीब 7:15 बजे वह जनपथ रोड से होते हुए शाहनवाज के साथ कहीं जा रहा था। केएफसी के सामने जनपथ लाल बत्ती के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दोनों युवक हेलमेट पहने थे लेकिन अच्छी क्वालिटी के नहीं थे और हादसे में टूट गये। जिस कारण हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों के सिर में चोटें आई थी। आशंका है कि बाइक की रफ्तार तेज थी और आगे लाल बत्ती पर गाड़ी टर्न ले रही थीं। तेज गति के कारण चालक बाइक पर कंट्रोल नहीं रख सका और एकदम से ब्रेक लेने के चक्कर में बाइक स्लिप हो गई।



### पूर्वी निगम ने सील किए 28 उद्योग, जारी रहेगी सीलिंग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में शुकवार की तरह ही शनिवार को भी सीलिंग की कार्रवाई जारी है। शनिवार को जाफराबाद, कर्दमपुरी और कबीरनगर में भारी विरोध के बीच अधिकारियों ने सीलिंग की कार्रवाई करते शाम तक हुए 28 उद्योग सील किये। इस दौरान मौके पर मौजूद भीड़ ने निगम के अधिकारियों के साथ मारपीट करने की भी कोशिश, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया और कार्रवाई के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। निगम अधिकारियों का कहना है कि शनिवार को उक्त क्षेत्रों में 215 उद्योगों का निरीक्षण किया, जिसमें से 155 उद्योग बंद पाये गए। वहीं, 28 उद्योगों को सील कर दिया गया था। शुक्रवार को 15 उद्योग सील किए गए थें। सीलिंग की कार्रवाई रविवार को भी जारी रहने की सूचना दी गई है।

### दिल्ली वक्फ बोर्ड ने बनाई 3 लीगल हेल्प डेस्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड ने पिछले दिनों दिल्ली व देश के अन्य विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस प्रसाशन द्वारा सताय गए निर्दोष लोगों की कानूनी सहायता करने के लिए तीन लीगल हेल्प डेस्क बनाई हैं। इस बात की दिल्ली वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अमानतुल्लाह खन ने दी है। उन्होंने बताया कि हेल्प डेस्क में बोर्ड के वकीलों की टीम उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ये वकील निर्दोष व्यक्तियों को कानूनी सलाह देने के साथ जरूरत मन्दों के मुकदमे भी मुफ़्त में लड़ेंगे। कानून हेल्प डेस्क का नेतृत्व वकील हिमाल अख्तर करेंगे। ये हेल्प डेस्क ओखला, जाफराबाद और बोर्ड के केंद्रीय कार्यालय दरियागंज में बनाई गई हैं। जरूरमंद इन नबंरों पर 9810456889 (एडवोकेट हिमाल अख्तर), 9811701081(एडवोकेट शाइस्ता सिद्दीकी) पर भी संपर्क कर सकते है।

### टीम बनकर ही स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में प्रथम रैंक कर सकेंगे हासिल : धर्मेंद्र

**नई दिल्ली।** एक टीम के रूप में बनकर ही स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में प्रथम रैंक हासिल कर सकेंगे। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष धर्मेंद्र ने शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आरडब्ल्यूए, एमटीए और जेजे क्लस्टर्स के प्रतिनिधियों के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 के लिए कार्यशाला के उद्घाटन के बाद ये बाते कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण- 2020 में नंबर एक रैंक हासिल करने के लिए एक टीम के रूप में काम करना है। स्वच्छता और स्वच्छता की मुख्य जिम्मेदारी नागरिक निकाय में प्रत्येक नागरिक और अन्य व्यक्ति के सक्रिय समर्थन के साथ-साथ शहर में आगंतुकों के लिए निहित है। इसलिए हम सभी को लक्षित अंक हासिल करना जरूरी है ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में पहली रैंक पर रहे। उन्होंने कहा कि कचरे का पृथक्करण व्यक्तिगत नागरिकों द्वारा एक प्राथमिक प्रयास है जो शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए जरूरी है। वहीं, एनडीएमसी सचिव डॉ. रश्मि सिंह ने इस चुनौती को पूरा करने के लिए सभी प्रतिनिधियों के समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थायी स्वच्छता और स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया। इस मौके पर संबंधित सर्वेक्षण अधिकारी, डॉक्टर्स आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता : अलफोंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नजफगढ़ के यादव भवन में आयोजित युवा नेतृत्व प्रतिभा व समुदाय विकास प्रषिक्षण कार्यक्रम में जिला द्वारका पुलिस उपायुक्त अंटो अलफोंस ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी असफलता के लिए दूसरों पर दोष मढ़ने की बजाये, जीवन में सफलता के लिए योजनाबद्ध तरीके से अभ्यास करना होगा। साथ ही उन्होने देश में महिलाओं प्रति बढ़ते अपराधों पर कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। लेकिन युवाओं को भी इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए तभी हम अपनी बहन-बेटियों को एक सुरक्षित माहौल दे सकेंगे।

माता मूर्तिदेवी महिला मंडल की अध्यक्षा भावना शर्मा व एनवाईके के जिला समन्वयक एस पी सिंह ने बुके देकर मुख्य अतिथि अंटो अलफोंस का स्वागत किया। इस अवसर पर नजफगढ़ एसीपी विजय सिंह यादव, नजफगढ़ एसएचओ सुनील कुमार गुप्ता, बाबा हरिदास नगर एसएचओ सी आर मीणा, एनवाईके के राज्य निदेशक एन के सिंह, एसडीएम सतीश कुमार गुप्ता व दिचाऊं वार्ड की पार्षद नीलम कृष्ण पहलवान, यादव चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक रघुनाथ सिंह प्रधान, माता मूर्ति देवी महिला मंडल के संरक्षक व चेयरमैन शिव कुमार यादव कैंप में एनवाईके के जिला दक्षिण–पश्चिम नजफगढ़ व जिला नांगलोई के करीब 100 बच्चों ने भाग लिया।

### नया पद नाम देने के लिए हड़ताल के लिए जुटे निगम डीबीसी कर्मी

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।** दिल्ली की तीनों नगर निगमों के डेंगू ब्रिडिंग चेकर्स (डीबीसी) कर्मचारी नया पद देने के लिए हड़ताल की तैयारी में जुट गए हैं। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष देव आनंद शर्मा का कहना है कि अभी तक डीबीसी कर्मचारियों का कोई पद नाम नहीं हैं। नया पद नाम देने के आश्वासन के बावजूद अभी तक उनका मामला अधर में लटका हुआ है। इसको लेकर डीबीसी कर्मचारियों में काफी रोष है। यूनियन ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर निगम प्रशासन नहीं माना तो विधानसभा चुनाव में निगम नेताओं का बहिष्कार किया जाएगा। प्रशासन ने फील्ड वर्कर व स्थायी करने संबंधी बाकायदा मिनट्स भी जारी किए गए थे, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। यूनियन नेताओं का कहना है कि जिस दौरान हड़ताल खत्म की गई थी, उस दौरान कहा गया था कि सभी डीबीसी कर्मचारियों को फील्ड वर्कर का पद देकर जल्द ही स्थायी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। 400 पद खाली पड़े हैं, पहले उन्हें भर दिया जाएगा। उसके बाद वष्ठिता के हिसाब से उन्हें स्थायी करते जाएंगे, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। तीनों निगमों में करीब 35 सौ डीबीसी कर्मी हैं।

- नहीं माना प्रशासन तो चुनाव में भी होगा बहिष्कार

### ग्रेटर कैलाश में दिया था चोरी को अंजाम

# दो करोड़ की चोरी का खुलासा दंपति समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण जिले के ग्रेटर कैलाश इलाके में सेंधमारी करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक दंपति भी शामिल है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर करीब दो करोड़ कीमत की हीरे, सोने और चांदी की ज्वेलरी, बेशकीमती घड़ियां समेत अन्य कीमती सामान बरामद किया है। पकड़े गए सेंधमारों के नाम सुल्तानपुरी निवासी राजू उर्फ टोपीवाला (40), उसकी पत्नी पिंकी (36), हन्नी कुमार (23) और सगीर (50) बताये गये हैं। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार राजू मूलरुप से एटा यूपी का रहने वाला है। वह यहां वर्ष 1990 में काम की तलाश में आया था, लेकिन गलत संगत में पड़ कर चोरी करने लगा। वह 10 से ज्यादा सेंधमारी के मामलों में शामिल रह चुका है। 20 दिसंबर को ग्रेटर कैलाश में एक घर के अंदर हुई चोरी में भी इसी का हाथ था। इसकी जानकारी पुलिस को तब हुई जब इलाके में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में उसकी तस्वीर कैद हुई थी। इसके बाद पुलिस ने राजू के बारे में जानकारी जुटायी और 25 दिसंबर को उसे पकड़ा गया।

उसकी निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद हो गया। उसने बताया कि चोरी की इस घटना में पत्नी और अन्य दो लोग भी शामिल थे। इसके बाद अन्य तीनों को दबोचा गया। आरोपियों में सगीर चिराग दिल्ली और अन्य तीन सुल्तानपुरी इलाके के रहने वाले हैं।

### बदमाशों ने युवक पर किया चाकू से ताबड़तोड़ हमला

नई दिल्ली। पटेल नगर थाना इलाके में दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक का दोस्त जब उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसे चाकू दिखाकर पीछे कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल युवक का नाम हर्षित बेनीवाल (21) है। पुलिस ने हर्षित बेनीवाल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, हर्षित, प्रेम नगर, गली नंबर-छह में सपरिवार रहता है। वह पत्राचार से बीकॉम थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। शुक्रवार शाम करीब 7:00 बजे वह अपने दोस्त के साथ भीम पार्क के पास खड़ा था। इसी बीच आरोपी शिवम और देव उसके पास आए। इससे पहले वह कुछ समझ पाता आरोपियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हर्षित पर हमला होता देख उसका दोस्त उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसे चाकू दिखाकर पीछे कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक हर्षित की कमर कंधे पर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू से वार किया गया है।

## छह करोड़ की लाल चंदन की लकड़ी बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जनकपुरी थाने की पुलिस ने चंदन तस्करी के एक इंटरनेशनल रैकेट का खुलासा करते हुये दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद लकड़ी की भारतीय कीमत डेढ़ करोड़ जबकि चाइनीज मार्केट में कीमत छह करोड़ रुपये आंकी गई है। तस्करों से 228 पीस में 1280 किलो लाल चंदन की लकड़ी बरामद हुई है।

डीसीपी दीपक पुरोहित के अनुसार एसीपी राम सिंह की देखरेख में एसएचओ जयप्रकाश की टीम ने इस मामले का खुलासा किया है। गिरफ्तार किये गये दोनों लोगों के नाम ऋषि माखन और राम प्रकाश है। दोनों पालम विहार, गुरुग्राम और जीवन पार्क उत्तम नगर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार इस लकड़ी को ये लोग एक टेंपो में भरकर ले जा रहे थे। एसएचओ जय प्रकाश, सब इंस्पेक्टर संदीप, सहायक सब इंस्पेक्टर विजेंदर, कांस्टेबल संदीप और करण की टीम ने जनकपुरी के असालतपुर के पास इनका टैंपो रोका था। जांच करने पर टैंपो में से चंदन की लकड़ी प्लास्टिक के बैग में लिपटी हुई थी। ऋषि माखन टैंपो के पीछे-पीछे चल रहा था। पुलिस टीम ने उसे भी पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर फॉरेस्ट ऑफिसर को बुलाया गया और चंदन की लकड़ी का वजन किया। लगभग 1280 किलो लकड़ी की कीमत चाइनीज मार्केट में छह करोड़ बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ इंडियन फॉरेस्ट एक्ट के तहत जनकपुरी थाना में मामला दर्ज किया है। ऋषि ने पूछताछ में बताया कि वह छह महीने से इस धंधे में शामिल था। उसका पार्टनर विक्टर चेन्नई में रहता है, जो चंदन की तस्करी का धंधा करता है। वह तमिलनाडू और चेन्नई से लकड़ी देश और विदेशों में अवैध रूप से सप्लाई करता है। नेपाल और चाइना के तस्करों से उसके संबंध हे।

## खबर संक्षेप

### दंगाइयों की पहचान करने के लिए पैनल गठित

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 20 दिसंबर को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्त्व में एक पैनल का गठन किया है। शनिवार को पैनल प्रभारी तथा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अमित सिंह ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान का आकलन करने तथा इस करतूतों को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि संपत्ति के नुकसान के 25 मामले मिले हैं और नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए पुलिस रिपोर्ट मांगी गई है।एडीएम ने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद, पहचान किए गए लोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

### विरोध को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने फर्जीवाड़ा बताया

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध 51 प्रोफेसरों द्वारा नागरिकता कानून (सीएए) और प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ चलाये गए हस्ताक्षर अभियान को एक प्रोफेसर ने फर्जीवाड़ा करार दिया है। इलाहाबाद विश्वविदयालय के प्रोफेसर विकास कुमार ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में धांधली की गई है और गलत तथ्य दिखा कर उनसे हस्ताक्षर कराया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने जिस पत्र पर हस्ताक्षर किया था उसपर एनआरसी के बारे में जागरूकता के लिए चर्चा और संगोष्ठी के आयोजन की बात लिखी थी। बाद में उस पन्ने को बदल कर प्रस्तुत किया गया जिसमें एनआरसी का विरोध दर्शाया गया। विकास कुमार ने बताया कि वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं और बीएचयू के छात्र रह चुके हैं।

## केंद्र व यूपी सरकार की तुलना ब्रिटिश हुकूमत से करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा

# हम आजादी के समय भी ऐसी ही शक्तियों से लड़े थे

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

कांग्रेस के 135 वें स्थापना दिवस पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए भाजपा सरकार की तुलना ब्रिटिश हुकूमत से की। और कहा कि आज देश की सत्ता पर वहीं शक्तियां काबिज हैं जिनसे हम आजादी के वक्त लड़े थे।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की तुलना ब्रिटिश हुकूमत से करते हुए शनिवार को कहा कि आज देश में वे ही शक्तियां सत्ता पर काबिज हैं जिनसे हम आजादी के वक्त लड़े थे।

**कांग्रेस के 135वें स्थापना दिवस पर बोला भाजपा पर हमला**

कांग्रेस के 135वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज देश संकट में है। देश के कोने-कोने में नौजवान और विद्यार्थी इस देश के संविधान पर प्रहार करने वाले कानूनों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं मगर सरकार दमन और भय से उन आवाजों को बंद करना चाहती है। जब-जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है और भारत माता की आवाज दबायी जाती है तब-तब कांग्रेस उठकर चुनौती स्वीकार करती है। कांग्रेस कार्यकर्ता के दिल में तथा कर्मों में डर और हिंसा के लिये कोई जगह नहीं है। उन्होंने भाजपा की तुलना ब्रिटिश हुकूमत से करते हुए कहा कि आज देश में वो ही शक्तियां सरकार चला रही हैं जिनसे हमारी ऐतिहासिक टक्कर रही है। एक दमनकारी विचारधारा है।

### प्रियंका की सुरक्षा में सेंध

**लखनऊ।** कांग्रेस के स्थापना दिवस पर शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में एक कार्यकर्ता सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलने मंच पर जा पहुंचा। कांग्रेस राज्य मुख्यालय पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह में प्रियंका जब मंच पर बैठी थी तभी गुरमीत सिंह नामक एक कार्यकर्ता प्रियंका का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए उनसे मिलने के लिए मंच पर जा पहुंचा। गुरमीत को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू रोकने की कोशिश की।



### देशभक्ति के नाम पर डर फैलाना चाहते हैं

प्रियंका ने कहा कि जिन्होंने आजादी के संघर्ष में कोई योगदान नहीं दिया, आज वे देशभक्ति का नाम लेकर देश भर में डर फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान के खिलाफ कानून बनाती है और फिर विरोध करने वालों का दमन करती है। बिजनौर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 21 साल के एक गरीब लड़के की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने परिवार को उसके शव को 40 किलोमीटर दूर दफनाने के लिए मजबूर किया। उसके परिवार को धमकाया। उस लड़के की तरह

### अफवाह फैलाने वालों में डर पैदा करने के लिए कड़ी कार्रवाई करें : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) को लेकर अफवाह फैलाने वालों में डर पैदा करने वाली कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



योगी ने वाराणसी के सर्किट हाउस में जिले की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि संशोधित नागरिकता कानून एनआरसी और एनपीआर के बारे में अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए ताकि ऐसे तत्वों में 'भय' व्याप्त हो। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि वाराणसी में सीएए के संबंध में हुए विवाद को प्रभावी ढंग से सुलझाया गया है।

### शपथ ग्रहण की तैयारियों को लेकर सीएस ने दिए निर्देश

## हर स्तर पर हो आपसी समन्वय सुनिश्चित



एजेंसी ▸▸ रांची

29 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के शपथ समारोह के आयोजन को लेकर मुख्य सचिव डॉ. डीके तिवारी ने अधिकारियों के साथ झारखंड मंत्रालय में उच्चस्तरीय बैठक कर कई निर्देश दिए।

उन्होंने तैयारियों पर निर्देश देते हुए हर स्तर पर समन्वय बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि समारोह में शामिल होने वाले अति विशिष्ट अतिथियों को प्रोटोकॉल के अनुसार सारी सुविधाएं मिले। वहीं समारोह के दौरान सभी विशिष्ट अतिथियों और आमजनों की सुविधा पर भी फोकस रखने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव ने शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करनेवाले राजकीय अतिथियों की आगवानी, उनके ठहरने, समारोह स्थल तक जाने से लेकर उनकी विदाई तक की जिम्मेदारी एक संपर्क अधिकारी को देने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि संपर्क अधिकारी पूर्व से चिह्नित राजकीय अतिथि से संपर्क में रहेंगे और रांची आने व यहां से लौटने तक उनकी सुविधा का ध्यान रखेंगे। वहीं दक्षिण भारत से आनेवाले अतिथियों को भाषाई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए अंग्रेजी बोलने-समझने वाले अधिकारियों को उनके साथ जोड़ने को कहा। अतिथियों के ठहरने की जगह से लेकर समारोह स्थल और विदाई स्थल तक सुरक्षा के इंतजाम के निर्देश डीजीपी को दिये गये। डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा की कमान आईजी नवीन कुमार सिंह संभालेंगे। अतिथियों के अवासन से लेकर समारोह स्थल तक पुलिस ड्राइ रन कर व्यवस्था को चाक-चौबंद बनायेगी।

### साजिश में शामिल नेताओं को बख्शा नहीं जाएगा: मौर्य

**गाजियाबाद।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के विरोध के दौरान 20 उपद्रवी मारे गए हैं जिनकी जांच शुरू हो गई है। इस साजिश में जिन भी नेताओं के नाम जांच में सामने आएंगे उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## सुको की निगरानी में हो हिंसा की न्यायिक जांच : फातमी

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री एम.ए. फातमी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ हाल में पूरे देश में जगह-जगह हुई हिंसा के मामलों की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की है। फातमी ने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के साथ-साथ देश के विभिन्न इलाकों में हुई हिंसा में मासूमों पर ज्यादती करने वाली पुलिस के खिलाफ तभी कार्रवाई होगी जब न्याय की रक्षा के लिए न्यायपालिका खुद जिम्मेदारी लेगी। पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने मांग की कि देश में जगह-जगह हाल में हुई हिंसा की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भड़काऊ और ध्रुवीकरण करने वाले बयान जारी कर रहे हैं और पुलिस अधिकारी हिंसा की आग को बुझाने की बजाय उसमें घी डालने का काम कर रहे हों तो उस सूरत में सिर्फ अदालतें ही देश और समाज की रक्षा कर सकती हैं।

### पुलिस ने कुबूल की रोजेदार छात्रों की इफ्तार दावत

**अलीगढ़।** संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में हाल में हुई हिंसा में आमने-सामने खड़े छात्र और पुलिस शुक्रवार को इफ्तार के दौरान एक ही दस्तरख्वान पर नजर आये। एएमयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष फैजुल हसन ने शनिवार को बताया कि सीएए के खिलाफ देश में हुए हिंसक प्रदर्शन में हताहत हुए लोगों के लिए शुक्रवार को धर्मगुरुओं के आह्वान पर अनेक छात्रों ने रोजा रखा था। शाम को छात्रों ने बाब-ए-सैयद गेट के पास इफ्तार के वक्त परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों से भी इफ्तार में शामिल होने का आग्रह किया था।

### एएमयू के एक हजार अज्ञात छात्रों पर केस

**अलीगढ़।** रैपिड एक्शन फोर्स ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के एक हजार अज्ञात छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरएएफ के कमांडेंट पुनीत कुमार ने शनिवार को बताया कि गत 15 दिसंबर को एएमयू परिसर में हुई हिंसा के मामले में विश्वविद्यालय के एक हजार छात्रों के खिलाफ पिछले 23 दिसंबर को मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि इन छात्रों पर बलवा करने और सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

## सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शरीक होंगे मांझी, औवेसी की रैली से किनारा

**पटना।** हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवेसी की रविवार को किशनगंज में होने वाली रैली से किनारा करते हुए झारखंड में हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शरीक होने का ऐलान किया है। औवेसी की रैली में शामिल होने के मांझी के फैसले से बिहार में विपक्षी महागठबंधन की भौहें तन गई थीं क्योंकि उनकी पार्टी कांग्रेस और राजद समेत पांच दलों के महागठबंधन का हिस्सा है। मांझी ने कहा कि सोरेन ने उन्हें फोन करके शपथ ग्रहण समारोह में आशीर्वाद देने के लिए कहा है।

**बदला फैसला**



सोरेन का फोन आने के बाद मैंने सोचा कि झारखंड बिहार का पड़ोसी राज्य है और इस समारोह का राजनीतिक महत्व होगा क्योंकि इसमें कई मुख्यमंत्रियों और राजनीतिक नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। जब सीएए, एनआरसी और एनपीआर के विरोध की बात आती है तो वे सभी वहीं खड़े हैं जहां मैं खड़ा हूं। लिहाजा, मैंने किशनगंज जाने के बजाय रांची जाने का फैसला लिया है। **-जीतनराम मांझी**


## राशिफल 29 दिसंबर 2019



**डॉ. प्रेम कुमार शर्मा**
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : गृहणियां काम में देरी के चलते कुंठित महसूस करेंगी। परिवार के साथ छुट्टियों पर जाना मुश्किल हो सकता है। आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। **शुभ अंक:** 22, **रंग** : गाढ़ा नीला।

**वृष:** परिवार से दूर रहे लोगों को परिवार से मिलने का मौका मिलेगा। कोई अच्छा मौका हाथ लग सकता है। समाज में कोई आपकी प्रतिष्ठा को हानि पहुंचाने की कोशिश करेगा। **शुभ अंक:** 7, **रंग:** आसमानी।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र पर काम की अधिकतता रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। किसी बिजनेस ट्रिप पर जाकर एंजॉय करेंगे। किसी पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंक** : 1, **रंग:** गुलाबी।

**कर्क:** रिटेल व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। खूबसूरत जगह यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। काम का दबाव रहेगा। घर के लिए महंगी चीज की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक:** 17, **रंग:** डार्क ग्रे।

**सिंह:** आय के नए स्त्रोत खुलेंगे। फ्री लांसिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। परिवार के सदस्य किसी काम में आपकी मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। **शुभ अंक:** 18, **रंग:** सफेद।

**कन्या:** प्रोफेशनली, पर्सनली दिन अच्छा रहेगा। परिवार को पहले से ज़्यादा समय देंगे। यात्रा पर जाना महंगा साबित होगा। काम को तय सीमा में पूरा करने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक:** 5, **रंग:** एक्वॉ ग्रीन।

**तुला:** कार्यक्षेत्र पर काम से दूसरों को प्रभावित करेंगे। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र पर छाप छोड़ने में कामियाब होंगे। किसी मामले पर असमंजस में रहेंगे। **शुभ अंक:** 11, **रंग** : हल्का नीला।

**वृश्चिक:** परिवार के किसी सदस्य को लेकर चिंतित हो सकते हैं। किसी नई जगह घूमने का मौका मिल सकता है। समाज में आपके प्रयासों की सभी तारीफ करेंगे। **शुभ अंक:** 2, **रंग** : सफेद।

**धनु:** परिवार के किसी बुजुर्ग की सेहत को लेकर चिंतित हो सकते हैं। किसी बिजनेस ट्रिप पर जाने से पहले अच्छे से प्लानिंग कर लें। कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। **शुभ अंक** : 9, **रंग:** मरुन।

**मकर:** कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेंगी। परिवार में विचारों में मतभेद हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र पर धन संबंधित समस्या हो सकती है। समाज के किसी समारोह में हिस्सा लेंगे। **शुभ अंक** : 3, **रंग:** पीला।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर सभी काम की तारीफ करेंगे। घर के कामों में जीवनसाथी की मदद करेंगे। यात्रा पर जाने में देरी हो सकती है। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक** : 8, **रंग:** हरा।

**मीन:** मेहमान के आने से घर का माहौल खुशनुमा होगा। किसी जगह पहुंचने में देरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र पर काम की तारीफ होगी। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 4, **रंग** : इंडिगो।

**: टिप्स :**

1. जिस करियर में आप मुकाम हासिल करना चाहते हैं उसका पूरा विवरण एक कागज पर लिखकर फ्रेम करवा लें और उसे अपने सामने लगा कर रखें। मंजिल मिलने में आसानी होगी।
2. घर में जब आप जरुरत से ज्यादा सामान या फर्नीचर भर लेते हैं तो वहां ऊर्जा का प्रवाह धीमा हो जाता है। कोशिश करें कि घर में कम से कम सामान रखा हो ताकि घर खुला- खुला सा और हल्का लगे।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899


## तलाक पीड़ित महिलाओं को प्रतिवर्ष 6000 रुपये देगी यूपी सरकार

एजेंसी ▸▸ लखनऊ



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं और हिंदू परित्यक्ताओं के लिए पेंशन का प्रस्ताव लेकर आई है। नए साल में योगी सरकार प्रति वर्ष तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं और हिंदू परित्यक्ताओं को 6000 रुपए देने जा रही है।

जानकारी के मुताबिक 500 रुपए मासिक के तौर पर यह रकम तीन तलाक से पीड़ित और पतियों से परित्यक्त औरतों को दी जाएगी। सरकार ने इस योजना का पूरा प्रस्ताव तैयार कर लिया है और इसे अगले कैबिनेट में लाने की पूरी तैयारी है।

फिलहाल पांच हजार तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं और हिंदू परित्यक्ता औरतों की सूची तैयार है जिन्हें मार्च के अंत तक पहली किस्त दी जाएगी।

बीते सितंबर में ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि तीन तलाक पीड़िताओं के साथ-साथ सभी धर्मो की पति द्वारा त्यागी गई महिलाओं को 6 हजार रुपये सालाना सहायता राशि दी जाएगी। उस दौरान तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तीन तलाक पीड़िताओं की निःशुल्क पैरवी करेगी।

साथ ही उन्होंने कहा था कि पीड़ित महिलाओं के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, पात्रता के अनुसार उनको केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। साथ ही पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास के लिए 6000 रुपये सालाना अनुदान देने की योजना भी बनेगी।

## पराली से इनकम के उपाय पर सरकार करेगी काम : नीतीश

**शेखपुरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जल और हरियाली रहेगी, तभी बचेगा जीवन। जीवन को सुरक्षित करने और पर्यावरण को बचाने के लिए जल जीवन हरियाली योजना पर प्रमुख रूप से फोकस किया जा रहा है। महात्मा गांधी ने भी कहा है कि पृथ्वी मनुष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा, परंतु उसके प्रलोभन का नहीं। अतः हम सब को एक साथ जागरूक होकर जल जीवन और हरियाली को संरक्षित करने के लिए आगे आना होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को शेखपुरा में जल जीवन हरियाली यात्रा के दौरान आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसानों से पुआल (पराली) नहीं जलाने की अपील की और कहा कि पुआल से इनकम पर सरकार योजना बना रही है। शेखपुरा के मटोखर में सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि शेखपुरा की धरती भगवान बुद्ध की धरती रही है और मुंगेर गजेटियर में भी इसका वर्णन है।



अतः इस धरती को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास सरकार के स्तर पर किए जाएंगे। इसके पहले मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने जल जीवन हरियाली जागरूकता से संबंधित झांकियों को देखा। उन्होंने कहा कि जल जीवन और हरियाली योजना के तहत सभी तालाब पोखर और कुओं को अतिक्रमण मुक्त करते हुए उसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। सभी सरकारी भवनों पर जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग और चापाकल बोरिंग के आसपास सोखता का निर्माण किया जाएगा।

## तन-मन' से जनता की सेवा की, हार का मलाल नहीं: रघुवर दास

एजेंसी ▸▸ रांची



झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पूरे पांच वर्ष 'तन-मन' से राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की सेवा की लेकिन जनता ने जो जनादेश दिया है वह भी शिरोधार्य है उसका मलाल नहीं है।

दास ने कहा कि पांच वर्ष के मेरे कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि है शासन और जनता में विश्वास का रिश्ता कायम करना। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा को बहुमत दिया। प्रधानमंत्री ने वादा किया था, 'आप हमें पूर्ण बहुमत दें और हम आपको संपूर्ण विकास देंगे और जनता ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर विश्वास किया। दास ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद से जो जनता हताश और निराश थी उसमें सरकार और शासन के प्रति विश्वास वापस लाना मेरी पहली जिम्मेदारी थी और पांच वर्ष में मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि शासन के प्रति जनता के मन में हम विश्वास वापस लाने में सफल रहे। घमंडी और अड़यिल होने के अपने उपर लगे आरोपों के बारे में पूछे जाने पर दास ने कहा कि मैं घमंडी और अड़यिल कत्तई नहीं हूं। हां मैं स्पष्टवादी अवश्य हूं क्योंकि मेरे मां-बाप ने हमें बचपन से यही सिखाया है। यह मेरे खून में है।

उन्होंने कहा कि जब मैं विकास की बात करता हूं, जब राज्य को आगे ले जाने की बात कहता हूं तो मुझे अहंकारी बोला जाता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अंदर से ध्वस्त रहता है।

### जम गया तालाब, मैक्लुस्कीगंज में तापमान 0 डिग्री

# कश्मीर से कम नहीं झारखंड का किरीबुरू

एजेंसी ▸▸ रांची

यदि आप पर्यटन के शौकीन हैं और ठंड के मौसम में बर्फ का मजा लेने कश्मीर नहीं जा पा रहे हैं, तो आप झारखंड में भी इसका मजा ले सकते हैं। कश्मीर के जमे हुए डल झील को देखने के लिए अब आपको करीब डेढ़ हजार किलोमीटर की दूरी तय करने की जरूरत नहीं है। आप किरीबुरू में ही कश्मीर का मजा ले सकते हैं।



▸▸ लेक गार्डन तालाब के पानी की ऊपरी सतह पर बर्फ की पतली परत जम गई यह दृश्य देखकर वहां के लोग आश्चर्यचकित रह गए

पश्चिमी सिंहभूम के किरीबुरी और गुवा में अभी से इतनी ठंड पड़ने लगी है कि पानी जम गये हैं। किरीबुरू और गुवा ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। गढ़वा जैसे क्षेत्र में दिन के 11 बजे तक कोहरा छाया रहा, जबकि रंका में ओस की बूंदें जमकर बर्फ बन गयीं। मैक्लुस्कीगंज में पारा 0 डिग्री दर्ज किया गया। क्षेत्र के निंद्रा गांव में ओस की बूंदें जम गयी हैं।

शनिवार सुबह शहर के मेन मार्केट हाटिंग व अन्य क्षेत्रों जैसे लेक गार्डन तालाब, सारंडा सुवन छात्रावास के ठीक नीचे खाई क्षेत्र में बर्फ जम गयी थी। घास पर गिरी ओस की बूंदें बर्फ बन चुकी थी। इसके अलावा लेक गार्डन तालाब के पानी का ऊपरी सतह भी जम गया था।

तालाब बिना शिकारे का डल झील बन गया था। दिन ढलने के बाद जब धूप खिली, तो जमी हुई बर्फ पिघल गयी।

किरीबुरू शहर का तापमान तीन डिग्री तक गिर गया, तो गुवा का तापमान 2 डिग्री रहा। सुबह-सुबह शहर के मेन मार्केट हाटिंग व अन्य क्षेत्रों के लोग शौच करने के लिए घरों से निकले, तो रास्ते में उनके पैर फिसलने लगे। पहले तो उन्हें एहसास ही नहीं हुआ कि ऐसा क्यों हो रहा है, लेकिन जब उन्होंने नीचे देखा, तो मालूम हुआ कि घास पर गिरी ओस की बूंदें बर्फ बन चुकी हैं। इसलिए उनके पैर फिसल रहे हैं। इतना ही नहीं, लेक गार्डन तालाब के पानी के ऊपरी सतह पर भी बर्फ की पतली परत जम गयी थी। यह दृश्य देखकर वहां के लोग आश्चर्यचकित रह गये।

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने कई इलाकों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने मौसम का जो अनुमान जारी किया था, उसमें 28 दिसंबर को पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग, साहिबगंज, गोड्डा, देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, पलामू और गढ़वा जिलों के कुछ इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी दी थी। मौसम विभाग ने, गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा में ठंड बढ़ने की बात कही थी।

इतना ही नहीं, विभाग ने गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में शीतलहर की चेतावनी जारी की थी। मौसम विभाग ने 1 से 3 जनवरी 2020 के बीच कुछ जगहों पर बारिश का भी अनुमान जताया है। 1 जनवरी को पश्चिमी और मध्य झारखंड के कुछ जिलों में बारिश हो सकती है, तो 2-3 जनवरी को पूरे झारखंड में अलग-अलग जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

### हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बांदा।** बांदा जिले के गिरवां क्षेत्र में घने कोहरे के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली के मोटरसाइकिल से टकरा जाने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे मोरवां गांव के नजदीक चमरिहा नहर के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। उनकी पहचान कालू तिवारी (40) और शीलू उर्फ सुनील लोधी (30) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर- ट्रॉली भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई जिससे उसका चालक घायल हो गया। सूत्रों ने बताया कि पहली नजर में यह हादसा घने कोहरे की वजह से हुआ लगता है। इस संबंध में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## खबर संक्षेप



### एनएचएआई का अधिकारी एक लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़

**छतरपुर, (मप्र)।** लोकायुक्त पुलिस के दस्ते ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण :एनएचएआई: के एक अधिकारी को राजमार्ग पर पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र :एनओसी: देने के एवज में एक व्यक्ति से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। लोकायुक्त पुलिस के उपाधीक्षक राजेश खेड़े ने बताया कि एनएचएआई के छतरपुर कार्यालय के प्रबंधक एस के अग्निहोत्री को शुक्रवार रात को पेट्रोल पंप के लिये एनओसी जारी करने के एवज में शिकायतकर्ता गणेश कोरी से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कोरी की शिकायत के हवाले से बताया कि भोपाल-लखनऊ राजमार्ग पर केरवाना गांव के पास पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिये कोरी ने एनओसी के लिये आवेदन किया था।

### लोगों को मूल कर्तव्यों का ज्ञान कराने का अभियान चलाएं : राज्यपाल

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि लोगों को मूल कर्तव्यों का ज्ञान कराने के लिए अभियान चलाया जाए। राज्यपाल मिश्र शनिवार को यहां भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि मूल अधिकारों की तो सभी बात करते हैं लेकिन मूल कर्तव्यों की जानकारी भी लोगों को करानी होगी। मिश्र ने कहा कि लोगों को सम्पर्क, सहयोग, संस्कार और समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ाना होगा।

## अमित शाह ने आईटीबीपी मुख्यालय का किया दौरा

# चीन सीमा पर चल रही तैयारियों की समीक्षा की

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान शाह ने चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संचालनात्मक तैयारियों की समीक्षा की।

शाह के साथ गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय और गृह सचिव अजय भल्ला भी मौजूद थे। उन्होंने लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में बल के मुख्यालय में करीब चार घंटे बिताए। मोदी सरकार में गृह मंत्री बनने के बाद सीमा की निगरानी करने वाले इस बल के मुख्यालय का शाह का यह पहला दौरा था। इससे पहले संचालनात्मक समीक्षा के लिये वह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के मुख्यालय का दौरा कर चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि आईटीबीपी के महानिदेशक एसएस देसवाल के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों ने एक प्रजेंटेशन दिया और मंत्री को 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बलों की तैनाती के बारे में जानकारी दी।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 13 मछुआरों को हिरासत में लिया

**रामेश्वरम।** तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले के 13 मछुआरों को शनिवार को श्रीलंका में एक तट के पास स्थित नेदुन्थिवु में मछली पकड़ते हुए श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। नौसेना कर्मियों ने विदेशी जल में मछली पकड़ने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया। मत्स्य कुमारसेन के सहायक निदेशक के अनुसार लंका के नौसैनिकों ने मछुआरों को उनकी तीन यांत्रिक नावों सहित गिरफ्तार कर जाफना के कानकेसनतुरई में कार्रवाई के लिए ले गए।



## मायावती का प्रियंका पर पलटवार- कांग्रेस ने की दलितों की अनदेखी, बनानी पड़ी बीएसपी

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी पर पलटवार करते हुए पर जमकर निशाना साधा है। मायावती ने कांग्रेस की 'भारत बचाओ, संविधान बचाओ' रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को सत्ता में रहते वक्त जनता के हितों की याद क्यों नहीं आई। उन्होंने कहा कि दूसरों पर चिंता व्यक्त करने के बजाए कांग्रेस स्वयं अपनी स्थिति पर आत्म चिंतन करती तो बेहतर होता। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस आज अपनी पार्टी के स्थापना दिवस को भारत बचाओ, संविधान बचाओ के रूप में मना रही है। इस मौके पर दूसरों पर चिंता व्यक्त करने के बजाए कांग्रेस स्वयं अपनी स्थिति पर आत्म-चिंतन करती, तो यह बेहतर होता, जिससे निकलने के लिए उसे अब किस्म-किस्म की नाटकबाजी करनी पड़ रही है। दूसरे ट्वीट में मायावती ने लिखा कि भारत बचाओ, संविधान बचाओ की याद कांग्रेस को तब क्यों नहीं आई जब वह सत्ता में रहकर जनहित की घोर अनदेखी कर रही थी, जिसमें दलितों, पिछड़ों व मुस्लिमों को भी उनका संवैधानिक हक नहीं मिल पा रहा था, जिसके कारण ही आज बीजेपी सत्ता में बनी हुई है, तभी फिर बीएसपी को भी बनाने की जरूरत पड़ी।



## हार के बाद रघुवरदास ने शाह से की मुलाकात

**हरिभूमि ब्यूरो,नईदिल्ली।** झारखंड विधानसभा की हार के बाद भाजपा ने सूबे में हुई रणनीतिक चूक को लेकर विचार-विमर्श करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर सूबे के निवर्तमान मुख्यमंत्री रघुवरदास को दिल्ली बुलाकर उनसे पार्टी अध्यक्ष अमित शाह व अन्य नेताओं ने चर्चा की। आदिवासी बहुल राज्य में गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने का उसका प्रयोग सफल नही हुआ। दास लगातार 5 साल मुख्यमंत्री रहकर भी सूबे में अपनी पैठ नहीं बना पाए। इसी को लेकर पार्टी अध्यक्ष शाह ने उन्हें दिल्ली तलब किया। माना जा रहा है कि दास ने हार के कारणों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को विस्तार से जानकारी दी।



## वीडियो में दाऊद का जन्मदिन मनाते व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** मुंबई के डोंगरी से एक व्यक्ति को कथित रूप से एक पत्रकार को धमकाने के लिये गिरफ्तार किया गया है। पत्रकार ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का जन्मदिन मनाते हुए उस व्यक्ति का वीडिया सोशल मीडिया पर साझा किया था। 1993 के मुंबई बम धमाकों का मुख्य आरोपी दाऊद बृहस्पतिवार को 64 साल का हो गया। इसपर डोंगरी निवासी अजहर फिरोज मनियार उर्फ शेरा चिकना ने फेसबुक पर एक वीडियो डाली जिसमें वह कथित रूप से दाउद का जन्मदिन मनाता दिख रहा है। माना जाता है कि दाऊद पाकिस्तान में छिपा हुआ है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय पत्रकार मोहसिन शेख ने वीडियो को यू-ट्यूब पर अपलोड कर उसे वायरल कर दिया और फिर वाट्सऐप समूहों पर उसे फॉरवर्ड कर दिया। इसके बाद मनियार ने उसे धमकी दी। उन्होंने कहा कि शेख ने शुक्रवार को गोरेगांव थाने में शिकायत की। इसके बाद मुंबई अपराध शाखा ने उसी दिन उसे गिरफ्तार कर लिया।

## खत्म हुआ शेख अब्दुल्ला जयंती पर अवकाश

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अगले साल के लिए घोषित सरकारी अवकाश की सूची में पूर्व मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला की जयंती और शहीद दिवस को हटा दिया है लेकिन 26 अक्टूबर जिसे 'विलय दिवस' के तौर पर मनाया जाता वह, उसे इस सूची में जगह दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के उपसचिव जी एल शर्मा की ओर से शुक्रवार देर रात जारी सूची के मुताबिक 2020 में जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में 27 सरकारी छुट्टियां मनाई जाएंगी जो 2019 की तुलना में एक कम हैं। इस साल 28 सरकारी छुट्टियां घोषित की गईं थी। एक आदेश में बताया गया कि दो सरकारी छुट्टियों - 13 जुलाई को मनाया जाने वाला शहीद दिवस और पांच दिसंबर को मनाई जाने वाली शेख अब्दुल्ला की जयंती को 2020 के लिए जारी छुट्टियों की सूची में से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, इन छुट्टियों की सूची में 26 अक्टूबर को मनाए जाने वाले 'विलय दिवस' को अगले साल की छुट्टी के तौर पर शामिल किया गया है।



### छुट्टी खत्म करना शर्मनाक : माकपा

माकपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने शनिवार को कहा कि 2020 के सार्वजनिक अवकाशों की सूची से शहीद दिवस और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शेख मोहम्मद अब्दुल्ला जयंती की छुट्टी खत्म किए जाने को शर्मनाक बताया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने कहा कि ऐसे फैसलों से जनता प्रशासन से अलगाव महसूस करने को बाध्य होगी। वरिष्ठ माकपा नेता एम वाई तारीगामी ने कहा कि कोई भी यह समझने में असमर्थ है कि ऐसे बेतुके आदेशों से प्रशासन क्या हासिल करना चाहता है।

## पुस्तक विमोचन...




उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अरुण जेटली की पत्नी संगीता जेटली ने शनिवार को नई दिल्ली में अरुण जेटली पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया।

### कांग्रेस ने मनाया 135 वां स्थापना दिवस

## सोनिया ने किया ध्वजारोहण

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को 135वें स्थापना दिवस का जश्न मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दिल्ली के मुख्यालय में तिरंगा फहराया। इस मौके पर पार्टी की ओर से संदेश जारी किया गया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि उसके लिए सदा सबसे पहले भारत है।

कांग्रेस पार्टी के ट्विटर वॉल पर लिखा गया कि देश के लिए बलिदान कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे ऊपर है। हमारी स्थापना के बाद से, स्वतंत्रता आंदोलन के दैरान और आगे भी हमेशा सबसे पहले भारत है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं ने दशकों से देश में बिना स्वार्थ के योगदान दिया है। स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, पार्टी के वरिष्ठ नेता एके एंटनी, अहमद पटेल और कई अन्य नेता मौजूद थे. स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी शनिवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में 'संविधान बचाओ, भारत बचाओ' के संदेश के साथ फ्लैग मार्च निकाल रही है।




उत्तर रेलवे
ई-निविदा आमंत्रित निविदा

[illegible] IREPS [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]
[illegible] दिल्ली-पूर्व-2019-20 दिनांक 27.12.2019 414/19

गुमशुदा / अपहृत की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम जसिका पुत्री दलीप निवासी गली नं. 20, कोटला विहार Ph-II, दिल्ली जो थाना रनहोला, दिल्ली से दिनांक 06.12.2019 से लापता / अपहृत है। इस बाबत FIR No.732/19 U/s 365 IPC दिनांक 10.12.2019 थाना रनहोला, दिल्ली में दर्ज है। इस लड़की का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है
उम्र : 19 वर्ष, रंग : गेहुआ, कद : 5'1", चेहरा : गोल, पहनावा : काले रंग का ट्रेक सूट और सफेद रंग के जूते पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना रनहोला, दिल्ली को निम्नलिखित नं. व ई-मेल : cic@cbi.gov.in और वेबसाइट: http://cbi.nic.in पर सूचित करें।


जसिका

फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : रनहोला, दिल्ली
फोन : 011-28363001
DP/3004/OD/19


# स्वायत्ता देने के बाद भी केंद्र को भाव देने को तैयार नहीं आईआईएम!

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली**




केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा भारतीय प्रबंध संस्थानों (आईआईएम) को काम करने की आजादी प्रदान के बाद भी वह केंद्र को भाव देने को तैयार नहीं हैं। मंत्रालय ने वर्ष 2017 के अंत में आईआईएम को काम करने की आजादी प्रदान करने और उन्हें उच्च-स्तर की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए स्वायत्ता कानून बनाया और उसके तुरंत बाद इसके क्रियान्वयन से जुड़े हुए नियम बना लिए थे। इसके 90 दिनों के अंदर आईआईएम संस्थानों को उक्त कानून को लागू करने के लिए रेगुलेशन बनाने थे। लेकिन आज करीब तीन साल बीत जाने के बाद भी उन्होंने यह कार्य पूरा नहीं किया है।

एमएचआरडी मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि आईआईएम संस्थानों के इस ढीले-ढाले रवैये को देखते हुए अब मंत्रालय ने इनके प्रति सख्त रूख अख्तियार करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि देश में अभी कुल 20 आईआईएम संस्थान हैं, जिसमें आईआईएम अहमदाबाद, बैंगलोर, कलकत्ता के अलावा आईआईएम रोहतक, रायपुर, इंदौर और सिरमौर भी शामिल हैं।

### निगरानी होती मुश्किल

सूत्रों ने यह भी कहा कि इस मामले में मंत्रालय के सामने समस्या यह है कि जब तक आईआईएम संस्थान स्वायत्ता कानून पर अलग-अलग अपने रेगुलेशन बनाकर एमएचआरडी के द्वारा उनपर संसद की मंजूरी नहीं दिलवा लेते। तब तब मंत्रालय मौजूदा कानून के क्रियान्वयन और संस्थानों में जारी गतिविधियों की निगरानी नहीं कर सकता है। यानि किसी भी विषय को लेकर मंत्रालय उनकी जवाबदेही तय नहीं कर सकता है। इन परिस्थितियों में आईआईएम संस्थान अपने डायरेक्टर, फैकेल्टी और बोर्ड ऑफ गवनर्स (बीओजी) की नियुक्ति से जुड़े हुए तमाम महत्वपूर्ण अकादमिक मामलों में मंत्रालय का दूर-दूर तक कोई हस्तक्षेप या इनसे सवाल–जवाब नहीं हो सकेगा। मंत्रालय इसे बेहद विध्वंसक स्थिति मानता है और जल्द से जल्द इसे दूर करना चाहता है।

**बीते तीन सालों से रेगुलेशन बनाने का नाम तक नहीं ले रहे हैं**

### बजट सत्र की तैयारी

मंत्रालय ने अपने सख्त रूख के साथ यह योजना बनाई है कि अब सभी आईआईएम संस्थान संसद के आगामी बजट सत्र से पहले ही अपने रेगुलेशन बनाकर मंत्रालय को भेज दें। इसके लिए उसने सभी को निर्देश भी दे दिया है, जिससे वह उन्हें पहले कानून मंत्रालय और उसके बाद बजट सत्र में संसद के पटल पर पेश कर उसकी भी मंजूरी लेने की प्रक्रिया पूरी कर सकेगा। एमएचआरडी ने इसके लिए एक तय मानक भी बनाए हैं और उन्हें आईआईएम संस्थानों को भी भेज दिया है, जिससे रेगुलेशन बनाने में आईआईएम को आसानी होगी।

## कोविंद दक्षिण प्रवास समाप्त करके दिल्ली हुए रवाना

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हैदराबाद में अपने परंपरागत दक्षिण प्रवास के बाद शनिवार को दिल्ली रवाना हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हैदराबाद में अपने शीतकालीन प्रवास के बाद दिल्ली रवाना हो गए। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और अधिकारी राष्ट्रपति को विदा करने के लिए यहां हाकीमपेट वायुसेना स्टेशन पर मौजूद थे। कोविंद दक्षिण प्रवास के लिए 20 दिसम्बर को यहां पहुंचे थे। कोविंद यहां अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रपति निलयम में रुके। परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति साल में कम से कम एक बार राष्ट्रपति निलयम आते हैं।







# लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी

**प्रसंगवश**
अजीत जोगी

**चुनाव आयोग लगातार सुझाव दे रहा है कि समय आ गया है कि लोकतंत्र में पैसे के इस खेल को बंद किया जाए। मुझे उनका एक ही सुझाव सार्थक लगता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव सरकारी खर्च से लड़े जाय और उम्मीदवार को अपनी ओर से एक पैसा भी खर्च करने की इजाजत न दी जाए। उदाहरण के लिये यदि विधानसभा में छह उम्मीदवार खड़े होते हैं तो उन सभी के लिये विधानसभा के चुने हुये लगभग दस स्थानों में एक ही मंच से उम्मीदवारों को अपने पक्ष और विरोधियों के विपक्ष में बोलने का अवसर दिया जाए। टेलीविजन पर सरकारी खर्च पर उन्हें संक्षेप में अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिये समय दिया जाए।**

हाल ही में सम्पन्न निकाय चुनाव ने मुझे चौंकाया, दुखी भी किया और एक भयावह भविष्य के प्रति कुछ लिखने के लिये मजबूर किया। निकाय चुनाव लोकतंत्र का शहरी क्षेत्रों का सबसे छोटा चुनाव है। मेरी हमेशा से मान्यता रही है कि चुनाव जितना छोटा होता है उतना ही कठिन होता है। लोकसभा चुनाव में बहुत से कारण जीत या हार को तय करते हैं और उसमें व्यक्तिगत रूप से लोकसभा प्रत्याशी को मेहनत तो करनी पड़ती है, पर हर मतदाता तक पहुंचकर उससे संपर्क करना उसके लिये असंभव होता है। कुछ ऐसा ही कम स्तर पर विधानसभा चुनाव, जिला पंचायत चुनाव और जनपद चुनाव में होता है। ग्रामों में पंच का चुनाव जीतना और शहरों में पार्षद का चुनाव जीतना सबसे कठिन होता है। इसका एक बहुत पुराना उदाहरण याद आ रहा है। उन दिनों सागर एक आरक्षित लोकसभा सीट थी। इंदिराजी का जमाना था और वहां से एक महिला जिनका नाम संभवतया सुभद्रा कुमारी था, उनकी बहुत प्रिय थी। सागर में नगर पालिका चुनाव हुआ और सुभद्राजी अतिविश्वास के कारण पार्षद के चुनाव के लिये खड़ी हुईं और काफी बुरी तरह से हार गईं। एक-दो वर्ष के बाद लोकसभा चुनाव हुआ और इंदिराजी ने उन्हें कांग्रेस की टिकट दी। यह जानते हुये कि वे पार्षद का चुनाव हार चुकी हैं। सुभद्राजी उस लोकसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत से जीतीं। यह उदाहरण मेरे उपरोक्त निष्कर्ष को पुष्ट करता है कि छोटा चुनाव जीतना अत्यन्त कठिन है और बड़ा चुनाव जीतने के लिये उम्मीदवार को वैसी मशक्कत नहीं करनी पड़ती।

हमारी पार्टी के संसदीय बोर्ड ने फैसला किया था कि वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण पार्टी की ओर से कोई मदद नहीं करेंगे और केवल उन्हें ही पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित किया जायेगा जो स्वयं के बलबूते पर चुनाव लड़ेंगे। इस घोषणा के पहले लगभग हर सीट पर उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी की थी। जैसे ही हमारे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने उपरोक्त घोषणा की तो अधिकांश लोग पीछे हट गये और बहुत कम उम्मीदवार ही बिना पार्टी की मदद से चुनाव लड़े। परिणामस्वरूप मुझे चुनाव के दौरान पर्याप्त खाली समय मिलने के कारण हर दृष्टिकोण से बड़े नजदीकी से देखने का अवसर मिला। मुझे दुखद आश्चर्य हुआ कि इस चुनाव में उम्मीदवारों में पैसा लुटाने की होड़ मची हुई थी। कुछ स्थानों में तो प्रत्येक घर में उनकी जरूरत का जो सामान उपलब्ध नहीं था, उन्हें वह रेफ्रिजरेटर, कूलर, मशीन, ओवन इत्यादि के रूप में गोपनीय पर्चियों के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। प्रदेश का एक भी वार्ड ऐसा नहीं दिखा जहां एक-एक वोट के लिये पैसे नहीं बांटे गये। जनचर्चा के अनुसार कस्बों में कम-से-कम पांच सौ रुपये प्रति वोट और शहरों में एक-एक वोट के लिये हजारों रुपये दिये गए। इसके अतिरिक्त वार्डों में एक से अधिक स्थान में भंडारा चलता रहा, जिसमें सुबह का नाश्ता तथा दोपहर और शाम का लजीज भोजन उपलब्ध कराया गया। जो शाकाहारी थे उन्हें अच्छे-से-अच्छा शाकाहारी भोजन और मांसाहारियों को बिरयानी के साथ अन्य स्वादिष्ट मांसाहार कई दिनों तक उपलब्ध कराया गया। दूरस्थ नगर पंचायत चुनाव में 'बोकरा-भात' की धूम रही। मतदाताओं ने बाकायदा सौदेबाजी की और जिस घर में जितने ज्यादा वोट थे उनको उतना ही ज्यादा वजन देकर पैसे उपलब्ध कराये गये। रोचक बात यह रही कि हर वार्ड में दो या तीन ऐसे उम्मीदवार थे जिनको यह लग रहा था कि वे जीत रहे हैं, इसलिये उन सभी ने पैसे लुटाने का काम किया। प्रदेश भर में लगभग सभी पैसे वाले ही चुनकर आये हैं। चुनाव सम्पन्न होने से लेकर अब तक मैं लोकतंत्र के इस तांडव को देखकर उद्वेलित हूं। हमारा लोकतंत्र अब अर्थतंत्र में तब्दील हो गया है। जो तस्वीर निकाय की है, कमोबेश वही तस्वीर विधानसभा और लोकसभा की भी है। वर्ष 1986 में मैं जब राज्यसभा में चुनकर गया तो पार्लियामेंट की छोटी बसें हमें एक-एक करके अपने निवास स्थान से सदन तक ले जाती थीं। इनमें ऐसे बहुत ही कम लोग थे जो अपनी कार से आना-जाना करते थे। उनकी कारों की संख्या इतनी कम थी कि पार्लियामेंट के सामने खुली छोटी जगह थी उसमें सभी कारों की पार्किंग हो जाती थी। उन वाहनों में भी अधिकतर सांसद खुद चलाकर आते थे और सदन के दरवाजे पर माईक नहीं लगाना पड़ता था जिससे आजकल लगातार पार्लियामेंट के कर्मचारी ड्राइवर का नाम लेकर उसे बुलाते हैं (यह कहकर कि उसके माननीय सांसद अमुख गेट पर इंतजार कर रहे हैं)। भोजन अवकाश के समय और सदन के छूटने के समय यही कर्कश आवाज सदन के आकाश में गूंजती रहती है। अब वैसा ही दृश्य देश के विधानसभाओं में भी देखने को मिल रहा है। हमारे पूर्व उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति पं. शंकर दयाल शर्मा जो अपनी चौड़ी मोहरी के पैजामे के लिये प्रसिद्ध थे, लोकसभा की बस में उपराष्ट्रपति बनने के पहले तक कई बार खड़े होकर ऊपर का हैंडल पकड़कर बिना किसी झिझक के पार्लियामेंट आया करते थे। अब तो लोकसभा का नजारा ही बदल गया है। दूर-दूर तक एक से एक अच्छी मॉडल की कारें लाइन से पार्क होती हैं और जिसने कभी आटोमोबाइल मेला न देखा हो उसे इन कारों को देखकर आटोमोबाइल मेले जैसे सुख की अनुभूति हो सकती है। एक समय ऐसा था जब संसद के दोनों सदनों में करोड़पति लोगों की गणना की जाती थी। अब समय बदल गया है और अब उन चन्द लोगों को ढूंढ़ा जाता है जिन्होंने अपने नामांकन में एक करोड़ से कम की संपत्ति दर्शाई हो। सदन अरबपतियों का और विधानसभाएं करोड़पतियों की सभा में परिणत हो गई हैं। जब सामान्य लोग चुनकर आते थे तो पार्लियामेंट का खाना इतना सस्ता था कि सौ रुपये में आसानी से पांच लोग भरपेट खाना खा सकते थे। उन दिनों सांसद घर न जाकर वहीं खाना पसंद करते थे। अब संसद की कैंटीन में सब्सिडी हटाये जाने के बाद भी कोई सांसद नजर नहीं आता। वहां केवल संसद और सांसदों के कर्मचारी ही भोजन करते हैं। सांसद तो फाईव स्टार होटलों से नीचे भोजन करना पसंद नहीं करते। जब विजय माल्या सांसद हुआ करते थे तो बाकायदा वे प्राइवेट जेट से लगभग प्रतिदिन बैंगलोर से दिल्ली संसद में भाग लेने आते और उसी जेट से वापस चले जाते थे।



यह सत्य नहीं है कि केवल भारत में लोकतंत्र की ऐसी दुर्दशा है। विश्व के अधिकांश देशों में जहां लोकतंत्र है, वहां पैसे का बोलबाला है। जो अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ते हैं वे स्वतः तो अमीर होते ही हैं, पर उन्हें पूरे देश से खुले तौर पर बिना रोकटोक के करोड़ों डालर उद्योगपतियों और आम नागरिकों से प्राप्त होते हैं, जिसे चुनाव के पहले चरण के रूप में 'फंड रेजिंग' के नाम से पुकारा जाता है। अधिकांश अन्य लोकतंत्रों में इस तरह से खुले पैसा का आदान-प्रदान नहीं होता पर सभी देशों में बिना पैसे के सांसद बनना कठिन हो गया है। अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में अभी इतनी खराब स्थिति नहीं है किन्तु वहां भी यदि उम्मीदवार स्वतः धनवान नहीं होता तो वहां के जाने-माने औद्योगिक घराने पिछले दरवाजे से उनकी पर्याप्त मदद करते हैं और मौका आने पर वह सांसद उनके पक्ष में खुलेआम बोला भी करते हैं।

हमें इस बात से संतोष नहीं करना चाहिये कि अन्य देशों में भी ऐसा हो रहा है। भारत चर्चिल के शब्दों में 'नेकेड फकीर' बापू का देश है। हम अपने देश को ऐसा लोकतंत्र कदापि नहीं बनाना चाहते, जहां गरीब और मध्यमवर्गीय लोग ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक जनप्रतिनिधि बनने का सपना भी नहीं देख सकें। चुनाव आयोग लगातार सुझाव दे रहा है कि समय आ गया है कि लोकतंत्र में पैसे के इस खेल को बंद किया जाए। मुझे उनका एक ही सुझाव सार्थक लगता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव सरकारी खर्च से लड़े जाय और उम्मीदवार को अपनी ओर से एक पैसा भी खर्च करने की इजाजत न दी जाए। उदाहरण के लिये यदि विधानसभा में छह उम्मीदवार खड़े होते हैं तो उन सभी के लिये विधानसभा के चुने हुये लगभग दस स्थानों में एक ही मंच से उम्मीदवारों को अपने पक्ष और विरोधियों के विपक्ष में बोलने का अवसर दिया जाय। टेलीविजन पर सरकारी खर्च पर उन्हें संक्षेप में अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिये समय दिया जाय। उम्मीदवारों को सरकारी खर्चे से प्रचार करने के लिये चार-पांच गाड़ियां उपलब्ध कराई जाय। झंडे, बैनर, फ्लैक्स इत्यादि पर पूरी रोक लगा दी जाय। दीवारों पर कुछ भी लिखने की इजाजत नहीं दी जाए। सरकारी खर्चे पर प्रचार करने के बाद मतदाताओं को कम से कम दो दिनों का आंकलन करने का समय दिया जाय और उस दौरान किसी भी उम्मीदवार को प्रचार करने की अनुमति न दी जाये, जिससे वह अन्तिम दिनों में पैसा और शराब का वितरण नहीं कर सकें। यदि कहीं नहीं तो कम से कम छत्तीसगढ़ में सर्वानुमति से अगले निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनाव ऐसे ही कराये जाये अन्यथा हमारा लोकतंत्र कुबेरों का लोकतंत्र बन जायेगा जिसके भार से गरीब दबता और कुचलता ही जायेगा।

# कांग्रेस के आत्मघात का साल

**हालात**
प्रमोद जोशी

कांग्रेस पार्टी हर साल 28 दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनाती है। इस साल पार्टी का 135वां जन्मदिन शनिवार को मनाया गया। आज रविवार को पार्टी झारखंड की नई सरकार में शामिल होने जा रही है, पर वह इसका नेतृत्व नहीं कर रही है। इस सरकार के प्रमुख होंगे झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन। जिस पार्टी को देश के राष्ट्रीय आंदोलन के संचालन का श्रेय दिया जाता है, वह आज अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। झारखंड के नतीजों ने पार्टी का उत्साह बढ़ाया जरूर है, पर भीतर ही भीतर पार्टी में असमंजस है। यह असमंजस इस साल अपने चरम पर जा पहुंचा है। कांग्रेस के जीवन में यह 134वां साल सबसे भारी पराजय का साल रहा है। पिछले हफ्ते पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह हमारे लिए संकट की घड़ी है। ऐसा संकट पिछले 134 साल में कभी नहीं आया। पांच साल पहले हमारे सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हुआ था, जो आज भी है। कोई जादू की छड़ी हमारी पार्टी का उद्धार करने वाली नहीं है। पार्टी का नेतृत्व सोनिया गांधी के हाथों में है। ऐसा इसलिए करना पड़ा, क्योंकि इस साल की हार के बाद राहुल गांधी ने इस्तीफा दे दिया। यह भी एक प्रकार का संकट है। अभी तक यह तय नहीं है कि पार्टी का भविष्य का नेतृत्व कैसा होगा। पार्टी की उम्मीदें अब अपने पुनरोदय पर नहीं भारतीय जनता पार्टी के पराभव पर टिकी हैं। झारखंड की आंशिक सफलता से उत्साहित पार्टी के नेता कई तरह के दावे कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि भारतीय जनता पार्टी का पराभव शुरू हो गया है और कांग्रेस की वापसी में ज्यादा देर नहीं है। नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के अंदेशों से पैदा हुए प्रतिरोधी स्वरों ने पार्टी के उत्साह को और बढ़ाया है। इसके पहले हरियाणा के चुनाव में सीटें बढ़ने और महाराष्ट्र के सत्ता गठजोड़ में शामिल होने को भी पार्टी के पुनरोदय का हिस्सा माना जा रहा है। क्या वास्तव में कांग्रेस की वापसी हो रही है? कहना मुश्किल है कि यह बीजेपी का पराभव-काल है। इसी महीने कर्नाटक विधानसभा उपचुनाव के नतीजे भी आए हैं। राज्य में 5 दिसंबर को 15 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ था। पिछले साल जिस परिघटना को कांग्रेसी रणनीति की विजय बताया जा रहा था, वह अपमानजनक हार में बदल गई और सिद्धारमैया और गुंडूराव ने अपने पदों से इस्तीफा देकर हाथ झाड़ लिए। संयोग से इस साल कर्नाटक में बगावत जिस वक्त हो रही थी, उसी समय केंद्रीय नेतृत्व के संकट से पार्टी घिरी हुई थी। इस साल मई में जब बीजेपी लगातार दूसरी बार लोकसभा चुनाव में भारी विजय के साथ सत्ता पर वापस आई, तब विश्लेषकों का पहला निष्कर्ष यही था कि एजेंडा सेट करने में बीजेपी सफल है और विपक्ष, खासतौर से कांग्रेस के पास कोई योजना नहीं है। कांग्रेस पार्टी को इस बार के लोकसभा चुनाव से भारी उम्मीदें थीं। विडंबना है कि जिस वक्त भारतीय जनता पार्टी पुलवामा और बालाकोट के नाम पर जनता के बीच जा रही थी, उस वक्त कांग्रेस पार्टी आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पावर्स एक्ट को बदलने और दंड संहिता की धारा 124ए यानी देशद्रोह के कानून को भी हटाने की बात कर रही थी।

चुनाव परिणाम आने के बाद इतिहास लेखक राम गुहा ने ट्वीट किया कि हैरत की बात है कि राहुल गांधी ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दिया है। पार्टी को अब नया नेता चुनना चाहिए। परिणाम आने के पहले योगेन्द्र यादव ने कहीं कहा कि कांग्रेस को मर जाना चाहिए। सवाल है कि क्या महाराष्ट्र और झारखंड की सरकारों में शामिल होना कांग्रेस की सफलता है? हरियाणा विधानसभा चुनाव में अंतिम क्षणों में पार्टी की बागडोर भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हाथों में सौंपने के कारण मिली आंशिक सफलता पार्टी के नैरेटिव की सफलता थी या क्षेत्रीय क्षत्रप की सफलता थी? महाराष्ट्र में सरकार में शामिल होने के बावजूद बागडोर शरद पवार और उद्धव ठाकरे के हाथों में ही है। झारखंड में भी पार्टी की भूमिका दोयम दर्जे की है।

क्या कांग्रेस की भविष्य की उम्मीदें इस बात पर निर्भर करेंगी कि बीजेपी अपने अंतर्विरोधों की शिकार होकर परास्त हो जाए? बीजेपी के पास प्रयोग करने का समय है। महाराष्ट्र और झारखंड में वह अकेले अपने बलबूते खड़ी होना चाहती है। वोट प्रतिशत को देखते हुए अभी उसे परास्त नहीं माना जा सकता। उसके पास जोखिम उठाने का समय और साधन दोनों हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वह अपना नैरेटिव तैयार करने में सफल है। नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी की बहस में शामिल होने के बाद कांग्रेस अपने अंतर्विरोधों से घिरने लगी है। पिछले रविवार को पार्टी ने नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय सिटिजन रजिस्टर के विरोध में दिल्ली के राजघाट पर धरना-सत्याग्रह किया। उसकी प्रकट राजनीति के हिस्से संविधान की प्रस्तावना पढ़ने का काम आया है। क्या उसके समर्थक वोटर को यह बात समझ में आती है? उत्तर प्रदेश में इस आंदोलन के दौरान हुई हिंसा का राजनीतिक लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा, कांग्रेस को नहीं।

कांग्रेस की सबसे बड़ी दिक्कत है नेतृत्व को लेकर उसका अंतर्विरोध। हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव परिणामों को देखते हुए पार्टी के एक तबके ने फिर से मांग शुरू कर दी है कि राहुल गांधी को वापस लाओ। यहीं से इस पार्टी के अंतर्विरोधों की कहानी शुरू होती है। पार्टी का सबसे बड़ा एजेंडा आज भी यही है कि किसी तरह से राहुल गांधी को लाओ। उसके पास क्षेत्रीय नेता नहीं हैं और उन्हें तैयार करने की योजना भी नजर नहीं आती। झारखंड के बाद अब दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं। लगता नहीं कि वह इस चुनाव को जीतने के हौसलों के साथ उतरेगी। अगले साल बिहार और उसके अगले साल यानी 2021 में असम और पश्चिम बंगाल के महत्वपूर्ण चुनाव हैं, जो राष्ट्रीय राजनीति के लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाले हैं। इन तीनों महत्वपूर्ण चुनावों में कांग्रेस के लिए कोई उत्साहवर्धक संदेश नहीं है। अगले कुछ महीनों में महाराष्ट्र के गठबंधन के कारण पैदा हुई विसंगतियां भी सामने आनी वाली हैं। बंगाल में कांग्रेस और माकपा दोनों ही अपनी जमीन खोते जा रहे हैं। कांग्रेस की दृष्टि से देखें तो उम्मीद की किरणें नजर नहीं आतीं।

# चुनौतियां और चमक

**अर्थशास्त्र**
आलोक पुराणिक

साल 2019 की अर्थव्यवस्था बहुत चुनौतियां और चमक वाली रही। चमक इसलिए कि देश का विदेशी मुद्रा कोष 450 अरब अमेरिकन डालर से ऊपर चला गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक 13 दिसंबर 2019 को भारत के विदेशी मुद्रा कोष 454.49 यूएस अरब डालर तक चले गए थे। इससे पहले कभी विदेशी मुद्रा कोष का स्तर इतना ज्यादा नहीं रहा है। चमक यह कि विदेशी निवेशक भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत संभावनाओं से भरा हुआ बता रहे हैं। चमक यह है कि एक साल में शेयर बाजार करीब 15 प्रतिशत उछल गया। तमाम वित्तीय संस्थानों की रिपोर्टों के संकेत हैं कि कुछ महीने बाद ग्रामीण क्षेत्रों की आय में महत्वपूर्ण वृद्धि दिखेगी, क्योंकि 2019 में जो मानसून आया, वह 25 सालों का सर्वश्रेष्ठ मानसून था। कोटक सिक्योरिटीज का आकलन है कि 50 शेयर पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सूचकांक निफ्टी में शामिल कंपनियों की आय में 2019-20 में 10 प्रतिशत का इजाफा होगा। चमक यह कि महत्वपूर्ण वित्तीय सर्वे-ब्लूमबर्ग में 2020 में भारत को शेयर बाजारों में निवेश मंजिल के तौर पर चिन्हित किया गया, यानी दुनिया भर के शेयर निवेशकों भारत को बहुत उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं 2020 में। चमक यह कि साल के अंत में रिजर्व बैंक आफ इंडिया की बैंकिंग सेक्टर पर आई एक रिपोर्ट के मुताबिक डूबत कर्जों के मामले में बैंकिंग सेक्टर की जो बदहाली हुई थी, उसमें अब बेहतरी के आसार हैं। बैंकिंग की प्रवृत्तियों और प्रगति पर 2018-19 की रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2019 में बैंकिंग सेक्टर के कुल डूबत कर्ज कुल दिये गये कर्ज के 9.1 प्रतिशत रहे, मार्च 2018 में डूबत कर्ज 11.2 प्रतिशत थे। यानी जितनी रकम डूबनी थी, अब डूब चुकी है। बैंकिंग जगत में बेहतरी के रास्ते खुलते हैं।

> एक रिपोर्ट के मुताबिक 13 दिसंबर 2019 को भारत के विदेशी मुद्रा कोष 454 .49 यूएस अरब डालर तक चला गया। जो पहले कभी इतना ज्यादा नहीं था। विदेशी निवेशक भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत संभावनाओं से भरा बता रहे हैं। एक साल में बाजार 15 प्रतिशत उछल गया। यही चमक है।

प्रधानमंत्री पीएम मोदी ने हाल में एक उद्योग प्रतिनिधि संगठन-एसोचैम के एक आयोजन में कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। यूपीए के शासनकाल में एक तिमाही में विकास दर 3.5 प्रतिशत तक चली गयी थी। राजकोषीय घाटा 5.6 प्रतिशत तक चला गया था। राजकोषीय घाटे से जुड़ी चुनौती भी बड़ी चुनौती है। एक चुनौती यह है कि जीएसटी संग्रह उतनी मजबूती नहीं दिखा रहा है। जितनी मजबूती की उम्मीद थी। कर संग्रह को लेकर सुस्ती है। जीएसटी कर संग्रह को लेकर सरकार में चिंता है। दिसंबर 2019 से मार्च 2020 के बीच चार लाख पचपन हजार करोड़ रुपये वसूले जाने हैं। 2019-20 के वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर 2019 तक औसत जीएसटी संग्रह 1 लाख 646 करोड़ रुपये का रहा है, अब उम्मीद है कि तीन महीने तो हर महीने एक लाख दस हजार करोड़ रुपये आएं।

गौरतलब है कि अरविंद सुब्रमण्यम ने ट्विन बैलेंस शीट संकट के बारे में कुछ समय पहले बताया था। दोहरी बैलेंस शीट संकट से आशय यह था कि इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की जिन कंपनियों को बैंकों ने कर्ज दिया था, वो संकट में आईं। जब वो संकट में आईं, तो वो बैंकों से लिए कर्ज को वापस करने में असमर्थ रहीं। इसकी वजह से बैंक भी संकट में आए। इसे ट्विन बैलेंस शीट संकट के तौर पर चिह्नित किया गया। अब अरविंद सुब्रमण्यम कह रहे हैं कि संकट दो नहीं चार किस्म की बैलेंस शीटों का है। इस तरह से देखें, तो 2019 बहुत सी चुनौतियों को 2020 को सौंपे जा रहा है। इनसे कैसे निपटा जाएगा, इस सवाल के जवाब फरवरी 2020 में केंद्र सरकार के बजट से मिलने की उम्मीद है।

# कामयाब विदेश नीति

**वर्ष-2019**
प्रभात कुमार रॉय

वर्ष 2019 के दौरान भारतीय विदेश नीति, नरेंद्र मोदी के सत्तासीन होने के वर्ष 2014 में स्थापित किए गए दिशा निर्देशों के तहत आगे बढ़ी है। इस विदेश नीति का आयाम दक्षिण एशिया के पड़ोसी राष्ट्रों पर ध्यान केंद्रित करना है। पड़ोसी राष्ट्रों के साथ नेबरहुड फर्स्ट की विदेश नीति का अनुसरण किया गया है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी द्वारा सार्क सैटेलाइट को स्पेस में भेजने का प्रोजक्ट तैयार करने के लिए कहा गया, ताकि सार्क देशों के मध्य साइंस तकनलॉजी, मेडिकल साइंस तथा ज्ञान-विज्ञान के पहलूओं को परस्पर साझा किया जा सके। वर्ष 2019 में भारतीय विदेश नीति हिंद महासागर क्षेत्र को विशेष स्थान दिया गया है। हिंद महासागर में अपना प्रभाव एवं आधिपत्य स्थापित करने की खातिर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा मैरीटाइम सिल्क प्रोजेक्ट की पेशकश अकी गई है। हिंद महासागर में चीन की रणनीति का मुकाबला करने के लिए भारतीय विदेश नीति के तहत मौसम प्रोजेक्ट का ऐलान किया, ताकि दक्षिण एशिया के देशों के साथ स्वस्थ पर्यावरण और क्लाइमेट चेंज की चुनौती को लेकर घनिष्ट संबंध निर्मित किए जा सकें।

भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा फास्ट ट्रैक डिपलोमैसी नामक एक पुस्तिका प्रकाशित की गई है। पुस्तिका फास्ट ट्रैक डिपलोमैसी वस्तुतः भारतीय विदेश नीति के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाश डालती है। नरेंद्र मोदी द्वारा ईरान के साथ कूटनीतिक संबधों को लेकर भारत पर अमेरिकी दबाव की कोशिशों की गई। भारत द्वारा ईरान से कच्चे तेल का आयात किया जाता रहा है, अमेरिका की कूटनीतिक धमकियों के बावजूद तेल का आयात बाकायदा जारी रखा गया है। मध्य पूर्व के देश भारत की विदेश नीति में सदैव ही विशिष्ट स्थान रखते हैं। सऊदी अरब, कुवैत, अम्मान आदि अरब राष्ट्रों के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को शक्तिशाली बनाने के लिए भारतीय विदेश नीति ने विशेष तव्वजो दी गई। भारत की इस कूटनीति का सकारात्मक परिणाम सामने आया और इस्लामिक अरब राष्ट्रों का झुकाव भारत की तरफ बढ़ा। पाकिस्तान को कश्मीर विवाद में इस्लामिक राष्ट्रों की मदद हासिल न हो पाना, भारतीय कूटनीति की विजय है। पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की पेरिस मीटिंग में डार्क ग्रे लिस्ट में दर्ज करवाने में विदेश नीति कामयाबी रही। एफएटीए द्वारा पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट कराने के लिए कूटनीतिक कोशिश जारी है। चीन के साथ कूटनीति संबंध को तल्ख़ सीमा विवाद के चलते हुए भी सुधारा गया, इसमें भारत के मित्र रूस की सराहनीय भूमिका रही, जोकि चीन को यह समझानें में कामयाब रहा कि चीन द्वारा पाक की अंधी हिमायत भारत को अमेरिकन खेमे में धकेल सकती है। भारत और चीन के मध्य टॉऊन सहयोग नीति के तहत शंघाई और मुंबई, अहमदाबाद और गुआनझू महानगरों तथा गुजरात और गुआनडोंग प्रांत के मध्य घनिष्ट आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग निर्मित हो रहा है।

> आतंकवाद को प्रश्रय प्रदान करने वाले पाकिस्तान को विश्वपटल पर अलग-थलग करने में भारतीय विदेश नीति को कामयाबी प्राप्त हुई। पाक को अमेरिका की आर्थिक और सैन्य सहायता हासिल नहीं हो सकी है। विश्व बैंक और आईएमएफ ने भी कर्ज नहीं दिया।

आतंकवाद को प्रश्रय प्रदान करने वाले पाकिस्तान को विश्वपटल पर अलग-थलग करने में भारतीय विदेश नीति को कामयाबी प्राप्त हुई। पाक को अमेरिका की आर्थिक और सैन्य सहायता हासिल नहीं हो सकी है। विश्व बैंक और आईएमएफ ने भी कर्ज नहीं दिया। यूरोप के सभी राष्ट्र भी कश्मीर विवाद में भारत के साथ खड़े दिखाई दिए। पड़ोसी देशों में एक अकेला पाकिस्तान ही है, जिसके साथ भारत की कटुता खत्म नहीं की जा सकी। इसका सबसे बड़ा कारण रहा पाकिस्तान की राजसत्ता का सामंती और धर्मान्ध चरित्र है, जो विनाश के कगार पर खड़ा होकर भी आक्रमणकारी जेहादी युद्ध का परित्याग रकने के लिए तत्पर नहीं है।

# राग दरबार



## नींद की खुमारी

कुछ दिनों से नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर को लेकर देश के प्रमुख उच्च-शिक्षण संस्थानों के अंदर और बाहर छात्र आंदोलनरत हैं। जगह-जगह विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस-प्रशासन सब हलकान हैं। सरकार के शांति बहाली के प्रयास जारी हैं। उसके मंत्री भी कोशिशों में लगे हैं, लेकिन उनका संदेश सही जगह तक नहीं पहुंच पा रहा है। क्योंकि जिन्हें संदेश को लेकर गंभीर होना चाहिए। वह किसी और ही दुनिया में खोए हुए नजर आ रहे हैं। ताजा वाक्या दिल्ली के एक कार्यक्रम का है, जब कैंपस और छात्रों के विरोध को लेकर मामले से जुड़े एक केंद्रीय मंत्री विश्वविद्यालयों के प्रमुखों को छात्रों की गतिविधियों को लेकर कुछ नसीहत दे रहे थे कि कैसे उनकी जरा सी जागरुकता-सावधानी संस्थान में शांति ला सकती है, लेकिन मंत्री जी के इस बयान का वहां मौजूद उक्त आंदोलन का केंद्र रहे दिल्ली के एक प्रमुख विश्वविद्यालय की कुलपति पर न के बराबर भी असर नहीं हो रहा था। क्योंकि वह नींद के आगोश में चली गई थीं। अब ऐसे में कैंपस तो भगवान भरोसे ही कहा जाएगा, शांति की उम्मीद तो भूल ही जाइए।

## वो कैप्टन जो ठहरे

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह वैसे तो कभी अपनी अक्खड़ राजनीति तो कभी सीमा पार अपने इश्क को लेकर चर्चा में बने ही रहते हैं, लेकिन इसके अलावा वे अपने फौजी मिजाज के लिए भी खासे जाने जाते हैं। जिसके चलते अक्सर उनके मातहद दुविधा में आ जाते हैं। हाल ही उनके एक खास वरिष्ठ अधिकारी भी इसकी जद में आ गए, जब वे जीएसटी रिफंड को लेकर उनसे चर्चा करने गए थे। कैप्टन के फौजी तेवर के आगे उनकी घिग्घी बध गई। दरअसल मामला यह था कि पंजाब सरकार पर केंद्र का तकरीबन 6000 करोड़ रुपया जीएसटी के तहत बकाया है। केंद्र अपने हिस्से का राजस्व लौटाने के लिए लगातार दबाव बना रहा था, ऐसे में आला नौकरशाह ने कैप्टन को सलाह देने की कोशिश की कि वे केंद्र सरकार से मिलकर कुछ समय के लिए राहत मांग लें, लेकिन कैप्टन तो फौजी मिजाज वाले जो ठहरे, उन्होंने उस अधिकारी से कहा कि केंद्र अपना हक मांग रहा है, जब होगा तो दे देंगे, लेकिन इसके लिए वे किसी से हाथ जोड़ने नहीं जाएंगे। आखिर बड़े नौकरशाह करते ही क्या अपना सा मुंह लेकर रह गए और मौके की नजाकत को भांपते हुए कैप्टन की हां में हां मिलाने मे ही अपनी भलाई समझी।

## ठेकेदार पर शक

हाल ही में गंगा तट पर गंगा परिषद के राष्ट्रीय कायाकल्प और प्रबंधन की पहली बैठक में हिस्सा लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर पहुंचे थे। तक तक सब कुछ ठीक चल रहा था और बैठक खत्म हो जाने के बाद अधिकारी राहत महसूस कर रहे थे कि अचानक अटल घाट की सीढ़ियों से वापस लौटते समय प्रधानमंत्री सीढ़ियों में उलझकर गिर गए। इस घटना के बाद कानपुर के प्रशासन के तो हाथ-पांव ही फूल गए। इन सीढ़ियों का निर्माण नमामि गंगे परियोजना के तहत बड़े जोर-शोर से कराया गया था और कार्य को तय समय से आठ महीने पहले ही पूरा करके निर्माण करने वाली कंपनी ने बड़ी वाह-वाही भी लूटी और उसे सम्मानित भी किया गया था, लेकिन इस हादसे के बाद सब कुछ उल्टा पड़ गया। पहले सम्मानित करने वाले स्थानीय अधिकारियों ने बिना समय गंवाए यह मान लिया कि कंपनी के काम में खोट था। अन्यथा यह हादसा नहीं होता। लिहाजा कानपुर क्षेत्र के आयुक्त ने मातहद अधिकारियों को निर्देश दिया कि अटल घाट की सीढ़ियों को तोड़कर फिर से इसका निर्माण कराया जाए। हालांकि फौरी आदेश तो यही है, लेकिन चर्चा चल रही है कि जल्द ही इस मामले में कुछ लोगो को दंडित भी किया जा सकता है। आखिर मामला जो प्रधानमंत्री के फिसलने का है, वरना गिरने वाले तो गिरा ही करते हैं।

-हरिभूमि ब्यूरो

**सीएए-एनआरसी**

**राज्य में शांति लाने वाली असम संधि को बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए**

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा- असम कभी भी घृणा एवं हिंसा के साथ प्रगति नहीं कर सकता

# 'भाजपा की नीतियों के चलते असम हिंसा के रास्ते पर लौट सकता है'

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा और आरएसएस की आलोचना की तथा कहा कि कांग्रेस उन्हें असम की संस्कृति एवं पहचान पर हमला नहीं करने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'जनविरोधी' नीतियों के चलते असम हिंसा के पथ पर लौट रहा है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यहां जनसभा में लोगों से अपील की कि वे सभी एकजुट हों और भाजपा से कहें कि असम की संस्कृति और पहचान पर हमला नहीं किया जा सकता है। अभी हाल ही में गुवाहाटी में सीएए के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए थे।

गांधी ने सीएए विरोधी रैली के तहत आयोजित जनसभा कहा हम भाजपा, आरएसएस और चड्डी वालों को असम की संस्कृति, भाषा और पहचान पर हमला नहीं करने देंगे। आरएसएस और नागपुर असम नहीं चला सकते तथा उस पर हमला नहीं कर सकते। यदि उन्होंने (भाजपा-आरएसएस) पूर्वोत्तर की भाषा और पहचान को दबाने की सोची हो तो उन्होंने अबतक आपको पहचाना नहीं है। उन्होंने कहा मुझे याद आता है कि (2016 के) विधानसभा चुनाव से पहले हर सभा में मैं कहा करता था कि यदि भाजपा ने (असम में) सरकार बनायी तो राज्य से शांति, भाईचारा और विकास गायब हो जायेंगे और हिंसा लौट आएगी। आज मैं यह कहते हुए दुखी हूं कि यह सच साबित हुआ। गांधी ने कहा मुझे डर है कि भाजपा के कारण राज्य फिर हिंसा के मार्ग पर लौट रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य की ताकत भाईचारा और प्यार है तथा विकास घृणा, गुस्सा और भेदभाव के रास्ते से नहीं हासिल किया जा सकता है। गांधी ने कहा शांति काफी जद्दोजेहद के बाद आयी। असम संधि इस शांति की बुनियाद है। असम संधि की मूल भावना नहीं तोड़ी जानी चाहिए। इसने असम को शांति दी और सभी इस संधि को प्यार करते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि उनकी पार्टी विवादास्पद सीएए के खिलाफ है और उसने संसद में इसका जबर्दस्त विरोध किया था। गांधी ने कहा कि उन्होंने असम से ही प्यार और भाईचारा सीखा तथा वह हर अन्य राज्य में अपने भाषण में इसके बारे में बोलते हैं। उन्होंने कहा पहले, यहां हिंसा थी। तब , फिर सभी एकजुट हुए और अहिंसा, शांति एवं विकास राज्य में आए। मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि प्रदर्शन में पांच युवक मारे गए और मैं इस जनसभा के बाद उनके घर जा रहा हूं। गांधी ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवकों पर गोलीबारी को लेकर सवाल उठाया।






### एनपीआर और एनआरसी एक ही सिक्के के दो पहलु : ओवैसी

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदउद्दीन ओवैसी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) एक ही सिक्के के दो पहलु हैं। ओवैसी के इस दावे से एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने स्पष्ट किया था कि इन दोनों में कोई संबंध नहीं है। ओवैसी ने दावा किया कि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि एनपीआर और एनआरसी के बीच कोई अंतर नहीं है। मैं आपको बता रहा हूं कि एनपीआर और एनआरसी एक ही सिक्के के दो पहलु हैं। एनपीआर और एनआरसी के नियम समान हैं। उन्होंने कहा ये नियम नागरिकता कानून, 1955 के मुताबिक बनाए गए हैं, जिसमें एनपीआर और एनआरसी का जिक्र है।

### दिग्विजय सिंह ने भाजपा नेता पर हिंसा भड़काने का लगाया आरोप

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा के एक नेता पर जबलपुर शहर में हिंसा भड़काने का शनिवार को आरोप लगाया। जबलपुर शहर में 20 दिसंबर को नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हिंसा होने के बाद शहर के कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया था। सिंह ने ट्वीट किया वीडियो में पुलिस पत्थर फेंकते हुए और संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए दिखाई दे रही है। इस घटना में, जबलपुर से मुझे पता चला है कि भाजपा के एक मुस्लिम पदाधिकारी के उकसाने पर यह हुआ है। सिंह के इस ट्वीट के बाद वाक युद्ध शुरु हो गया है।

### घरेलू राजनीति पर सेना प्रमुख के बयान की येचुरी ने की आलोचना

वरिष्ठ माकपा नेता सीताराम येचुरी ने घरेलू राजनीति पर सेना प्रमुख बिपिन रावत की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताते हुए शनिवार को कहा कि यदि देश में सशस्त्र बलों का तथाकथित राजनीतिकरण जारी रहा तो इससे देश के हालात बिगड़ेंगे। उन्होंने कहा सरकार का आरोप है कि प्रदर्शन हिंसक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा और सेना प्रमुख ने भी कहा। उनका आंतरिक राजनीति से संबंध नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि स्वतंत्र भारत में यह पहला मौका है जब सर्वोच्च वर्दीधारी अधिकारी यानी सेना प्रमुख घरेलू राजनीति पर अपनी राय दे रहे हैं। रावत ने गुरुवार को नए नागरिकता कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों की आलोचना की थी। वह 31 दिसंबर को सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### सीएए के खिलाफ कांग्रेस ने केरल में महा रैली निकाली

संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ अपना विरोध तेज करते हुए कांग्रेस ने केरल में शनिवार को राज भवन तक 'महा रैली' निकाली और इस कानून को निलंबित करने एवं राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) रोकने की मांग की। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा हमारी मांग है सीएए को निलंबित किया जाए और एनआरसी को पूरी तरह रोक दिया जाए। ये हमारी मांगें हैं और जबतक उन्हें मान नहीं लिया जाता, हम संघर्ष करते रहेंगे। सीएए और एनआरसी को सबसे अधिक 'असंवैधानिक' और 'अतार्किक' करार देते हुए चिदम्बरम ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उच्चतम न्यायालय इस कानून को खारिज कर देगा।

### खड़गे ने नागरिकता कानून को लेकर मोदी और शाह पर निशाना साधा

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संशोधित नागरिकता कानून और एनआरसी के मुद्दे पर देश को गुमराह कर रहे हैं। कांग्रेस के महाराष्ट्र के प्रभारी महासचिव खड़गे अपनी पार्टी के 135वें स्थापना दिवस पर यहां गोकुलदास तेजपाल हॉल में पार्टी ध्वज फहराने के बाद बोल रहे थे। उल्लेखनीय है कि 1885 में इसी गोकुलदास तेजपाल हॉल में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की गई थी।
खड़गे ने कहा प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने मुंबई में पार्टी की स्थापना दिवस पर फ्लैग मार्च निकाला

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने शनिवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर 'भारत बचाओ-संविधान बचाओ' के संदेश के साथ एक फ्लैग मार्च निकाला। अगस्त क्रांति मैदान से लेकर गिरगांव चौपाटी के पास लोकमान्य तिलक की प्रतिमा तक मार्च निकाला गया। कांग्रेस के महासचिव और महाराष्ट्र के प्रभारी मल्लिकार्जुन खड़गे और राज्य इकाई के अन्य नेताओं ने मार्च में भाग लिया, जो अगस्त क्रांति मैदान के पास तेजपाल हॉल में ध्वजारोहण समारोह के बाद शुरू हुआ। इसी हॉल में 1885 में कांग्रेस पार्टी की नींव रखी गई थी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मार्च शुरू होने से पहले अगस्त क्रांति मैदान में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी।

### जयपुर में कांग्रेस का फ्लैग मार्च

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के विरोध में शनिवार को यहां फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च शहीद स्मारक से शुरू होकर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पहुंचा और इसमें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कांग्रेस पार्टी ने अपने स्थापना दिवस पर केंद्र की नीतियों के खिलाफ फ्लैग मार्च निकालने का फैसला किया है। जयपुर में 'भारत बचाओ-संविधान बचाओ' नारे के साथ यह रैली शहीद स्मारक से शुरू हुई और प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंची। वहां पर प्रदेशाध्यक्ष पायलट ने कांग्रेस का झंडा फहराया उसके बाद सभी ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।

### तेलंगाना में रैली निकालने की अनुमति नहीं मिलने पर कांग्रेस ने सत्याग्रह किया

कांग्रेस के 135वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी को रैली निकालने की अनुमति नहीं मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को यहां अपने कार्यालय में 'सत्याग्रह' किया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के अध्यक्ष और सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी, पार्टी विधायक डी श्रीधर बाबू, पूर्व सांसद पोन्नम प्रभाकर और कई अन्य नेताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया। रेड्डी ने कहा आरएसएस के एजेंट आयुक्त अंजनी कुमार के नेतृत्व में, संगठन ने एक दिन पहले एलबी नगर से सरूर नगर तक लाठियों और घोड़ों के साथ मार्च पास्ट किया था।

**खबर संक्षेप**



### उत्तरी गुजरात में टिड्डियों की समस्या नियंत्रण में: गुजरात सरकार

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने शनिवार को कहा कि उत्तरी गुजरात के बनासकांठा जिले में पांच हजार हेक्टेयर क्षेत्र पर 4,900 लीटर कीटनाशक छिड़क कर टिड्डियों के झुंड को लगभग समाप्त कर दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि कुछ बचे हुए टिड्डी राजस्थान के जालोर जिले में चले गए हैं। दो सप्ताह पहले टिड्डियों के एक बड़े झुंड ने बनासकांठा जिले पर हमला कर दिया था और सरसों, अरंडी और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया था।

### लाखों की ड्रग्स बरामद, दो नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार




**ठाणे।** नाइजीरिया के दो नागरिकों को 15 लाख रुपये से अधिक की ड्रग्स रखने के आरोप में नवी मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। अपराध शाखा के मानव तस्करी निरोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) के वरिष्ठ निरीक्षक रविन्द्र बुदवंत ने कहा कि नवी मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कपड़ा विक्रेता केनेथ सिमन केजी (28) और नोमेनान डोजी इजिकेरियल (44) को कथित रूप से 15.15 लाख रुपये की ड्रग्स रखने के लिए गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में केजी ने स्वीकार किया कि उसने इजिकेरियल से ड्रग्स खरीदी है।

**महंगाई का विरोध...**



देहरादून। कांग्रेस समर्थकों ने शनिवार को महंगाई के विरोध में प्याज से बनी माला पहनी।

### चार महिलाओं की हत्या करने वाला सीरियल किलर गिरफ्तार

**हैदराबाद।** ताड़ी की दुकान पर अकेले आने वाली महिलाओं को निशाना बनाने वाले संदिग्ध सीरियल किलर को महबूबनगर जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि वाई. श्रीनू (42) को शुक्रवार को पिछले एक वर्ष में चार महिलाओं की हत्या करने के लिए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया जो उनके चोरी के गहने को अपने घर में छिपाती थी। व्यक्ति को पहले भी दस अन्य हत्या के मामलों में गिरफ्तार किया गया था और अपने भाई की हत्या के लिए उसे 2007 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

**'यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग' के एक सर्वेक्षण का दावा**

### तमिलनाडु के गांवों में सांप के डसने से हर वर्ष होती से 10,000 से अधिक लोगों की मौत

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के गांवों में सांपों के डसने से हर साल कम से कम 10,000 लोगों की मौत हो जाती है। ब्रिटेन स्थित 'यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग' के एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है।

विश्वविद्यालय ने यह पता लगाने के लिए राज्य के ग्रामीण इलाकों में 30,000 घरों का सर्वेक्षण किया कि सांपों के डसने की कितनी घटनाएं होती हैं और इन घटनाओं के स्वास्थ्य पर और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव क्या हैं। विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर शक्तिवेल वाइयापुरी ने यहां शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि अध्ययन में यह बात



सामने आई कि जिन लोगों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया, उनमें से चार प्रतिशत लोग सर्पदंश के शिकार हुए हैं और इसके शिकार मुख्य रूप से कृषि श्रमिक होते हैं। जिन लोगों को सांप ने डसा, उनमें से 79 प्रतिशत लोग खेतों में थे और करीब 72 प्रतिशत लोग उस समय काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 19 प्रतिशत लोगों को सांप ने उस समय डसा, जब वे अपने घर के पास थे।

### डीआरआई ने तस्करी का 7.3 किलोग्राम सोना जब्त किया, दो गिरफ्तार

**कोलकाता।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तस्करी किया हुआ 7.3 किलोग्राम सोना जब्त कर न्यू फरक्का जंक्शन रेलवे स्टेशन से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त सोने की कीमत 2.84 करोड़ रुपये बताई गई है। डीआरआई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर 25 दिसंबर को म्यामां से भारत में तस्करी किये गए सोने के साथ शताब्दी एक्सप्रेस में सवार दो लोगों को रोका था। दोनों लोगों को न्यू फरक्का जंक्शन पर उतरना था। शुरुआती पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि तस्करी किया हुआ सोना किसी को देने के लिये कोलकाता ले जाया जा रहा था।

**अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2019 के बीच लिया गया कर्ज होगा माफ**

# महाराष्ट्र में किसानों का दो लाख से अधिक का फसल कर्ज नहीं होगा माफ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में जिन किसानों का फसल कर्ज दो लाख रुपये से अधिक है, वे कर्ज माफी योजना के पात्र नहीं होंगे। शनिवार को यहां जारी एक सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में यह जानकारी दी गई। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली 'महा विकास अघाड़ी' सरकार ने गत सप्ताह कर्ज माफी योजना की घोषणा की थी। जीआर में कहा गया है महात्मा ज्योतिराव फुले किसान कर्ज माफी योजना के अनुसार एक अप्रैल 2015 और 31 मार्च 2019 के बीच लिया गया दो लाख रुपये तक का कर्ज और जिसे 30 सितंबर 2019 तक चुकाया न गया हो, वह माफ कर दिया जाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि जिन किसानों का फसल कर्ज और पुनर्गठन कर्ज दो लाख रुपये से अधिक है, वे योजना के तहत किसी तरह के लाभ के पात्र नहीं हैं। वित्त एवं सहयोग विभाग की एक समिति इस पर फैसला लेगी कि क्या किसानों की गैर निष्पादित संपत्तियों को कर्ज माफी योजना में राष्ट्रीयकृत, निजी और ग्रामीण बैंकों में शामिल किया जाए या नहीं। सरकारी प्रस्ताव में कहा गया है कि राष्ट्रीयकृत, जिला, सहकारी बैंकों और सहकारी समितियों से लिए गए कर्ज को माफ करने पर विचार किया जाएगा। जो लोग गैर कृषि क्षेत्र से हुई आय, पेंशन पर कर देते हैं और जिनकी मासिक आय 25,000 रुपये से अधिक है, उन्हें भी यह लाभ नहीं मिलेगा।

**खास बातें**

- जिनकी मासिक आय 25,000 रुपये से अधिक है, उन्हें भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा
- ज्यादातर किसानों पर दो लाख रुपये से अधिक का कर्ज बकाया



### राज्य सरकार कृषक समुदाय के साथ विश्वासघात कर रही है : अजित नवले

इस बीच, किसान नेता अजित नवले ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा जारी किया सरकारी प्रस्ताव कृषक समुदाय के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि अधिकांश किसानों को इस योजना का फायदा नहीं मिलेगा क्योंकि उनका बकाया कर्ज दो लाख रुपये से अधिक का है। उन्होंने कहा आखिरी कर्ज माफी योजना में एक बार समझौते का प्रावधान था जिसके तहत अगर किसान कर्ज की बकाया राशि जमा कराता है तो सरकार उसे 1.5 लाख रुपये देती। उन्होंने कहा ज्यादातर किसानों पर दो लाख रुपये से अधिक का कर्ज बकाया है। इसलिए अधिकतर किसान योजना की जद से बाहर हैं।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को दिया तोहफा**

### 185 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनपद गोरखपुर में 185 करोड़ रुपए लागत की कुल 20 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 139.62 करोड़ रुपए लागत की 14 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 45.44 करोड़ रुपए लागत की छह परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

राजकीय जुबली इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना सभी शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए सभी शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने की दिशा में कार्य करें। शिक्षण संस्थाओं में बेहतर शिक्षा का माहौल सृजित हो, जो समाज एवं राष्ट्रहित में हो। शासन की नीतियों की जानकारी



छात्रों को अवश्य दी जाए। योगी ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम सिर्फ नागरिकता देने के लिए है, किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं है।

इस अधिनियम का उद्देश्य पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के जो भारत में शरणार्थी हैं, उनको नागरिकता प्रदान करना है।

## खबर संक्षेप



### अंगुली में फ्रैक्चर से मार्कराम बाहर

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडिन मार्कराम बाएं हाथ की अंगुली में फ्रैक्चर के कारण इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला से शनिवार को बाहर हो गए। 'क्रिकेट साउथ अफ्रीका' ने बताया कि मार्कराम को सुपरस्पोर्ट्स पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोट लगी। उनके बाएं हाथ की चौथी अंगुली में फ्रैक्चर है जिसे सर्जरी की जरूरत होगी और वह छह सप्ताह के लिए खेल से दूर रहेंगे। मार्कराम अक्टूबर के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेल रहे थे। उन्होंने भारत दौरे पर रांची में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच के दौरान निराशा में अपना हाथ किसी ठोस चीज पर मार दिया। जिससे उनकी कलाई में फ्रैक्चर हो गया था। उन्होंने हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट की दोनो पारियों में बल्लेबाजी कर ली है।

### कप्तान पेन वीडियो समीक्षा प्रणाली से हताश



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान उनके विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद वह क्रिकेट की वीडियो समीक्षा प्रणाली से काफी हताश हैं। अंपायर मराइस इरासमस के साथ चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया था। पेन ने कहा कि तीसरे अंपायर अलीम डार ने वीडिया समीक्षा के बाद पहले के 'नाट आउट' के फैसले को पलट दिया जिससे वह नाराज थे। इससे पेन अपने शतक से 21 रन से चूक गए और 79 रन बनाकर आउट हो गए।

## मुक्केबाजी : ओलंपिक क्वालीफायर के लिए दिल्ली में मुकाबले

# पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सरिता को सिमरनजीत कौर ने दी मात

### सोनिया लाठर को साक्षी चौधरी ने दी शिकस्त

### लवलीना और पूजा रानी ने भी बनाई टीम में जगह



भाषा ▶▶ नई दिल्ली

छह बार की विश्व चैम्पियन एम सी मेरीकाम (51 किग्रा) ने शनिवार को यहां निकहत जरीन को 9-1 से हराकर चीन में अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई। वहीं अन्य नतीजों में दो बार की विश्व रजत पदक विजेता हरियाणा की सोनिया लाठर (57 किग्रा) को साक्षी चौधरी ने शिकस्त दी। एशियाई पदकधारी लाठर चौधरी के तेज तर्रार आक्रमण के सामने नहीं टिक सकीं। वहीं 60 किग्रा वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन एल सरिता देवी राष्ट्रीय चैम्पियन सिमरनजीत कौर से पराजित हो गईं। इस मुकाबले में भी चपलता अहम रही जिससे सिमरनजीत ने सरिता को तेज मुक्कों से पस्त किया। विश्व चैम्पियनशिप में दो बार की कांस्य पदकधारी लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) ने ललीता को हराकर टीम में जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता पूजा रानी ने नुपुर को हराकर 75 किग्रा वर्ग का स्थान हासिल किया।

### ये रहेगी भारतीय टीम

*एमसी मेरीकाम (51 किग्रा), साक्षी चौधरी (57 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) और पूजा रानी (75 किग्रा)।*



### बर्ताव से आहत

'उन्होंने जैसा बर्ताव किया, उससे मैं आहत हूं। उन्होंने रिंग के अंदर भी कुछ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और गाली दिया, लेकिन ठीक है। मैं जूनियर हूं, मुकाबला खत्म होने के बाद अगर वह गले लग जाती तो यह अच्छा होता। लेकिन मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती।' -निकहत जरीन

### मैंने शुरू नहीं किया, मैंने संदेह पैदा नहीं किया: मेरीकाम

एम सी मेरीकाम ने ओलंपिक क्वालीफायर के लिये ट्रायल मुकाबला जीतने के बाद कहा कि उन्होंने यह विवाद शुरू नहीं किया था। छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मेरीकाम ने निकहत जरीन को 9-1 से हराकर ओलंपिक क्वालीफायर के लिये टीम में 51 किग्रा वर्ग में जगह बनायी। दोनों मुक्केबाजों ने मैच खत्म होने के बाद हाथ नहीं मिलाया। मेरीकाम ने युवा मुक्केबाज से गले लगने से भी इनकार कर दिया। मेरीकाम ने जरीन के खेल मंत्री किरेन रीजीजू को लिखे पत्र का जिक्र करते हुए कहा, "मुझे यह पसंद नहीं है, आप मेरा नाम बेकार के विवाद में खींच लेते हो और फिर सवाल पूछते हो। हां, मैं उससे गले नहीं लगी तो इसमें क्या हो गया? मैंने यह शुरू नहीं किया था, मैंने कभी नहीं कहा था मैं ट्रायल में नहीं लड़ूंगी तो आपने मेरा नाम क्यों खींचा। " मेरीकाम ने पूर्व चयन विवाद का जिक्र किया जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता पिंकी जांगड़ा से चुनौती मिली थी। उन्होंने कहा, "मैं भी इंसान हूं, मैं भी चिढ़ जाती हूं। जब इस तरह से मेरी उपलब्धियों पर सवाल उठाये जाते हैं तो क्या मैं गुस्सा नहीं हो सकती? और ऐसा पहली



बार नहीं था। यह मेरे साथ कई बार हो चुका है जबकि किसी अन्य मुक्केबाज ने वो हासिल नहीं किया जो मैंने किया है। " उन्होंने कहा, "प्रदर्शन करो और मेरी जगह आओ, कौन आपको रोक रहा है? लेकिन इससे पहले ज्यादा बोलो मत। अगर आप ऐसा करो तो मैं आपको करारा जवाब दूंगी। इसे मेरे लिये 'मीडिया ट्रायल' क्यों बना दिया गया। " यह विवाद तब खड़ा हुआ जब भारतीय मुक्केबाजी महासंघ अध्यक्ष अजय सिंह ने विश्व चैम्पियनशिप के बाद कहा कि मेरीकाम का कांस्य पदक उन्हें ट्रायल्स से छूट देने के लिये काफी है जबकि चयन नीति के अनुसार केवल स्वर्ण और रजत पदक विजेता को ही ओलंपिक क्वालीफायर के लिये सीधे स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा, "क्या मैंने वो घोषणा की थी? यह किसकी गलती थी, क्या यह मेरी गलती थी? मैं तो इसके बारे में जानती भी नहीं थी, मुझे यह बताया गया और मैं हैरान थी। क्योंकि मानसिक रूप से मैं उस समय ट्रायल के लिये तैयार थी। "मेरीकाम ने कहा, "जब ट्रायल की घोषणा हो गयी तो क्या मैंने ऐसा कहा कि मैं नहीं आऊंगी? तो मेरा नाम बार बार क्यों लिया गया? " वहीं जरीन ने कहा कि वह इस हार के बाद मजबूत वापसी करेंगी। उन्होंने कहा, "मुझे और मौका मिलेगा और मैं खुद को साबित करूंगी। अगर वह फरवरी ओलंपिक क्वालीफायर से क्वालीफाई नहीं करती हैं तो मैं फिर से मई में होने वाले क्वालीफायर के ट्रायल के लिये खेलूंगी। "

### मेरीकॉम की तीसरी जीत

निकहत और मेरीकॉम के बीच यह तीसरा मुकाबला था। निकहत इस साल के मई में इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में मेरीकॉम से भिड़ी थीं। इससे पहले साल 2016 में साउथ एशियन गेम्स की ट्रायल में दोनों के बीच मुकाबला हुआ था। दोनों मुकाबला मेरीकॉम के पक्ष में रहा था।



### 10 जजों ने दिया निष्पक्ष फैसला : बीएफआई



भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने शनिवार को कहा कि बीएफआई ने ओलंपिक क्वालीफायर के लिए महिला टीम चुनने के लिए निष्पक्ष ट्रायल कराए। सिंह ने कहा, 'निकहत के समर्थक थोड़े हताश थे लेकिन यह सब खेल भावना में हुआ। थोड़ा सा उत्साह हमेशा होता है। मैं खुश हूं कि मैच में इतना उत्साह था। अच्छा है कि यह ट्रायल हुआ और हर कोई देख सकता था। हमारे पास 10 जज थे ताकि निष्पक्ष और उचित नतीजे सुनिश्चित किए जा सकें। सभी के प्रतिनिधि मौजूद थे। हर कोई आकर देख सकता था। हमने निष्पक्ष ट्रायल कराए। जिन मुक्केबाजों ने आज जीत दर्ज की वे भारत में सर्वश्रेष्ठ हैं। जो हारे, वे भी अच्छे थे, उन्हें मौका दिया जाएगा।'

### भारतीय टीम

एमसी मैरीकॉम (51 किग्रा) , साक्षी चौधरी (57 किग्रा) , सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) , लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) और पूजा रानी (75 किग्रा)

### तेलंगाना मुक्केबाजी संघ ने किया फैसले का विरोध

तेलंगाना मुक्केबाजी संघ के प्रतिनिधित्व कर रहे एपी रेड्डी ने इस फैसले का जोरदार विरोध किया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने बीच में आकर हालात नियंत्रित किए। अजय सिंह ने उन्हें रिंग के पास से हटने को कहा और निराश जरीन ने खुद उन्हें शांत किया। इस मामले पर सिंह ने कहा कि मैरीकॉम आदर्श बॉक्सर हैं। जोश में कभी-कभी ऐसा हो जाता है। मामले को तूल नहीं देना चाहिए।

### दिलप्रीत को राष्ट्रीय हॉकी शिविर में मिली जगह

**नई दिल्ली।** अगले महीने भुवनेश्वर में खेली जाने वाली हॉकी प्रो लीग के लिए हाकी इंडिया ने 32 सदस्यीय संभावित पुरुष खिलाड़ियों की नामों की घोषणा की जिसमें युवा स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह की वापसी हुई है। दिलप्रीत 2018 पुरुष विश्व कप की टीम में थे। उन्हें सुल्तान जोहोर कप में शानदार प्रदर्शन का पुरस्कार मिला है।



### उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को हराया, पुजारा फ्लाप

**राजकोट।** उत्तर प्रदेश ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में सौराष्ट्र को पारी और 72 रन से शिकस्त दी जिसमें टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा दूसरी पारी में बल्ले से विफल रहे। उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को पहली पारी में 331 रन पर समेट दिया और फिर मध्यक्रम बल्लेबाज मोहम्मद सैफ के 165 रन के बूते 523 रन का विशाल स्कोर बनाया। इससे उत्तर प्रदेश ने पहली पारी के आधार पर 192 रन की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम दिन सौराष्ट्र को हार से बचने के लिए टिककर खेलना था पर टीम 120 रन पर सिमट गई और उत्तर प्रदेश ने बोनस अंक भी हासिल किया।

### बोल्ट के हाथ में फ्रेक्चर तीसरे टेस्ट से बाहर

**मेलबर्न।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के हाथ में शनिवार को फ्रेक्चर हो गया, जिससे वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। यह न्यूजीलैंड की टीम के लिए बड़ा झटका है, हालांकि इस हाथ से वह गेंदबाजी नहीं करते। इस अनुभवी खिलाड़ी ने हाल में चोट से वापसी की थी। दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड की पहली पारी के अंत में मिशेल स्टार्क की बाउंसर गेंद उनके दस्ताने पर लगी। इसके लिए उपचार कराना पड़ा लेकिन उन्होंने आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान गेंदबाजी की।

## न्यूजीलैंड 148 पर ढेर, आस्ट्रेलियाई टीम ने बनाई 456 रन की बड़ी बढ़त

- कंगारुओं ने दूसरी पारी में चार विकेट पर बनाए 137 रन
- कमिंस ने पांच, पैटिनसन ने तीन और स्टार्क ने झटके दो विकेट



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

पैट कमिंस की अगुवाई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते आस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को न्यूजीलैंड की पहली पारी को 148 रन पर समेट कर 319 रन की बड़ी बढ़त हासिल की।

दिन का खेल खत्म होने तक आस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 137 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 456 रन की कर ली। पहली पारी में शतक लगाने वाले ट्रेविस हेड 12 और मैथ्यू वेड 15 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। आस्ट्रेलिया के पहली पारी 467 रन के जवाब में न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 44 रन से की। कमिंस ने पांच विकेट, जेम्स पैटिनसन ने तीन और मिशेल स्टार्क ने दो विकेट झटककर आस्ट्रेलिया को पहली पारी में बड़ी बढ़त दिलाई। न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ टाम लैथम ही आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों का सामना कर सके।

उन्होंने 144 गेंद की पारी में 50 रन बनाए। वह अपना 16वां अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर टिम पेन को कैच थमा बैठे। विश्व रैंकिंग में पहले पायदान पर काबिज कमिंस ने 17 ओवर में 28 रन देकर पांच विकेट लिए।

### पेन ने नहीं दिया फालोआन

*पहली पारी में 319 रन की बढ़त कायम करने के बाद भी आस्ट्रेलियाई कप्तान पेन ने न्यूजीलैंड को फालोआन देने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना बेहतर समझा। डेविड वार्नर (38) और रोरी बर्न्स (35) ने पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। इस साझेदारी को नील वेगनर ने वार्नर को आउट कर तोड़ा। इसके बाद फार्म में चाल रहे मार्नुस लाबुशेन 19 रन बनाकर रन आउट हो गए जबकि मिशेन सेंटनर ने बर्न्स को विकेट के पीछे कैच कराकर पवेलियन भेजा।*

## भारतीय फुटबाल का विश्व कप सपना टूटा



**नई दिल्ली।** करिश्माई फुटबालर सुनील छेत्री का शानदार प्रदर्शन इस वर्ष भी जारी रहा लेकिन भारतीय फुटबाल टीम फीफा रैंकिंग में 11 पायदान लुढ़कने के अलावा विश्व कप क्वालीफायर और एशिया कप में शुरू में ही बाहर हो गई। इस साल भारतीय फुटबाल में कुछ दूरदर्शी फैसले हुए जिसमें अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 12 सत्र पुरानी आई लीग (राष्ट्रीय फुटबाल लीग के तौर पर 11 साल बाद) को घरेलू क्लब प्रतिस्पर्धा में दूसरे दर्जे की कर दिया। शीर्ष स्तर लुभावनी इंडियन सुपर लीग ने ले लिया जो इसके काफी बाद में 2014 में शुरू हुई। ज्यादातर क्लब लीग के स्तर को लेकर एक तरफ थे और महासंघ एक तरफ। लेकिन एआईएफएफ ने एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) के हस्तक्षेप के बाद आईएसएल को शीर्ष स्तर की लीग के तौर पर मान्यता दी।

## भारोत्तोलक सीमा डोपिंग मामले में चार साल के लिए प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की रजत पदकधारी भारोत्तोलक सीमा पर डोपिंग उल्लघंन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने कहा कि सीमा के डोप नमूने इस साल विशाखापट्टनम में 34वीं महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलक चैंपियनशिप के दौरान एकत्रित किए गए थे। बयान के अनुसार, 'चैम्पियनशिप के दौरान लिए गए नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए जो प्रदर्शन को सुधारने के लिए किए गए थे। यह पूरी तरह से धोखाधड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी नियमों का सीधा उल्लघंन था।' इसके मुताबिक, 'उनके नमूने में हाइड्रोक्सी 4 मिथॉक्सी टेमोक्सीफेन, सलेक्टिव एस्ट्रोजन रिसेप्टर मोड्यूलर मेटेनोलोन, एनाबोलिक स्टेराइड ओस्टारीन, सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मोड्यूलर मौजूद थे।'



हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 100% गारंटेड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मैट्रो स्टेशन, दिल्ली

ज्योतिष

बाबा खाँन
5 घंटे में समाधान
जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन से छुटकारा, जादू-टोना
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरणी आदि
दिल्ली
TIME 9 से 6 Fees ₹200/-
8171666007

ज्योतिष

फीस नहीं इनाम लूंगा
गुरु रजा भारती
(गोल्डमेडलिस्ट)
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरणी
घर बैठे 5 घंटे में 100% समाधान
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, विदेश यात्रा, तलाक, शादी में बाधा, नौकरी, कारोबार में बाधा, मुकदमा आदि A to Z समस्याओं का तुरंत समाधान । सभी जगह से निराश एक बार फोन करें ।
98 97 40 42 73

ज्योतिष

जो काम किसी भी मुल्ला, मौलवी, औघड़, अघोड़ी, पंडित, ज्योतिषी से ना होता हो सिर्फ उसी काम के लिए कॉल करें।
मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिले, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी
India's Famous सूफी जी
7827540149
ऑपोजिट बस अड्डा

विश्वास ही परमात्मा है
हर समस्या का तुरंत समाधान
सूफी आलम जी
जैसे किया कराया, पति-पत्नि में झगड़ा, गृह कलेश, सौतन/दुश्मन से छुटकारा, विदेश यात्रा, प्रेम विवाह, रुठे को मनाना, तलाक, संतान न होना, ऊपरी असर, कॅरियर असफलता
स्पेशलिस्ट वशीकरण
8800677038
सिकन्दरपुर मैट्रो स्टेशन गुरुग्राम

7 घंटे में काम की गारंटी
गुरु शमर जी बंगाली
17 बार गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. वशीकरण, मनचाहा प्यार, गृह कलेश, जादू-टोना, कारोबार, विदेश यात्रा मे रुकावट, पति-पत्नि में अनबन, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मुठकरणी आदि
A to Z समस्याएँ
TIME 9 से 6 Fees ₹200/-
द्वारका मोड़ दिल्ली-110015
9582446005

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं0 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 31 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरणी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

ज्योतिष

कर भला तो हो भला
मुफ्त समाधान जाने घर बैठे (तीन पीढ़ियों का अनुभव)
लव मैरिज, वशीकरण, शादी में रुकावट, जादू-टोना, गृह कलेश, सौतन दुश्मन से छुटकारा, कारोबार बंदिश, मुठकरनी
A to Z Solution
खान साहब जी
6397001080
निराश लोग अवश्य कॉल करें।

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता की परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

आवश्यकता

☞ PATANJLI आयुर्वेदिक कंपनी में SMS JOB हेतु आवश्यकता 850 लड़के - लडकियां ,गृहणियां घर बैठे पार्ट /फुलटाइम कार्यकर कमाये 18500- 45000/- महीना मोबाइल +लेपटॉप +बोनस फ्री CALL/SMS करें -70707-62927, 89368-00847

लोन

☞ एक बार फिर से आपकी सेवा मे ADITYA BIRLA FINANCE जनधन योजना के अंतर्गत होम लोन पर्सनल मार्कशीट मुर्गीपालन महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन करवाये ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित। महिलाओ को विशेष छूट। 9499305926

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं, JEEVAN BHARTI FINANCE जनधन योजना के अन्तर्गत, होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला, ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94679-50862

☞ पैसा हमारा कामयाबी आपकी लाखों लोगों का भरोसा जनधन योजना द्वारा मार्कशीट, पर्सनल, बिजनेस, कृषि लोन पाएं 24 घंटों में (2% ब्याज) (50% छूट) (एजेंट आमंत्रित) 87652-94056, 94992-59978

PUBLIC NOTICE
I, Bharat Sah, Prop of M/s. Bharat wholesale have mortgage property no. 410-B, Gali No.-12, Chander Quarters, Rampura, Delhi with AUSFB, As Doc No. 8451 dated 30.06.2018 Title of the ownership has been wrongly mentioned as sale deed. Doc. No. 13606, Addl. Book-1, Vol-5989, Pages 101-105 on date 24.11.2015 in place of sale deed as doc no. 14487 Vol. No.-6023, Pages 108-115 dated 17.12.2015.

PUBLIC NOTICE
[illegible]
Ankush Tyagi (Advocate)
Chamber Number 324, 3rd Floor, Dwarka Court, Sec-10 Dwarka New Delhi-110075

## मेडिकल में उपलब्धि



### सीआरआईएसपीआर

क्लस्टर्ड रेगुलर इंटर्सेप्ड शॉर्ट पालिंड्रोमिक रिपीट (सीआरआईएसपीआर) अभी तक की सबसे बेहतर जीन-एडिटिंग तकनीक है। यह कोशिकाओं में मौजूद वायरस के जीवाणु को नष्ट कर इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाने का काम करती है। यह तकनीक संक्रमित डीएनए स्ट्रैंड को कट आउट करने में सक्षम है।



### टेलीहेल्थ

टेलीहेल्थ एक तेजी से विकसित होने वाली तकनीक है जो रोगियों को अपने डॉक्टर के साथ आमने-सामने मिलने के कॉन्सेप्ट को खत्म कर देती है। इसमें डिजिटल उपकरणों से चिकित्सा की जाती है। इस साल इसका जोर रहा।



### वर्चुअल रिअलिटी

वर्चुअल रिअलिटी को आभासी वास्तविकता कहते हैं। हाल ही में चिकित्सा और तकनीकी तेजी से सुधार हुआ है। मेडिकल स्टूडेंट्स तकनीक का उपयोग करके रियलिटी को करीब से महसूस कर इलाज की प्रैक्टिस करते हैं।



### सटीक दवा

सटीक इलाज, डॉक्टरों को किसी व्यक्ति के आनुवंशिकता के आधार पर, कैंसर जैसे रोगों के इलाज के लिए दवाओं और उपचारों का चयन करने की अनुमति देती है। यह इलाज दूसरे उपचारों की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी है।



### कृत्रिम अंग

3डी प्रिंटिंग को ऊपर ले जाने के लिए, बायो-प्रिंटिंग भी एक उभरती हुई चिकित्सा तकनीक है। जबकि शुरू में यह त्वचा की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने के लिए उपयोग की जाती थी। अब धीरे-धीरे आर्टिफिशियल अंग बनाने की तकनीक एक अलग लेवल पर पहुंच गई है।

## इन घातक रोगों ने किया परेशान



### दिल की बीमारी

दुनिया में सबसे घातक बीमारी कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) है। इस्केमिक हृदय रोग भी कहा जाता है, सीएडी तब होता है जब हृदय को रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाएं संकुचित हो जाती हैं।



### ब्रेन स्ट्रोक

स्ट्रोक तब होता है जब आपके मस्तिष्क में एक धमनी अवरुद्ध या लीक हो जाती है। यह बिना ऑक्सीजन की मस्तिष्क कोशिकाओं को मिनटों के भीतर खत्म कर देता है। स्ट्रोक के दौरान अचानक सुन्नता महसूस करते हैं।



### सांस प्रणाली में संक्रमण

सांस की बीमारियों में फेंफड़ो में इंफेक्शन होता है, जो जानलेवा बीमारियों में शामिल है। वायरस श्वसन संक्रमण का कारण बनते हैं। ये बैक्टीरिया के कारण भी हो सकता है। खांसी सांस के संक्रमण का मुख्य लक्षण है।

### सीओपीडी

क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) दीर्घकालिक, प्रगतिशील फेफड़े की बीमारी है जो सांस लेने में दिक्कत करती है। क्रोनिक ब्रोंकाइटिस व वातस्फीति सीओपीडी के प्रकार हैं।

### अल्जाइमर

अल्जाइमर रोग एक प्रगतिशील बीमारी है जो सोचने की क्षमता को नष्ट कर देती है और सामान्य मानसिक कार्यों को बाधित करती है। इनमें सोच, तर्क और विशिष्ट व्यवहार शामिल हैं।

*इस साल तपेदिक (टीबी), डायरिया और सोराइसिस जैसी बीमारियों ने भी लोगों को खूब परेशान किया है।*

### मधुमेह



डायबिटीज दुनिया में तेजी से फैलने वाली बीमारी है, जिसमें इंसुलिन के स्राव में असंतुलन हो जाता है। टाइप 1 मधुमेह में, अग्न्याशय इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता। टाइप 2 मधुमेह में, अग्न्याशय जरूरत के मुताबिक इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता है।

# नई तकनीक से इलाज बना हाईटेक गैजेट्स बने आकर्षक, रक्षा हुई मजबूत

नई तकनीक नित चिकित्सा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। इस साल भी कई नई चिकित्सा तकनीक आईं, जिसने इलाज को हाईटेक बनाया। इस साल कुछेक लाइफस्टाइल जनित बीमारियों ने और अधिक पांव पसारे। ऑटो सेक्टर में नई तकनीकें आईं तो स्मार्टफोन की दुनिया भी हाईटेक हुई। रक्षा क्षेत्र में कई उच्च तकनीक वाले हेलीकॉप्टर व मिसाइल की एंट्री हुई। पेश है इस साल आई नई तकनीकों का लेखा जोखा....



### 40 हजार बुलेटप्रूफ जैकेट

लंबे अरसे से इंतजार कर रही भारतीय सेना को देश में बनी 40 हजार बुलेटप्रूफ जैकेट की आपूर्ति की गई है। जैकेट की पहली खेप जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का सामना कर रहे सैनिकों को सौंप दी गईं। जैकेट को एसएमपीपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना रही है। कंपनी के मेजर जनरल अनिल ओबेरॉय का कहना है कि, वे सेना को समय रहते पूरा ऑर्डर मुहैया करा देंगे।



### आधुनिक मिसाइलों से लैस

भारत ने इस साल रक्षा क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की और सेनाओं की ताकत बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों से लैस पिनाक, पृथ्वी समेत कई मिसाइलों का परीक्षण किया जो दुश्मन पर हर तरह से मार करने में सक्षम हैं।



### आसमान का नया रक्षक चिनूक

भारतीय वायुसेना की ताकत को और विस्तार देने की दिशा में बड़ी शुरुआत हुई है। वायुसेना को इस साल मार्च में 4 चिनूक हेलिकॉप्टर मिले। वायुसेना प्रमुख ने चिनूक की पहली यूनिट को चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में वायुसेना में शामिल किया। चिनूक हेलीकॉप्टर की ताकत और मारक क्षमता को देश के लिए बड़ी धरोहर बताते हुए वायुसेना प्रमुख बी. एस धनोआ ने इसे सैन्य इतिहास का महत्वपूर्ण दिन बताया।




### अपाचे ने भी दी ताकत

इस साल भारतीय वायुसेना को आठ अपाचे हेलीकॉप्टर भी मिले। इससे देश की सैन्य क्षमता में भारी इजाफा हुआ। आधुनिक युद्धक क्षमता वाले ये हेलीकॉप्टर अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बनाए हैं। इन्हें 27 जुलाई को गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस लाया गया था। ट्रायल के बाद इन्हें पठानकोट एयरबेस भेज दिया गया जहां औपचारिक रूप से इन्हें भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया। पठानकोट एयरबेस पर हेलीकॉप्टर पर पानी की बौछार करके सैल्यूट किया गया।



### विजयदशमी पर मिला राफेल

विजयदशमी के मौके पर फ्रांस ने भारत को पहले राफेल लड़ाकू विमान सौंप दिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राफेल को लेने के लिए खुद फ्रांस पहुंचे। फ्रांससी रक्षामंत्री ने भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पहला राफेल लड़ाकू विमान सौंपा। इसके बाद राजनाथ ने राफेल में उड़ान भरी। इससे पहले राफेल पर रक्षा मंत्री ने 'ऊं' भी लिखा। पहियों के नीचे नींबू भी रखा गया। राफेल को लेकर देश में सालभर राजनीति भी चलती रही।

2019

# स्मार्टफोन की बदली दुनिया

### 48 मेगापिक्सल कैमरा



इस वर्ष कई हैंडसेट्स 48 मेगापिक्सल सेंसर्स के साथ मार्केट में उतारे गए। यह सेंसर सबसे पहले हॉनर व्यूय-20 में देखा गया था। इसके बाद प्रीमियम से लेकर किफायती तक कई स्मार्टफोन्स में यह सेंसर देखा गया। इनमें वनप्लस-7, वनप्लस-7 प्रो, वनप्लस-7 टी, वनप्लस-7 टी प्रो, ओपो-11 प्रो, ओपो रेनो, शियोमी रेडमी के-20 प्रो शामिल हैं।

### पॉप-अप सेल्फी कैमरा



स्मार्टफोन्स के लिए पॉप-अप सेल्फी कैमरा की टर्म काफी ट्रेंड में रही। इस फीचर की मदद से फोन में एज-टू-एज डिस्प्ले का अनुभव भी यूजर्स को मिला। पॉप-अप सेल्फी कैमरा वाले स्मार्टफोन्स की बात करें तो इनमें रियलमी एक्स, शियोमी रेडमी के-20 प्रो, वनप्लस-7टी प्रो आदि शामिल हैं। इस नए फीचर ने सेल्फी के अनुभव को मजेदार बनाया।

### पंच-होल कैमरा



2019 से पहले तक स्मार्टफोन्स में नॉच दी जाती थी। लेकिन इस वर्ष इस परंपरा को खत्म कर पंच-होल डिस्प्ले यानी पंच होल कैमरा को पेश किया गया। फोन के डिस्प्ले के अंदर लेजर के जरिए होल किया जाता है और इसमें सेल्फी कैमरा प्लेस किया जाता है। इसे सबसे पहले हॉनर व्यू-20 में उपलब्ध कराया गया था। इसके बाद सेमसंग गेलेक्सी 10+, नोट-10 और वीवो जेड 1 प्रो पेश किए गए।

### इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर



वर्ष 2019 के अन्य ट्रेंड की बात करें तो इसमें से एक इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर है। इस वर्ष ओपो, वन प्लस, सेमसंग और वीवो ने अपने स्मार्टफोन्स में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर उपलब्ध कराया गया है। इसमें इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक ऑप्टिकल से लेकर अल्ट्रासोनिक तक होती है। इस फिंगरप्रिंट फीचर ने लोगों को नया अनुभव दिया।

नई लांचिंग

### वीवो वी-15 प्रो



इसके दो वेरिएंट मार्केट में आए। पहला वेरिएंट 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज के साथ आया, जिसकी कीमत 19,990 रुपये थी। वहीं, दूसरा वेरिएंट 8 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज के साथ आया, जिसकी कीमत 26,990 रुपये थी। इसमें 6.39 इंच का सुपर एमोलेड फुल एचडी प्लस डिस्प्ले मौजूद था, जिसका पिक्सल रेजोल्यूशन 1080 x 2340 है। यह फोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 675 प्रोसेसर से लैस है। साथ ही यह फोन एंड्रॉइड 9 पाई पर आधारित **FunTouch OS** 5.0 पर काम करता है। फोन में ट्रिपल रियर कैमरा दिया गया है। इसका पहला सेंसर 48 मेगापिक्सल का, दूसरा 8 मेगापिक्सल का और तीसरा 5 मेगापिक्सल का है। सेल्फी के लिए फोन में 32 मेगापिक्सल का सेंसर मौजूद है। फोन को पावर देने के लिए 3700 एमएएच की बैटरी मौजूद है। वीवो वी- 15 प्रो ने स्मार्टफोन बाजार में अपनी निर्माता कंपनी को अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद की।

### फास्ट चार्जिंग सपोर्ट



इस वर्ष एंड्रॉइड स्मार्टफोन में फास्ट चार्जिंग सबसे बड़ा फीचर बनकर उभरा है। फास्ट चार्जिंग तकनीक के साथ इस वर्ष ओपो, वीवो, वनप्लस, रिलेम और सेमसंग स्मार्टफोन्स को पेश किया था। इन फोंस ने लोगों की दुनिया ही बदल कर रख दी। लगभग हर व्यक्ति के हाथ में स्मार्ट फोन दिखाई दिए। लोगों का ज्यादातर समय फोन पर ही बीता।

### रेडमी नोट 8 प्रो



यह फोन तीन वेरिएंट में लॉन्च किया गया था। इसका 6 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज वेरिएंट 14,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। वहीं, 6 जीबी रैम और 128 जीबी वेरिएंट 15,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। इस फोन का 8 जीबी रैम और 128 जीबी वेरिएंट 17,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। इस फोन में 6.53 इंच का फुल एचडी प्लस स्क्रीन मौजूद है।

### नोकिया 7.2



इस फोन को दो वेरिएंट में लॉन्च किया गया। पहला वेरिएंट 4 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज से लैस है। वहीं, दूसरा 6 जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज से लैस है। इसके बेस वेरिएंट की कीमत 18,599 रुपये है। वहीं, हाई-एंड वेरिएंट की कीमत 19,599 रुपये है। इसमें 6.3 इंच का फुल एचडी+ डिस्प्ले दिया गया है। इस पर कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास की प्रोटेक्शन दी गई है। यह फोन स्नैपड्रैगन 660 प्रोसेसर से लैस है। यह फोन एंड्रॉइड 9 पाई पर काम करता है। फोटोग्राफी के लिए फोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया है। इसका प्राइमरी सेंसर 48 मेगापिक्सल का है। वहीं, दूसरा 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड कैमरा और तीसरा 5 मेगापिक्सल डेप्थ सेंसर है।



### दस हजार के बजट में आए ये फोन

स्मार्ट फोन इंडस्ट्री के लिए यह साल काफी खास रहा। इस साल शानदार फीचर्स से लैस 10 हजार से कम बजट में कई स्मार्ट फोन लॉन्च हुए। इनमें सैमसंग, ग्लेक्सी, एम-30 (कीमत 9999), रेडमी नोट-7एस कीमत (8999), रिलेम 5 एस (9999), इनफिनेक्स एस-5 लाइट (7999) ऐसे फोन शामिल हैं।

# बाइक और कार का भी आया नया अवतार

## ट्रायंफ रॉकेट 3 आर



2019 में ट्रायंफ रॉकेट 3 आर एक बेहतर बाइक के तौर पर उभर कर आई और राइडरों को इसने अपनी ओर खींचा। कंपनी ने इस बाइक की कीमत 18 लाख रुपये रखी है जो कि अपने पुराने मॉडल से 2 लाख रुपये सस्ती है। इस बाइक को पूरी तरह एक नए प्लेटफॉर्म पर बनाया है और यह पहले के मुकाबले 40 किलोग्राम हल्की हो गई है। कंपनी ने इसमें 2500सीसी का इन-लाइन थ्री-सिलेंडर इंजन दिया है जो कि 6000 आरपीएम पर 165 बीएचपी की पावर व 4000 आरपीएम पर 221 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह मोटर 6-स्पीड गियरबॉक्स से लैस है।

### केटीएम 390 एडवेंचर

केटीएम इंडिया ने 390 एडवेंचर को लॉन्च किया। इसमें 373 सीसी, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया जो कि 390 ड्यूक वाली समान पावर देता है और यह बीएस-6 मानकों के अनुरूप है। यह इंजन 9,000 आरपीएम पर 43 बीएचपी की पावर टॉर्क जनरेट करता है।

### इलेक्ट्रिक बाइक

ओआरएक्सए एनर्जी ने भारत की पहली नेक्ड स्पोर्ट्स फुल इलेक्ट्रिक स्ट्रीट बाइक मेनटिस को पेश किया है। इस बाइक में मिड माउंटिड -250 वाट मोटर और कंट्रोलर है। मोटर को पावर देने के लिए 9 केड्ब्ल्यूएच बैटरी दी गई है।

## मारुति सुजुकी एस प्रेसो



सितंबर में इस गाड़ी को लॉन्च किया गया। कंपनी ने इसमें एक एसयूवी स्टाइल वाला लुक दिया है और ये टॉल ब्वॉय डिजाइन के साथ आती है। कुल मिलाकर ये हैचबैक एक नए डिजाइन के साथ आई। इसकी कीमत 3.69 लाख से शुरू होती है जो कि टॉप वेरिएंट 4.91 लाख रुपये (एक्स शोरूम दिल्ली) तक जाती है।

**किआ सेल्टोस** : अगस्त में भारतीय बाजार में यह गाड़ी आई। चार माह में ही 40,849 यूनिट्स बिकी। इसमें तीन इंजन विकल्प 1.5 लीटर पेट्रोल और 1.5 लीटर डीजल के अलावा 1.4 लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन भी दिया है। यह इंजन बीएस 6 मानकों के अनुरूप है।

### एमजी हेक्टर

जुलाई में यह गाड़ी लॉन्च हुई। देश की ये पहली सबसे ज्यादा कनेक्टेड फीचर्स के साथ आने वाली कार है। इसकी कीमत 12.18 लाख से शुरू होती है जो कि टॉप वेरिएंट 16.88 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक जाती है।

### हुंडई वेन्यू

इस कॉम्पैक्ट एसयूवी को कंपनी ने मई में लॉन्च किया था और यह कोरियन कार निर्माता कंपनी की पहली सबकॉम्पैक्ट एसयूवी और देश की पहली कनेक्टेड एसयूवी भी है। कीमत 6.50 लाख रुपये से शुरू है।

## डाटा की सेंधमारी

### डाटा चोरी के मामले गूंजे

*2016 से लेकर 2018 तक भारत साइबर अटैक के मामले में दूसरे नंबर पर था। यह सिलसिला 2019 में भी बना हुआ है। चाहें सोशल मीडिया यूजर्स हों या फिर आधार कार्ड यूजर्स, किसी का भी निजी डाटा सुरक्षित नहीं है। इस वर्ष कई ऐसी डाटा लीक्स की खबरें सामने आईं, जिसने यूजरों को परेशान किया।*

### माइक्रोसॉफ्ट डाटा लीक

1 जनवरी 2019 से लेकर 29 मार्च 2019 तक के बीच हैकर्स ने माइक्रोसॉफ्ट सपोर्ट एजेंट का अकाउंट हैक किया था। इस बात की जानकारी खुद माइक्रोसॉफ्ट ने दी थी। कंपनी ने उस सपोर्ट एजेंट के अकाउंट को डिसेबल कर दिया था, जिसे हैक किया गया था। कंपनी का कहना था, "ऐसा भी हो सकता है कि हैकर्स ने आउटलुक यूजर्स के अकाउंट को देखा या एक्सेस किया हो।" जनवरी में 773 मिलियन अकाउंट्स, 10 मिलियन से जयादा पासवर्ड्स की जानकारी लीक हुई थी।



### फेसबुक डाटा लीक

इस वर्ष मार्च में फेसबुक के 540 मिलियन यूजर्स का डाटा लीक हुआ था। इस बात की जानकारी साइबर सिक्योरिटी फर्म एपीजीयूएआरडी ने एक रिपोर्ट के जरिए दी थी। इसके लिए ट्वीट भी किया गया था। एपीजीयूएआरडी के रिसर्चर्स ने बताया था कि मैक्सिको स्थित डिजिटल मीडिया कंपनी कल्ट्रा कलेक्टिवा ने फेसबुक के 540 मिलियन रिकॉर्ड्स को अमेजन एस-3 सर्वर पर बिना किसी पासवर्ड के स्टोर किए अमेजन एस-3 सर्वर पर बिना किसी पासवर्ड के स्टोर किए गए थे। इसके अलावा फेसबुक की एक और डाटा बैकअप फाइल एक एप मेकर कंपनी द पुल के सर्वर पर स्टोर हो गई थी। इसमें 22,000 यूजर्स का डाटा सेव था।

### व्हाट्सएप डाटा लीक

1,400 से ज्यादा अकाउंट्स को दो हफ्तों के अंदर हैक कर लिया गया था। फेसबुक ने इस हैकिंग का आरोप इजराइल के एनएसओ ग्रुप पर लगाया था, जो हैकर्स और इजराइली सरकारी ऑफिशियल्स को लोगों के व्हाट्सएप डाटा की जानकारी उपलब्ध कराया। फेसबुक ने बताया था कि मई में उनके इंजीनियर्स ने हाई-कैपेसिटी साइबर अटैक को नोटिस किया था। ये अटैक्स व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग के जरिए किए जा रहे थे। फेसबुक ने दावा किया था कि एनएसओ ग्रुप ने फ्लैगशिप मालवेयर का प्रयोग कर 1400 यूजर्स का डाटा हैक किया था।

# जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों और लद्दाख में ठंड का प्रकोप जारी

**लेह और द्रास में न्यूनतम तापमान माइनस 19.1 डिग्री और माइनस 28.6 डिग्री सेल्सिय दर्ज किया गया**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों और लद्दाख में शनिवार को भी ठंड का प्रकोप जारी रहा। श्रीनगर में पिछली रात सीजन की सबसे सर्द रात दर्ज की गई जहां तापमान शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लद्दाख के लेह और द्रास में न्यूनतम तापमान क्रमशः माइनस 19.1 डिग्री और माइनस 28.6 डिग्री सेल्सिय दर्ज किया गया। श्रीनगर के कई इलाकों में शुक्रवार की रात न्यूनतम तापमान शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचने के बाद पानी की आपूर्ति करने वाली लाइनें जम गईं। इससे पिछली रात न्यूनतम तापमान शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे था। मौसम विभाग ने नये साल की पूर्व संध्या पर कश्मीर में बारिश एवं बर्फबारी का अनुमान जताया है जिससे संभवतः घाटी में ठंड के सितम से कुछ हद तक राहत मिल पाएगी। अधिकारी ने कहा, "कश्मीर में 31 दिसंबर से कुछ दिनों तक हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है।" अत्यधिक ठंड की अवधि चिल्लई कलां 21 दिसंबर से शुरू हो गई है और यह 31 जनवरी तक जारी रहेगा। वहीं हिमाचल प्रदेश में भी कुफ्री, मनाली, सोलन, भुंटार, सुंदरनगर, सेवबाग और कल्पा में शनिवार को पारा शून्य से नीचे लुढ़क गया। राज्य में सबसे ठंडा प्रदेश केलांग दर्ज किया गया जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 11.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 31 दिसंबर से दो जनवरी के बीच राज्य के मध्य एवं ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। शिमला में न्यूनतम तापमान चार डिग्री और डलहौजी में न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

- हिमाचल प्रदेश में भी कुफ्री, मनाली, सोलन, भुंटार, सुंदरनगर, सेवबाग और कल्पा में पारा शून्य से नीचे लुढ़का

## राजस्थान में कई स्थानों पर पारा शून्य से नीचे लुढ़का



जयपुर। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है जहां अनेक जगह पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। वहीं कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है और मौसम विभाग का कहना है आने वाले कुछ दिनों में भी इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के ज्यादातर हिस्से कड़ाके की सर्दी की जद में हैं। शुक्रवार रात को फतेहपुर सीकर में न्यूनतम तापमान माइनस चार डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सीकर में यह माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस और माउंट आबू में माइनस 1.5 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस से कम है। बीती रात अलवर में यह 0.2 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 0.6 डिग्री सेल्सियस, चुरू में 1.1 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 2.1 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 2.7 डिग्री सेल्सियस, चित्तौड़गढ़ में 2.0 डिग्री सेल्सियस और डबोक में 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में भी शीत लहर से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। राज्य के सीकर, झुंझुनू, भरतपुर, धौलपुर, अजमेर, टौंक, जयपुर, उदयपुर, चुरू, गंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर में सर्दी का प्रकोप अभी जारी रहने का अनुमान है। इसके अलावा इनमें से कई जिलों में पाला पड़ सकता है तथा कोहरे का भी असर रहेगा।

## संयुक्त राष्ट्र ने म्यामां के रोहिंग्या समुदायों के मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित कर म्यामां के रोहिंग्या मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों की मनमानी गिरफ्तारी, प्रताड़ना, बलात्कार और हिरासत में होने वाले मौत समेत अन्य मानवाधिकार उल्लंघनों की कड़ी निंदा की। इस 193 सदस्यों वाले वैश्विक निकाय में 134 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोटिंग की जबकि नौ ने इसे स्वीकृति नहीं दी। वहीं 28 सदस्य सभा में मौजूद नहीं थे। इस प्रस्ताव में म्यामां सरकार से रखाइन, कचीन और शान राज्यों में रोहिंग्या एवं अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा को बढ़ावा देने वाली समस्या से निपटने के कदम उठाने की अपील भी की गई है। महासभा के प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते, लेकिन वे विश्व के विचारों को व्यक्त करते हैं। बौद्ध बहुलता वाले म्यामां में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को लंबे समय से बांग्लादेश का "बंगाली" माना जाता रहा है, जबकि उनके परिवार पीढ़ियों से इस देश में रह रहे हैं।

*पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा*

## संसद हमले के बाद आतंकी कैम्पों को तबाह करना चाहते थे, सरकार ने मंजूरी नहीं दी



**चंडीगढ़।** देश में दो बड़े आतंकी हमलों के बाद भारतीय वायुसेना पाकिस्तान में मौजूद आतंकी कैम्पों को ध्वस्त करना चाहती थी, लेकिन तत्कालीन सरकार ने मंजूरी नहीं दी। पूर्व वायुसेना प्रमुख बीएस धनोआ ने शनिवार को यह दावा किया।

धनोआ 31 दिसंबर 2016 से 30 सितंबर 2019 तक एयरफोर्स चीफ रहे हैं। वे पहले भी कह चुके हैं कि वायुसेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी कैम्प तबाह करने के लिए तैयार थी लेकिन राजनीतिक नेतृत्व ने अनुमति नहीं दी। उन्होंने ये भी कहा है कि पुलवामा हमले के बाद केंद्र की मंजूरी के बाद ही बालाकोट में एयरस्ट्राइक की गई। एयरचीफ मार्शल धनोआ ने एक सवाल के जवाब में कहा- 2001 में संसद हमला हुआ। 2008 में मुंबई को निशाना बनाया गया। इसे 26/11 हमला कहा जाता है।

*ईरान, रूस और चीन का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू*

## तहानी बोले- नए मुकाम पर हमारी दोस्ती



**नई दिल्ली।** ईरान, चीन और रूस ने शुक्रवार को हिंद महासागर और ओमान की खाड़ी में चार दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास की शुरुआत की। इसकी जानकारी ईरान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के कमांडर ने दी। ईरान के साथ चीन और रूस का यह सैन्य अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है, जब अमेरिका का ईरान से संबंध बुरे दौर से गुजर रहा है। बता दें कि अमेरिका ने पिछले साल मई में ईरान के साथ 2015 में हुए समझौते से खुद को अलग कर लिया था। परमाणु समझौते से पीछ हटने के बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

इस संयुक्त नौसैन्य अभ्यास के वरिष्ठ सैन्य कमांडर गुलाम रजा तहानी ने कहा कि इस अभ्यास का मकसद सहयोग और एकता से शांति, दोस्ती और स्थायी सुरक्षा स्थापित करना है और इसका प्रभाव यह दिखाना होगा कि ईरान को अलग-थलग नहीं किया सकता। उन्होंने कहा कि इस सैन्य अभ्यास का अर्थ यह है कि ईरान, रूस और चीन की दोस्ती नए मुकाम पर पहुंच चुकी है।

### शक्ति का समुद्र में नया त्रिकोण

तहानी ने आगे कहा कि इस नौसैन्य अभ्यास का मकसद सुरक्षा को मजबूत करना, समुद्री व्यापार को मजबूत करना और समुद्री डाकुओं व आतंकवाद का मुकाबला करने के साथ जानकारी और अनुभव साझा करना है। उन्होंने कहा कि 17 हजार वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में यह सैन्य अभ्यास हो रहा है जो ईरान की चाबहार बंदरगाह से शुरू होकर हिंद महासागर के उत्तर तक जारी रहेगा। वहीं, इस अभ्यास से तीनों देशों की शक्ति का नया त्रिकोण समुद्र में दिखाता नजर आ रहा है। कमांडर तहानी ने कहा कि इसकी मेजबानी कर पता चलता है कि इन देशों के साथ हमारे संबंध सार्थक बिंद पर पहुंच गए हैं।

## परेड की तैयारी...



नई दिल्ली में शनिवार को भारतीय वायु सेना के जवानों ने गणतंत्र दिवस से पहले की परेड की तैयारी।

## प्रदर्शनकारियों ने चीन के व्यवसायियों से हांगकांग छोड़ने की मांग की

**हांगकांग।** सप्ताहांत में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को एक शॉपिंग मॉल के नजदीक मार्च निकालते हुए ''हांगकांग छोड़ो'' के नारे लगाए और मांग की कि चीन के व्यवसायी यहां से चले जाएं। हांगकांग से लगती चीन की सीमा के पास श्योंग शुई में किया गया प्रदर्शन सरकार की आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने का दबाव बनाने के प्रयास का हिस्सा था। प्रस्तावित चीनी प्रत्यर्पण कानून के खिलाफ जून में शुरू हुए प्रदर्शन में अब अधिक लोकतंत्र और अन्य मांगें भी शामिल हो गई है। श्योंग शुई मॉल के पास करीब 100 प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, 'हांगकांग छोड़ो', और 'मुख्यभूमि लौट जाओ'। सादे कपड़े में पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को पकड़ा और उन्हें हथकड़ियां पहनाईं। एक अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों और संवाददाताओं पर मिर्च का स्प्रे किया। कुछ दुकानदारों की मॉल के पास पुलिस से झड़प भी हुई।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में लापता हुए छह लोगों के शव मिले



- हेलीकॉप्टर में सवार दो यात्री नाबालिग थे

**होनोलूलू।** अमेरिका के हवाई राज्य में जा रहे एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता हुए छह लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को किसी के भी जीवित बचने के संकेत नहीं मिले थे। तटरक्षक बल ने बताया कि कवई के ना पाली तट से छह यात्रियों और एक पायलट समेत रवाना हुए हेलीकॉप्टर के बृहस्पतिवार शाम लापता हो जाने की सूचना मिलने के बाद उसकी तलाश शुरू की गई। बल ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार दो यात्री नाबालिग थे। एजेंसी ने बताया कि कम दृश्यता, ढलानों, तेज प्रवाह और बारिश के चलते तलाश में मुश्किल आ रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर कंपनी सफारी हेलीकॉप्टर्स ने बृहस्पतिवार को शाम छह बजे तटरक्षक से संपर्क किया और बताया कि हेलीकॉप्टर को 30 मिनट पहले पहुंचना था लेकिन वह अब तक पहुंचा नहीं है। कवई पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, पायलट ने कहा था कि वह शाम करीब चार बजकर 40 मिनट पर वाइमिया कैनियन इलाके से दौरे के लिए रवाना हो रहा है। यह हेलीकॉप्टर से आखिरी संपर्क था। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के प्रवक्ता ईयान ग्रेगर ने एक ईमेल के जरिए बताया कि हेलीकॉप्टर में एक इलेक्ट्रॉनिक लोकेटर था लेकिन उससे कोई संकेत नहीं मिल पा रहे थे। लोकेटर उपकरणों को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि वह किसी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर सक्रिय हो जाते हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि भयंकर हादसे में संभव है कि यह उपकरण काम न करे।

## लाहौर उच्च न्यायालय ने मौत की सजा के खिलाफ मुशर्रफ की याचिका वापस की



इस्लामाबाद। लाहौर उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ के उस आवेदन को लौटा दिया है जिसमें उन्होंने देशद्रोह के मामले में एक विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को चुनौती दी थी। लाहौर उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय ने शीतकालीन अवकाश के चलते पूर्ण पीठ की उपलब्धता न होने का हवाला देते हुए याचिका को लौटा दिया।

वकील अजहर सिद्दीक के जरिए शुक्रवार को दायर इस याचिका में पाकिस्तान की संघीय सरकार और अन्य को प्रतिवादी बनाया गया था। इस 86 पन्नों की याचिका में मुशर्रफ ने खुद को सुनाई गई मौत की सजा को निरस्त कराने के लिए अदालत की पूर्ण पीठ के गठन की मांग की थी। विशेष अदालत ने देशद्रोह के मामले में 17 दिसंबर को मुशर्रफ को उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई थी। डॉन के अनुसार अदालत के रजिस्ट्रार ने याचिका को इस टिप्पणी के साथ वापस कर दिया कि शीतकालीन अवकाश की वजह से पूर्ण पीठ उपलब्ध नहीं है। लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय पीठ मुशर्रफ के मुख्य आवेदन पर नौ जनवरी को सुनवाई करेगी जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ देशद्रोह की शिकायत से लेकर अंत तक सभी कार्यवाहियों को चुनौती दी है। मुशर्रफ के वकील सिद्दीक ने बताया कि विशेष अदालत के निर्णय के खिलाफ याचिका को लौटाते हुए रजिस्ट्रार ने याचिकाकर्ता से जनवरी के पहले सप्ताह में संबंधित याचिका पुनः दायर करने को कहा है।

## अहमदाबाद-मुंबई के बीच चलेगी दूसरी तेजस ट्रेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- 17 जनवरी को हरी झंडी दिखाएगी जाएगी, व्यावसायिक परिचालन 19 से शुरू होगा

भारतीय रेलवे की पर्यटन एवं खानपान शाखा आईआरसीटीसी अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलने वाली अपनी दूसरी तेजस ट्रेन को 17 जनवरी को हरी झंडी दिखाएगी। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन का व्यावसायिक परिचालन 19 जनवरी से शुरू होगा।

तेजस ट्रेन दिल्ली-लखनऊ मार्ग पर पहले से ही परिचालन में है। आईआरसीटीसी पहली तेजस ट्रेन की तरह दूसरी ट्रेन के यात्रियों को भी विलंब की स्थिति में मुआवजा देगा। सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद-मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर सप्ताह में छह दिन चलेगी। गुरुवार को यह रखरखाव संबंधी कार्य की वजह से नहीं चलेगी। यात्रियों की राहत को ध्यान में रखते हुए ट्रेन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। ट्रेन के परिचालन में के एक घंटे से अधिक की देरी पर आईआरसीटीसी प्रत्येक यात्री को 100-100 रुपये का मुआवजा देगा और दो घंटे से अधिक की देरी पर 250-250 रुपये का मुआवजा देगा। इसके अतिरिक्त इस ट्रेन के सभी यात्रियों को आईआरसीटीसी 25 लाख रुपये का निःशुल्क रेल यात्रा मुआवजा देगा।

## तालिबान के हमले में दस अफगान सैनिक मारे गए

**कंधार।** दक्षिण हेलमंद प्रांत में शनिवार को एक सैन्य अड्डे पर तालिबान के हमले में दस अफगान सैनिक मारे गए। दक्षिण अफगानिस्तान के 215 माइवांड सेना कोर के प्रवक्ता नवाब जादरान ने 'एएफपी' से कहा कि अशांत सांगिन जिले में तालिबान ने सैन्य अड्डे तक एक सुरंग खोदी और फिर इसे विस्फोट कर उड़ा दिया। उन्होंने कहा, ''हमले के वक्त अड्डे पर 18 सैनिक मौजूद थे। चार सैनिक घायल हो गए और चार सैनिकों ने तालिबान हमलावरों को खदेड़ दिया।'' प्रांत के प्रवक्ता उमर जवाक ने हमले की पुष्टि की और कहा कि अड्डे के अंदर शक्तिशाली विस्फोट में सैनिक मारे गए। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने मीडिया को भेजे गए बयान में हमले की जिम्मेदारी ली। उत्तरी प्रांत बल्ख में एक सैन्य अड्डे पर तालिबान के हमले में मंगलवार को सात अफगान सैनिक मारे गए थे।



आगरा में शनिवार को दिखाई ताजमहल का दीदार करते पर्यटक।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109